राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ शमा सिकंदर ने एनिमल प्रिंटेड...



गृह मंत्री अमित शाह ने... ◀ 12

गाजियाबाद, मंगलवार 02 जुलाई 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 118, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## भारत ने विकसित किया दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक,चंद सेकंड में मचा देगा तबाही

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार नई उपब्धियां हासिल कर रहा है. इसके साथ ही भारत रक्षा उत्पादन में भी पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ता जा रहा है. इस बीच भारत ने एक ऐसा विस्फोटक पदार्थ तैयार किया है जो ट्राइनाइट्रोटॉल्विन से दोगुना ज्यादा घातक है. जिसे सेबेक्स 2 नाम दिया गया है. जिसे दुनिया के सबसे ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटकों में से एक माना जा रहा है.

इस विस्फोटक के इस्तेमाल से बमों, आर्टिलरी शेल्स और वारहेड्स की क्षमता में कई गुना बढ़ा देगा. यही नहीं इस नए विस्फोटक का वजन भी काफी कम है. सेबेक्स-2 के फॉम्युर्लेशन को भारतीय नौसेना ने सोमवार को टेस्टिंग के बाद सर्टिफाई भी कर दिया है। इस विस्फोटक की भारतीय नौसेना के डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के तहत टेस्टिंग की गई है. इस विस्फोटक के इस्तेमाल से वर्तमान हथियारों की क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी होगी. यही नहीं भारत द्वारा विकसित कि गए इस विस्फोट को दुनियाभर की सेनाएं इस्तेमाल करने के लिए आगे आएंगी. बता दें कि इस इस विस्फोटक को मेक इन इंडिया के तहत, इकॉनोमिक एक्सपलोसिव लिमिटेड ने विकसित किया है। बता दें कि किसी विस्फोटक की क्षमता या उसकी ताकत को टीएनटी से तुलना कर आंकी जाती है. टीएनटी का मतलब ट्राइनाइट्रोटॉल्विन है जो दुनिया का सबसे लोकप्रिय और ताकतवर विस्फोटक है. एक ग्राम टीएनटी के विस्फोट में निकलने वाली ऊर्जा लगभग 4000 जूल के बराबर होती है. एक मीट्रिक टन यानी एक हजार किलोग्राम टीएनटी के धमाके से जितनी ऊर्जा निकलती है उसे



टीएनटी समतुल्य यानी टीएनटी के बराबर माना जाता है. जो जितना टीएमटी समतुल्य होगा वह विस्फोटक उतना ही ज्यादा घातक होगा। बता दें कि भारत का तब तक का सबसे घातक विस्फोटक ब्रह्मोस मिसाइल के वारहेड में लगाया जाने वाला है. जिसकी टीएनटी 1.50 समतुल्य है. फिलहाल दुनिया के अधिकतर वारहेड्स की टीएनटी तुल्यता 1.25-1.30 के बीच होती है. सेबेक्स-2 की टीएनटी तुल्यता 2.01 है. जो अब तक का सबसे घातक गैर-परंपरागत विस्फोटक माना जा रहा है।

## मेरा भाई हिन्दुओं का अपमान नहीं कर सकता: प्रियंका गांधी



नई दिल्ली। लोकसभा में अपने भाई की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि राहुल गांधी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता आम तौर पर हिंदुओं के बारे में नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के बारे में बात कर रहे हैं। प्रियंका गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी के साथ संसद भवन से बाहर निकलते हुए कहा कि वह हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते। उन्होंने भाजपा के बारे में बात की, उन्होंने भाजपा नेताओं के बारे में बात की। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज लोकसभा में कहा कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं वे चौबीसों घंटे "हिंसा और नफरत" में लगे रहते हैं, जिसके बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सभी धर्म और हमारे सभी महापुरुष अहिंसा और निर्भयता की बात करते हैं, लेकिन जो खुद को हिंदू कहते हैं वे केवल हिंसा, नफरत और झूठ की बात करते हैं... आप हिंदू हैं नहीं। सत्ता पक्ष के शोर-शराबे के बाद गांधी ने कहा कि वह भाजपा के बारे में बोल रहे थे।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### दिल्ली में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी, अगले 2 दिन भारी बारिश की संभावना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में बारिश का क्रम शुरू हो गया है। यहां अलग-अलग इलाकों में अगले 7 दिन तक लगातार रुक-रुककर बारिश की संभावना जताई गई है। इस बीच भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली में 2-3 जून को भारी बारिश की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इससे पहले रविवार को दिल्ली में 9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी।बारिश के बाद से राष्ट्रीय राजधानी के तापमान में 4 से 5 डिग्री की गिरावट आई है।

दिल्ली में शुक्रवार को 24 घंटे में हुई 228.1



मिलीमीटर बारिश ने 88 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। बारिश 27 जून को सुबह 8:30 बजे से 28 जून सुबह 8:30 बजे के बीच दर्ज की गई थी।इस दौरान सबसे अधिक बारिश सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे हुई थी। इससे पहले 1936 में 28 जून को 235.5 मिलीमीटर बारिश हुई थी। आमतौर पर दिल्ली में जून के महीने में औसतन 80.6 मिलीमीटर ही बारिश होती है। आईएमडी के मुताबिक, मानसून अब उत्तर भारत के राज्यों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यहां मानसून पूर्व-बारिश शुरू हो गई है, अगले 2 से 3 दिन में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा।मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अगले 4 से 5 दिन में पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी।हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में 3 जुलाई तक भारी बारिश होगी।

### ग्लोबल इंडियाएआई समिट एआई के विकास और पहुंच को बढ़ाएगा : केंद्र

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि इस हफ्ते होने वाली ग्लोबल इंडियाएआई समिट का उद्देश्य साझेदारी, ज्ञान के आदान-प्रदान, नैतिकता के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजीज का समावेशी विकास करना है। आईटी मंत्रालय की ओर से बयान में कहा गया कि ये समिट 3 से 4 जुलाई के बीच देश की राजधानी दिल्ली में होगा। इसमें सदस्य देशों के एक्सपर्ट भाग लेंगे और ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) का नेतृत्व भारत करेगा।

ये प्लेटफॉर्म विज्ञान, इंडस्ट्री, सिविल सोसाइटी, सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और शैक्षणिक विभागों के एक्सपर्ट्स को एक मंच प्रदान करेगा। जहां वे एआई से जुड़े मुद्दों और चुनौतियों पर बातचीत करेंगे। आईटी मंत्रालय ने आगे कहा कि

INDIAai
A MEITY, NEGD & NASSCOM INITIATIVE

यह इवेंट सरकार की एआई को लेकर प्रतिबद्धता को दिखाता है। सरकार इसके जरिए सभी एआई पक्षकारों में साझेदारी और ज्ञान के आदान प्रदान को बढ़ावा दे रही है।

पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीपीएआई के नई दिल्ली डिक्लेरेशन को 28 देशों की ओर से अपनाया गया।

इस डिक्लेरेशन में फोकस नए अवसरों की पहचान करने और एआई के विकास, उपयोग और लागू होने से आने वाले जोखिमों को कम करना था।


जीपीएआई ने यह सुनिश्चित किया है कि एआई स्पष्टता और जवाबदेही के साथ करोड़ों लोगों के लिए एक तेज प्रवर्तक की भूमिका निभाए।

सरकार के मुताबिक, इंडियाएआई मिशन का उद्देश्य एक कॉम्प्रीहेन्सिव इकोसिस्टम तैयार करना है, जो कि कंप्यूटर तक पहुंच में लोकतंत्रीकरण, डेटा की गुणवत्ता को सुधार कर, स्वयं की एआई क्षमताएं विकसित कर, शीर्ष एआई टैलेंट, इंडस्ट्रीज के बीच साझेदारी, स्टार्टअप को रिस्क कैपिटल उपलब्ध कराने, समाज में बदलाव लाने वाले एआई प्रोजेक्ट के जरिए एआई इनोवेशन को बढ़ाना है।

आईटी मंत्रालय की ओर से कहा गया कि इस समिट का फोकस भारत के एआई इकोसिस्टम का जिम्मेदार और समावेशी विकास करना है।

## न्यू क्रिमिनल लॉ से कांग्रेस को आपत्ति,बताया जबरदस्ती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में 1 जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू किए गए हैं. इसको लेकर सियासी हलचलें तेज हो गई हैं. इस नए कानून को लेकर कांग्रेस ने विरोध जताया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन समेत अन्य नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह कानून जबरदस्त लागू किया गया है. उन्होंने कहा कि सांसदों को जानबूझकर निलंबित कर इस कानून को पास कराया गया है. उन्होंने कहा कि इस तरह के कानून को चलने नहीं देंगे. खड़गे ने कहा कि सांसदों की ओर से संसद में इस कानून को लेकर विरोध जताए जाने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था. इसके बाद सरकार ने इस कानून को पास करवा लिया।



देश में 1 जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू किए गए हैं. इसको लेकर सियासी हलचलें तेज हो गई हैं. इस नए कानून को लेकर कांग्रेस ने विरोध जताया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन समेत अन्य नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह कानून जबरदस्त लागू किया गया है. उन्होंने कहा कि सांसदों को जानबूझकर निलंबित कर इस कानून को पास कराया गया है. उन्होंने कहा कि इस तरह के कानून को चलने नहीं देंगे. खड़गे ने कहा कि सांसदों की ओर से संसद में इस कानून को लेकर विरोध जताए जाने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था. इसके बाद सरकार ने इस कानून को पास करवा लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर एतराज जताया है. उनका कहना है कि इन कानूनों को लागू करने से पहले आम सहमति नहीं बनी है. यही नहीं उन्होंने आरोप भी लगाया कि जब इन कानूनों को लेकर संसद में विरोध जताया है गया उन सांसदों को जानबूझकर निलंबित कर इसे पारित किया गया है. खरगे का कहना है कि कांग्रेस का इसका पूरजोर विरोध करती है और इसकी समीक्षा की मांग करती है.

वहीं कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने नए कानूनों को लागू किए जाने का विरोध जताया है.उन्होंने तुरंत इन कानूनों को रोकने की मांग की है. यही नहीं इसके साथ ही उन्होंने संसद में स्थगन प्रस्ताव नोटिस भी दिया है. उन्होंने कहा कि नए कानून देश वेलफेयर स्टेट से पुलिस स्टेट को बढ़ावा देंगे. इन कानूनों को लेकर संसद में एक बार फिर चर्चा होना चाहिए।

भारत में 1 जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं. इनमें भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय न्याय संहिता प्रमुख रूप से शामिल हैं. इन कानूनों के लागू होने के साथ ही देश में बीते 163 वर्ष से चल रहे आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट को खत्म कर दिया गया है. नए क्रिमिनल लॉ को लाने का मकसद राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद जैसे खतरनाक अपराधों में सजा को और ज्यादा सख्त बनाना है।

## सभी सांसद संविधान में दिए गए प्रारूप के अनुसार ही लें संसद सदस्यता की शपथ: लोकसभा स्पीकर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद सदस्यता की शपथ लेते समय कई नवनिर्वाचित सांसदों द्वारा नारेबाजी और अलग-अलग शब्दों का प्रयोग करने के कारण हाल के दिनों में कई बार विवाद खड़ा हो गया था। इन विवादों को खत्म करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में यह व्यवस्था दे दी है कि सभी सांसद संविधान में दिए गए प्रारूप के अनुसार ही संसद सदस्यता की शपथ लें।

उन्होंने भविष्य में शपथ के दौरान सांसदों द्वारा कोई अतिरिक्त शब्दों या नारों का उल्लेख नहीं करने की हिदायत देते हुए इस संबंध में सभी दलों के सांसदों को शामिल कर, एक संसदीय समिति का भी गठन करने की जानकारी दी।

ओम बिरला ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि सदस्यों के शपथ के लिए संविधान में प्रारूप दिया गया है और उसी प्रारूप के अनुसार ही शपथ ग्रहण करना सदस्यों का संवैधानिक दायित्व है। शपथ की अपनी एक शुचिता, मयार्दा और गरिमा है। अतिरिक्त शब्दों और वाक्यों के



उल्लेख से संविधान की गरिमा प्रभावित होती है। संसद सदस्य के रूप में हमारा दायित्व है कि हमारे आचरण से संविधान की गरिमा में कमी न हो। यह सदन के लिए चिंता का विषय है।

उन्होंने व्यवस्था दी कि सभी सदस्य संविधान में दिए गए प्रारूप के अनुसार ही शपथ लेंगे। भविष्य में शपथ लेने के दौरान किसी भी प्रकार के अतिरिक्त शब्दों का उल्लेख नहीं करने की हिदायत देते हुए उन्होंने पूरे सदन से संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

लोकसभा अध्यक्ष ने आगे बताया कि इस संबंध में सभी दलों के सांसदों को शामिल करते हुए संसदीय समिति का भी गठन किया जाएगा।

## पुणे पोर्शे हादसा : नाबालिग आरोपी की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी पुणे पुलिस,मंजूरी मिली

**पुणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के पुणे पोर्शे हादसा मामले में कार से कथित तौर पर 2 लोगों को टक्कर मारने वाले 17 वर्षीय नाबालिग आरोपी की रिहाई के खिलाफ पुणे पुलिस अब सुप्रीम कोर्ट जाएगी।



रिपोर्ट के मुताबिक, पुणे पुलिस ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ जाने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मंजूरी मांगी थी, जो उसे मिल गई है।बता दें कि नाबालिग आरोपी की रिहाई के बाद सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 25 जून को निर्देश दिया कि नाबालिग आरोपी को रिहा किया जाए। साथ ही कोर्ट ने कहा कि किशोर न्याय बोर्ड द्वारा उसे सुधार गृह भेजने का आदेश अवैध है।उन्होंने किशोरों से संबंधित कानून का पूरी तरह से पालन करने को कहा था। कोर्ट के आदेश के बाद नाबालिग आरोपी को सुधार गृह से निकालकर मौसी के सुपुर्द किया गया।कोर्ट ने आदेश आरोपी की चाची की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया था।

19 मई को पुणे के कल्याणी नगर में रात ढाई बजे पोर्शे कार चला रहे एक नाबालिग ने बाइक सवार महिला और पुरुष को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।मामले में नाबालिग आरोपी को कोर्ट ने सिर्फ निबंध लिखने की सजा के साथ 15 घंटे में जमानत दे दी, जिसका खूब विरोध हुआ। इसके बाद आरोपी की जमानत रद्द हुई। मामले में नाबालिग के माता-पिता और दादा समेत 11 लोग हिरासत में हैं।

## अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती दी, दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की शराब नीति मामले में कथित भ्रष्टाचार को लेकर जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की कार्रवाई को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है।केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की है।



साथ ही 26 जून के ट्रायल कोर्ट के आदेश को भी चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 3 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया था।मामले पर सुनवाई की तारीख अभी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, अवकाशकालीन न्यायाधीश अमिताभ रावत ने 26 जून को मुख्यमंत्री को 3 के लिए सीबीआई हिरासत में भेजा था। उन्होंने कहा था कि इस स्तर पर गिरफ्तारी को अवैध नहीं कहा जा सकता।इसके 3 दिन बाद 29 जून को अवकाशकालीन न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने केजरीवाल को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया क्योंकि सीबीआई ने आगे की रिमांड नहीं मांगी थी।केजरीवाल अभी तिहाड़ जेल में बंद हैं।

शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के तहत केजरीवाल पहले से जेल में बंद हैं। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। ईडी के मामले में केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से जमानत मिल चुकी थी, जिस पर है कोर्ट ने रोक लगा दी। बीच में उन्हें 21 दिन की जमानत मिली थी, लेकिन 26 जून को मंगलवार रात सीबीआई ने उनसे जेल में पूछताछ की और बाद में गिरफ्तार कर लिया।

**नए कानून** — गृह मंत्रालय के मुताबिक, तीन साल में किसी भी पीड़ित को न्याय मिल सकेगा

## लागू हुए तीन नए कानून, तीन साल के भीतर न्याय, मॉब लिंचिंग के लिए भी प्रावधान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम सोमवार से देश में लागू हो गए।

गृह मंत्रालय के मुताबिक, इस बदलाव से एक ऐसी प्रणाली स्थापित होगी जिससे तीन साल में किसी भी पीड़ित को न्याय मिल सकेगा। तीनों कानून संसद ने पिछले साल शीतकालीन सत्र में पारित किए थे। नए कानून देश में ब्रिटिश राज से चले आ रहे इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और एविडेंस एक्ट की जगह आए हैं।

नए कानून में बलात्कार के लिए धारा 375 और 376 की जगह धारा 63 होगी। सामूहिक बलात्कार की धारा 70 होगी। हत्या के लिए धारा 302 की जगह धारा 101 होगी। लोकसभा ने इन तीनों विधेयकों को 20 दिसंबर और राज्यसभा ने 21 दिसंबर को पारित किया था।

भारतीय न्याय संहिता, 2023 में 21 नए अपराधों को जोड़ा गया है। इसमें एक नया अपराध मॉब लिंचिंग का भी है। इसके अलावा 41 विभिन्न अपराधों में सजा बढ़ाई गई है, 82 अपराधों में जुमार्ना बढ़ा है, 25 अपराध ऐसे हैं जिनमें न्यूनतम सजा की शुरूआत की गई है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा को दंड के रूप में स्वीकार किया गया है और 19 धाराओं को निरस्त किया गया है।

इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम,



2023 के अंतर्गत 170 धाराएं होंगी। कुल 24 धाराओं में बदलाव किया है। नई धाराएं और उपाधाराए जोड़ी गई हैं। सरकार का मानना है कि नए कानून लागू होने से न्याय जल्दी मिलेगा और तय समय के अंदर चार्जशीट फाइल हो सकेगी। साक्ष्य जुटाने के लिए 900 फॉरेंसिक वैन देशभर के 850 पुलिस थानों के साथ जोड़ी जा रही हैं। गरीबों के लिए न्याय महंगा नहीं होगा। गृह मंत्रालय के मुताबिक नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में नौ नए सेक्शन और 39 नए सब सेक्शन जोड़े गए हैं। इसके अलावा 44 नई व्याख्याएं और स्पष्टीकरण जोड़े हैं और 14 धाराओं को निरस्त किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ये विधेयक संसद में रखे थे, जिन्हें ध्वनिमत से पारित किया गया। पिछले साल 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा था कि विधेयक का उद्देश्य दंड देना नहीं है, इसका उद्देश्य न्याय देना है। उन्होंने कहा था कि इन विधेयकों की आत्मा भारतीय है। व्यास, बृहस्पति, कात्यायन, चाणक्य, वात्स्यायन, देवनाथ ठाकुर, जयंत भट्ट, रघुनाथ शिरोमणि अनेक लोगों ने जो न्याय का सिद्धांत दिया है उसको इसमें उतारा गया है। सरकार का मानना है कि यह कानून स्वराज की और बड़ा कदम है। गृह मंत्री ने महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहा था कि गांधी जी ने शासन परिवर्तन की लड़ाई नहीं लड़ी, उन्होंने स्वराज की लड़ाई लड़ी थी। ये कानून लागू होने से तारीख पर तारीख का जमाना चला जाएगा। तीन साल में किसी भी पीड़ित को न्याय मिल जाए ऐसी न्याय प्रणाली इस देश के अंदर प्रतिस्थापित होगी।

उन्होंने कहा कि इस बिल में इतनी दूरदर्शिता रखी गई है कि आज मौजूद सारी तकनीक से लेकर आने वाले सौ वर्षों की तकनीक, सभी को सिर्फ नियमों में परिवर्तन करके समाहित किया जा सकेगा। इसमें राजद्रोह कानून के अंग्रेजी प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है। सरकार के खिलाफ कोई भी बोल सकता है, लेकिन देश के खिलाफ अब नहीं बोल सकते हैं। देश के खिलाफ बोलने या साजिश करने पर सजा का प्रावधान किया गया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## नया अपराधिक कानून लागू होने पर नए कानून की जानकारी से अवगत कराया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** आज 1 जुलाई से देशभर में नया अपराधिक कानून लागू होने पर साइबर क्राइम थाने पर नए कानून की जानकारी से अवगत कराया गया। साइबर क्राइम थाने पर उद्योग व्यापार मंडल नरेंद्र के पदाधिकारी को नए कानून के विषय में जानकारी देते थाना प्रभारी कार्यक्रम में कार्यक्रम में राजेंद्र अग्रवाल राजीव गुप्ता पीतांबर शर्मा अमित सिंगर अजय अग्रवाल नितिन जालान आदि लोग मौजूद रहे।



## जेपी विद्या मंदिर सिटी कैंपस की छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के अंतर्गत पांचवी राज्य स्तरीय महिला सब जूनियर ,जूनियर ,सीनियर व मास्टर्स योगासन खेल प्रतियोगिता दिनांक 27 जून से 29 जून 2024 तक श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा ,अमरोहा में आयोजित हुई।

जिसमें जेपी विद्या मंदिर सिटी कैंपस की 4 छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए 7 मेडल प्राप्त किये जिससे सब जूनियर अंडर 14 बालिका वर्ग आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में प्रज्ञा शर्मा एवं गौरांशी कौशिक ने 2 ब्रोंज मेडल प्राप्त किए साथ ही गौरांशी कौशिक ने आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में भी 1 ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। ट्रेडिशनल इवेंट में प्रज्ञा शर्मा ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। जूनियर अंडर-19 रिदमिक पेयर इवेंट में रौनक शिशोदिया एवं तनिष्का शर्मा ने प्रथम स्थान के साथ 2 गोल्ड मेडल प्राप्त किये। ट्रेडिशनल इवेंट में रौनक शिशोदिया प्रथम स्थान के साथ 1 गोल्ड मेडल एवं तनिष्का शर्मा ने तृतीय स्थान के साथ 1 ब्रोंज मेडल प्राप्त किया।

उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक एवं अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह ने बताया कि जो प्रतिभागी राज्य स्तर पर मेडल प्राप्त किये है एवं टॉप 5 स्थान तक आए हैं वह सभी आगामी खेलो इंडिया वूमेन लीग एवं राष्ट्रीय स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन बुलंदशहर के सचिव कपिल शर्मा एवं अध्यक्ष एवं योगासन कोच अंकित शास्त्री ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए बताया कि यह सभी छात्राएं पहले भी कई बार राज्य स्तरीय राष्ट्रीय स्तरीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड, सिल्वर, एवं ब्रोंज मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर चुकी हैं।



विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा जी ने सभी विजेता बालिकाओं एवं उनके कोच शास्त्री को बधाई देते हुए निरंतर कठिन ? परिश्रम करते हुए विद्यालय का नाम देश- विदेश में रोशन करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं विश्व योग गुरु बाबा रामदेव ने योग को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पूरे विश्व में लाने के साथ-साथ योगासन खेल को नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया आदि बड़े फॉर्मेट में लाने के साथ अब एशियन गेम में लाने की तैयारी की जा रही है ।

अभी हाल ही में इंडियन ओलंपिक संघ की अध्यक्ष श्रीमती पीटी उषा जी ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि योगासन को एशियन गेम्स में लाया जाएगा । विद्यालय मैनेजर डाक्टर केपी सिंह ने सभी विजेता बालिकाओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की चार छात्रों के द्वारा 7 मेडल प्राप्त करते हुए इस विशेष उपलब्धि के लिए विद्यालय के समस्त अध्यापक , कर्मचारियों एवं छात्रों में खुशी का माहौल है।

## वन महोत्सव के अवसर पर संविलियन विद्यालय मलकपुर के इंचार्ज अध्यापक व नोडल शिक्षक भीष्म सिंह ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अनूपशहर।** विकास क्षेत्र की न्याय पंचायत के संविलियन विद्यालय मलकपुर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता इंचार्ज अध्यापक भीष्म सिंह ने तथा संचालन इंचार्ज अध्यापक जयरामपुर विपिन कुमार ने किया। पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त रूप से खंड शिक्षा अधिकारी अनूपशहर दीपक कुमार व मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ज्ञानेंद्र सिंह राघव रहे। पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार, मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव व कार्यक्रम संयोजक भीष्म सिंह, इंचार्ज अध्यापक विपिन कुमार ने पर्यावरण संतुलन की चर्चा करते हुए पूर्व में आई



वैश्विक महामारी कोरोना का जिक्र करते हुए, वर्तमान के भौतिकता की चकाचौंध में लोगों द्वारा पेड़ों की अधिक कटाई करने, पौधे न लगाए जाने, तथा शासन व सामाजिक लोगों द्वारा पौधे लगवाकर उनकी वृक्ष बनने तक परवरिश की जिम्मेदारी की भूमिका तय न करने का जिक्र करते हुए, अपनी आगे आने वाली पीढ़ी को गर्मी, वर्षा, अधिक ठंड व ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए प्रत्येक लोगों को पौधा लगाने के साथ-साथ उसे अपने बच्चों की तरह से परवरिश कर वृक्ष बनने तक देखभाल करते हुए प्रकृति संतुलन व ऑक्सीजन प्राप्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक रोशन लाल, अनुदेशक श्रीनिवास एवं अंशु भाटी, नवनीत वर्मा, सहायक अध्यापिका श्वेता, शिक्षामित्र कमलेश, शिक्षामित्र अनीता, एएनएम मीना शर्मा, मालती देवी सहित कई शिक्षक,आंगनबाड़ी व सहायिका उपस्थिति रही।

## केक काटकर मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस, अस्पताल सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू ।** सोमवार को पहासू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। चिकित्सकों ने एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी जाहिर की। उसी दौरान अधीक्षक डा. मनोज कुमार ने अस्पताल में नवजात शिशु के लिए कपड़े सहित प्रसूति महिला के लिए पोषण की टोकरी दी। पहासू के खुर्जा रोड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में सोमवार दोपहर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, वरिष्ठ चिकित्सक डा. केडी राहुल ने संयुक्त रूप से चिकित्सकों के साथ केक काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. मनोज कुमार ने कहा कि इस समय चिकित्सा ही एक ऐसा व्यवसाय है, जिस पर लोग विश्वास करते हैं। इसे बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी चिकित्सकों पर है। 'चिकित्सा दिवस' स्वयं चिकित्सकों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि यह उन्हें अपने चिकित्सकीय प्रशिक्षण को पुनर्जीवित करने का अवसर प्रदान करता है। सारे



चिकित्सक जब अपने चिकित्सकीय जीवन की शुरूआत करते हैं तो उनके मन में नैतिकता और जरूरतमंदों की मदद का जज्बा होता है। इसके बाद भी कुछ लोग इस विचार से पथ भ्रमित होकर अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। 'चिकित्सक दिवस' के दिन डॉक्टरों को यह मौका मिलता है कि वे अपने अंतर्मन में झांके, अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझें और चिकित्सा को पैसा कमाने का पेशा न बनाकर, मानवीय सेवा का पेशा बनाएं तभी हमारा यह 'चिकित्सा दिवस' मनाना सही और सार्थक सिद्ध होगा। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों के साथ मिलकर अस्पताल में नवजात शिशु के लिए कपड़े व गर्भवती महिला के लिए फल की टोकरी दी। कार्यक्रम के दौरान स्टाफ ने चिकित्सकों को पुष्प पर उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डा. वीर प्रताप, डा. नवीन कुमार शर्मा, डा. अनिता द्विवेदी, चीफ फार्मासिस्ट डा. अनिल कुमार तिवारी, प्रवीण कुमार, स्टाफ नर्स सिमरन, बीना, अनिल कुमार, सर्वेंद्र शर्मा, मेघना आदि मौजूद रहे।

## महंगाई: आम आदमी की पहुंच से दूर हुई हरी सब्जियां, सब्जियों के दामों में महंगाई का तड़का

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर (अशोक पाठक)।** बारिश और गर्मी के कारण सब्जियों के दाम में तेजी आ गई है। भीषण गर्मी से ने केवल जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है बल्कि खान की थाली पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। क्षेत्र में बिक रही

**टमाटर, आलू और हरी मिर्च के बढ़ते दामों ने छीन लिया खाने का स्वाद, गरीब लोगों ने सब्जियों से बनाई दूरी, ग्रहिणिया परेशान**

सब्जियों के दामों में एक साथ बढ़ोतरी हुई है। जिससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। कारण वंश ग्रहणियों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है। सब्जियों के दामों में आई तेजी से लोगों हैरान है। सब्जियों के दामों में महंगाई का तड़का लग गया है बाजारों में आज सब्जी खरीद पाना मुश्किल हो चला है। सब्जी के बेलगाम बढ़ते भाव से साफ हो रहा है आम आदमी की थाली से कटोरी भर सब्जी दूर हो जाएगी।

क्षेत्र के खुर्जा बस अड्डा, पहासू रोड, बीच वाली सब्जी मंडी, पेठ चौराहा, जहांगीराबाद चुंगी सहित विभिन्न स्थानों पर फुटकर में सब्जी बिकती है। यहां खरीदारी करने पहुंच रही ग्रहणीयो को सब्जी के कामों को सुनते ही बजट डगमगाने की चिंता सताने लगी है। आलम यह है कि अधिकांश सब्जियों में प्रयोग होने वाले आलू और टमाटर के दाम अत्यधिक हो गए हैं।



**क्या कहते हैं सब्जी विक्रेता**

सब्जी विक्रेता सुखपाल सैनी, सचिन सैनी, दुर्गा सैनी, नारद जी योगेश आदि का कहना है कि इस समय लोकल सब्जी कम हो गई है। ऐसे समय में ज्यादातर बाहर से माल आता है। जिससे लागत बढ़ जाती है। पिछले दिनों से भीषण गर्मी के कारण पेड़ पौधे भी झुलस रहे हैं। इस कारण ज्यादातर सब्जियों के दाम बढ़े और पैदावार कम हो गई। इससे सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। जिससे पुकार में कोई भी सब्जी 40 नीचे नहीं है ।उधर किसान कमीशन सैनी राजेश कुमार सैनी गोपाल किशन सैनी का कहना है कि बाजारों में बढे की सब्जियों के दाम आसमान छू रहे इसका लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। फुटकर विक्रेता दुगना लाभ उठा रहे हैं किसान अभी भी नुकसान मै ही है।

**ग्रहिणिया बोली**

बढते सब्जियों के दामों से रसोई का बजट बिगड़ गया है। जिससे रसोई का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।

**सोनी पाठक ग्रहणी, निवासी मोहल्ला बीच वाली सब्जी मंडी शिकारपुर**

रसोई का खर्च बढ़ने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आलू टमाटर पर तेजी से दम बढे हैं। रितु शर्मा, निवासी मूर्ति विहार शिकारपुर।

**सब्जियों के दामों पर एक नजर (प्रति किलो रुपए के हिसाब से)**

आलू 30 किलो, लौकी 40 किलो, गोभी 60 किलो, मिर्च 80 किलो, अदरक 240 किलो, टॉयलेट 40 किलो, करेला 40 किलो, भिंडी 40 किलो, प्याज 50 किलो।

## देश से प्रेम और वफादरी ईमान का हिस्सा: रिहान साबरी

## अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर किये पौधेरोपण, विचार गोष्ठी में वीर अब्दुल हमीद को दी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंद्राबाद।** ग्राम मौहम्मदपुर कलाँ में स्थित मघानंद पब्लिक स्कूल में भारत देश के महान वीर परमवीर चक्र से सम्मानित भारत पाकिस्तान 1965 के युद्ध में पाकिस्तान के 8 टेंको को नष्ट करके अपने जीवन का बलिदान देने वाले ऐसे महान वीर वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर स्कूल के प्रिंसिपल अजय मुदगल की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण करने के बाद बच्चों में बिस्किट टॉफी वितरण की गई । वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अजय मुदगल जी ने कहा की हमें और समाज को वीर अब्दुल हमीद की शहादत को दिल से सलाम करना चाहिए। जिन्होंने अपने देश भारत के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। देश सदा उनकी कुबार्नी को याद रखेगा। मुख्य वक्ता रिहान साबरी ने कहा कि देश से मुहब्बत रखना ईमान का हिस्सा है। वीर अब्दुल हमीद की शहादत से देश के मुस्लिम समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश के लिए सदैव हर समय सेवा समर्पण का भाव रखते हुए सदैव तत्पर रहना चाहिए । जब भी समय आए अपने देश की खिदमत सेवा करते रहना चाहिए। वीर अब्दुल हमीद की शहादत ने उनकी कर्मभूमि गाजीपुर जिले के धर्मपुर गांव में ही नहीं बल्कि पूरे देश में अमर कर दिया है। उनकी शहादत के गौरव को देश कभी नहीं भूल सकता। वीर अब्दुल हमीद ,एपीजे अब्दुल कलाम, अशफाक उल्ला खान, जनरल शाहनवाज हुसैन खान बहादुर शाह जफर, मौलाना अबुल कलाम आजाद, मौलाना मौहम्मद अली जौहर,मौलाना हसरत मोहानी, ब्रिगेडियर उस्मान अली, मौलाना शोकत अली, अल्लामा किफायत अली, असीरे मालटा मौलाना मदनी जैसे लोग मुसलमानों के पूर्वज हैं। मुसलमान इन्हें अपना आदर्श, रहबर और पेशवा मानते हैं और इन्हीं से प्रेरणा लेकर देश और समाज की सेवा करना चाहते हैं । यही सच्चे भारतीय मुसलमान हैं जिन्होंने देश को सर्वोपरि मानते हुए सब कुछ अपना बलिदान कर दिया। इन्हीं मुस्लिम महापुरुषों के रास्ते पर चलकर शिक्षा उन्नति तरक्की के मार्ग प्रशस्त होते हैं। देश तभी तरक्की करेगा जब देश का हर वर्ग हर समाज तरक्की करेगा। मकतब मुआज बिन जबल के प्रबंधक कारी जाहिद कासिम साहब ने कहा हमें अपने जीवन में अपने देश के महापुरुषों का सम्मान करना चाहिए वीर अब्दुल हमीद जैसे लोग हमारे देश भारत की शान हैं और यह मौसम में हमें इस वक्त अपने देश की प्रकृति में मंदिर मस्जिद मदरसे गुरुद्वारा स्कूल कॉलेज पार्क में शजरकारी पौधारोपण करके वृक्षारोपण करके अपने देश की वातावरण को शुद्ध करने का काम करें यह बहुत बड़ा और अच्छा काम है। इस अवसर पर मौहम्मदपुर कलाँ के पूर्व प्रधान शाह जफर खान, नदीम भाई ,बबलू जी एवं समस्त स्कूल के छात्र-छात्राएं स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा। सभी अतिथियों ने स्कूल के प्रबंधक श्री अजब मुदगल जी को सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद किया।





## साथी की पिटाई की आरोपी के खिलाफ कारवाही नही होने पर होमगार्डों ने किया पहासू थाने का घेराव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** पहासू थाना क्षेत्र के गांव भैयापुर में ड्यूटी पर का रहे होमगार्ड की पिटाई के तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई करवाई नहीं होने पर बिफरे होमगार्डों ने सोमवार सुबह पहासू थाने का घेराव कर पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। दर्जनों होमगाड्र्स थाने पर एकत्र हुए और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पूर्व छतारी थाने में तैनात होमगार्ड वनित कुमार को ड्यूटी पर जाते हुए रास्ता रोककर तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था।होमगार्डों का आरोप है कि आरोपी अभी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं तथा समझौते के लिए दबाव डाल रहे हैं। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कारवाही नहीं होने पर आत्मदाह की धमकी दी है।



## चेयरपर्सन ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हरी झंडी दिखाकर की शुरूआत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** शासन के निदेर्शानुसार दिनांक 01 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत सोमवार को चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद शिकारपुर श्रीमती राजबाला देवी द्वारा हरी झंडी दिखाकर वार्ड संख्या एक मोहल्ला चौक द्वितीय से कराई गई जिसमें उक्त वार्ड की समस्त गलियां व नाले / नालियों की पूर्ण रूप से सफाई कराई गई एवं नाली/नालो के नजदीक उगी घास को पूर्ण रूप से साफ करवाया गयो इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी महोदया सुश्री नीतू सिंह द्वारा बताया की माइक्रो प्लान के अनुसार नगर में संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगो नगर में साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सफाई मित्र निरंतर अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं । आप भी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। इस अभियान में सफाई प्रभारी रितिक शर्मा, सफाई नायक व सफाई मित्र उपस्थित रहे।



**उत्साह** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय आए बच्चों का रोली चंदन का टीका लगाकर फूल बरसाकर ढोल बजाकर स्वागत किया

## पहले दिन स्कूलों में छात्र संख्या काफी कम रही, बच्चों के बाद शिक्षण कार्य भी हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद सोमवार से जिले के स्कूल खुल गए हैं। पहले दिन स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत किया गया । उन्हें तिलक लगाया गया । विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे । शिक्षकों ने उनका अभिवादन किया । शिक्षा के प्रति उन्हें प्रेरित भी किया ।बेसिक से लेकर माध्यमिक व यूपी बोर्ड के स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है। पहले दिन स्कूलों में छात्र संख्या काफी कम रही

सोमवार को शहीद मेजर ललित प्रकाश उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्सौन ब्लॉक शिकारपुर में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय आए बच्चों का रोली चंदन का टीका लगाकर फूल बरसाकर ढोल बजाकर स्वागत किया इस अवसर पर जिला अग्नि शमन अधिकारी प्रमोद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप आए और





बच्चों को मिठाई बांटकर,ओर फूल बरसाकर स्वागत किया,बच्चों के साथ प्रार्थना सभा में भाग लिया,इस अवसर पर सीएफओ प्रमोद शर्मा ने बताया कि हम भी आपकी ही तरह सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण की है यहां पर सभी अध्यापक योग्य एवं कंपटीशन पास करके अध्यापक बनते हैं आने वाले समय में इन्हीं स्कूलों का समय होगा,सभी स्कूलों को हाइटेक बनाया जा रहा है।

सभी जगह स्मार्ट क्लास,कंप्यूटर शिक्षा प्रारंभ कर दी है इसलिए पंजीकृत सभी बच्चे रोज स्कूल आए और लगातार शिक्षा ग्रहण करें इस अवसर पर विद्यालय को फूलों की झंडिया,गुब्बारे लगाकर सजाया गया, कलई का छिड़काव किया गया।विद्यालय का समस्त स्टाफ वेद प्रकाश गौतम इंचार्ज प्रधानाध्यापक डॉक्टर मन मोहन रोहिल्ला रजनी रानी प्रतिभा शर्मा संतोष कुमार ,सादिया गाजी, मीनाक्षी गोयल ,महादेवी लक्ष्मी, आदि ने सहयोग किया।

## नए आपराधिक कानून को लेकर महिला थाना पर दी गयी जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी )।** नये आपराधिक कानून को लेकर महिला थाना स्तर पर बैठक कर लोगों को किया जा रहा जागरूक।भारतीय दंड संहिता के भारतीय न्याय संहिता में तरमीम होने पर गणमान्य लोगों को दी जा रही धाराओं की जानकारी।भारतीय न्याय संहिता की कुल 357 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की 170 धाराओं के बारे में साझा की गई जानकारी बैठक में थाना प्रभारी रजनी वर्मा द्वारा महिलाओं एवं बच्चो से सम्बन्धित प्रमुख प्रावधानों के सम्बन्ध में भी किया गया जागरुक। एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर महिला थाना में थाना प्रभारी रजनी वर्मा ने की बैठक कल रात 12 बजे से देशभर में लागू हुआ है BNSS, 51 साल पुराने CRPC की जगह लागू हुआ BNSS।

# भाकियू (अंबावता) के कार्यकर्ताओ ने चौ0 शौकत अली चेची राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नॉएडा।** भाकियू (अंबावता) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रिशिपाल अंबावता जी के आदेश अनुसार संगठन के कार्यकर्ताओ ने चौ0 शौकत अली चेची राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में डीएम कार्यालय सूरजपुर पहुंच कर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम मांग पत्र एसडीएम वेद प्रकाश पांडे को दिया ।

आपको ज्ञात होगा 28/ 6/.2024 रात्रि के समय ग्राम खोदना कला थाना सूरजपुर के अंतर्गत आता है सगीर खान नामक व्यक्ति के निर्माणधीन मकान प्राकृतिक आपदा भारी बारिश के कारण गिरने से मलवे के नीचे दबकर 8 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनमें से तीन बच्चों की बचाव कार्य के समय ही मौत हो गई थी गंभीर रूप से घायल पांच बच्चों का इलाज शारदा हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में चल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी जी से भाकियू (अंबावता) ने अपील की है कि पीड़ित परिवार जनों को कम से कम 15 लाख रुपए आर्थिक सहायता धन राशि दी जाए तथा सभी घायल बच्चों के इलाज का खर्च उत्तर प्रदेश सरकार उठाए। चौ0 शौकत अली चेची ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ जी भाकियू (अंबावता) संगठन की मांगो का संज्ञान लेकर उत्तर प्रदेश सरकार काबिले तारीफ संदेश देगी हृदय विदारक दर्दनाक घटना वाला परिवार निहात गरीब है पीड़ित परिजनों की जरुर मदद करेगी और पीड़ित परिवार जन शासन प्रशासन का हमेशा एहसानमंद रहेगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ० अनीश राणा, समीर चेची, गुड्डू चेची, बलवीर सिंह, सतपाल नागर, चांद मोहम्मद, वीरेंद्र सिंह, सोनू सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# किसी भी कानून के लागू होने से पहले नियम व कायदे लागू होने चाहिए : एडवोकेट रईस अहमद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में एक जुलाई 2024 से तीन नये आपराधिक(फौजदारी) कानून लागू कर दिए गए। जिसके बाद पहली एफआईआर दिल्ली के कमला मार्किट थाने में दर्ज की गई। जोकि नए-नवेले कानून बीएनएसएस की धारा 173 व बीएनएस

## भारत में 3 नए फौजदारी कानून लागू, पहला मुकदमा रेहड़ी वाले पर दर्ज

की धारा 258 के तहत एक पुलिस अधिकारी की शिकायत के आधार पर एक रेहड़ी-पटरी वाले पर दर्ज की गई है। गौरतलब है कि इन तीनों आपराधिक अधिनियमों को, भारतीय न्याय सहिंता (बीएनएस) जिसे इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) 1860 के स्थान पर, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता (बीएनएसएस) कोड ऑफ क्रिमिनल प्रॉसीजर (सीआरपीसी)1973 के स्थान पर और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, इंडियन एविडेंस एक्ट 1872, के स्थान पर लागू किय गए हैं। काबिले गौर बात ये है कि इन तीनों फौजदारी कानूनों के बनने, पार्लियामेंट में पास होने से लेकर लागू होने तक देशभर में काफी गंभीर चचाओं का बाजार गर्म रहा। जोकि अब भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां सरकार पर ये भी आरोप हैं कि विपक्ष के सांसदों को सदन से बाहर करके ये कानून मनमाने ढंग से संसद से पास कराये गए हैं।

जहां कुछ न्याय के जानकार इसे जल्दबाजी और बिना तैयारी के लिए गए फैसले के तौर पर मान रहे हैं तो वहीं सत्ता पक्ष के इन फैसलों से मुतमईन जानकर इनका स्वागत कर रहे हैं। अधिकतर मानवाधिकार कार्यकर्ता व संगठन इन कानूनों को प्रताड़ित करने वाले, तथा पुलिस के जुल्म को बढ़ावा देने वाले बता रहे हैं। और कह रहे हैं कि, होना तो ये चाहिए था कि समाज मे नफरतों का कारोबार करने वाले मीडिया पर लगाम लगाने वाले कानून पास किये जाते। देश



का पैसा लूटकर फरार हुए लोगों को वापस लाकर सजा दिलाने की राह में सरकार कोई सख़्त कानून लाकर देश का पैसा वापस लाने का काम करती, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसी के मद्देनजर दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य व दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट रईस अहमद बताते हैं कि अब इन कानूनों के अंतर्गत जीरो एफआईआर, पुलिस में ऑनलाइन शिकायत जैसी खूबियों को शामिल किया गया है, वहीं समन की तामील एसएमएस(रटर) से करना भी मान्य कर दिया गया है। जबकि देश की आधी आबादी अभी भी इन सहूलियतों या टेक्निकल चीजों से कोसो दूर हैं। ऐसे में उन पिछड़े तबकों को न्याय देना कहीं मुश्किल न हो जाये।

वह आगे कहते हैं कि जहां लिंचिंग(भीड़ द्वारा हत्या) के लिए इन कानूनों में सजा का प्रावधान किया गया वहीं पुलिस को ऐसी शक्तियां दी गई हैं जिनसे वह किसी भी आम नागरिक को आतंकवाद के आरोप लगाकर कार्यवाही कर सकती है। दिलचस्प बात ये है कि जहाँ सुप्रीम कोर्ट ने किसी आरोपी(मुल्ज़िम) को हथकड़ी लगाने के लिये अपने आदेश से मनाही की हुई थी वहां अब नए कानून बीएनएसएस की धारा 43(3) में पुलिस एक आरोपी को भी हथकड़ी पहना सकती है। साथ ही पुलिस हिरासत और डिटेंशन (नजरबंदी) के संबंध में भी बदलाव किए गए हैं। अब 30 या 60 दिनों की अवधि के अंदर आरोपी की पुलिस हिरासत फिर से प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि यह इस बात पर निर्भर करता है कि मामला किस तरह का है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि जब आप एक आरोपी को पकड़ते हैं और उसे दूसरे आरोपी के साथ जिरह करनी होती है, तो वे उपलब्ध नहीं होते क्योंकि आपको पुलिस हिरासत नहीं मिलती। इस बदलाव के साथ, फिर से उनकी पुलिस हिरासत प्राप्त कर सकते हैं। भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं, बच्चों से जुड़े अपराधों में पहले से ज्यादा सख़्त सजा का प्रवधान है। इतना ही नहीं कई अपराधों के लिए अलग से भी कानून बनाया गया है। अहमद बताते हैं कि ऐसा लगता है कि पुराने कानूनों को ही नए लिबास में पेश कर दिया गया है, इसीलिए विपक्ष भी इसे कट-कॉपी-पेस्ट बताकर सरकार पर आरोप लगा रहा हैं। उन्होंने बताया कि इसमें दूसरा अहम पहलू यह है कि हमने आज जब हिंदी भाषी कुछ अपने साथी एडवोकेटस से बात की तो मालूम चला कि हिंदी भाषी राज्यों में पूरी तरह इन कानूनों की जानकारी के लिए ट्रेनिंग वगेरा भी संसाधनों की कमी के चलते पूरी नहीं हुई है, तो अन्य राज्यों जैसे तेलगु, तमिल मलयालम, बांग्ला पंजाबी भाषी, या पूर्वोत्तर के राज्यों में कितनी परेशानी होगी? इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। जिसके चलते तमिलनाडु व बंगाल के मुख्यमंत्री के साथ कई विपक्षी और अधिवक्ता बार एसोसिएशन भी इसके लागू करने का विरोध कर चुकी हैं। लिहाजा सरकार को पहले नियम व कायदे (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसेस) समस्त राज्यों को उनकी भाषा के मुताबिक ट्रेनिंग देकर लागू करने चाहिए थे। फिर इन कानूनों को लागू किया गया होता तो शायद इतना विरोध न झेलना पड़ता।

# सोसाइटियों द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेएम फ्लोरेंस के निवासियों ने बढ़-चढ़ की योगदान किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** सोसाइटियों द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से जेएम फ्लोरेंस के निवासियों ने बढ़-चढ़ की योगदान किया।

यह वृक्षारोपण टेकजोन4 की सोसाइटियों की मुख्य सड़क के ग्रीन एरिया में किया गया।

जेएम फ्लोरेंस के निवासियों द्वारा लगभग 100 पेड़ लगाकर हर पेड़ को न सूखने देने की जिम्मेदारी ली और उन्हें बड़े होने तक रख देखरेख के लिए सभी संकल्पित हुए। साथ ही यह भी संकल्प लिया



कि हमें अपने भारतवर्ष को हमेशा हरा भरा रखना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सोसाइटी के नारायण गुप्ता, रोहित श्रीवास्तव ,प्रवीण श्रीवास्तव, अमित सिंह, अचल, प्रभाकर, नीलू, पम्मी, निलुशा, अभिषेक, हर्ष, पंकज, विकास, श्रावण एवम अन्य मौजुद रहे और सभी ने बढ़ चढ़कर वृक्षारोपण में भाग लिया।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में ग्रीष्म अवकाश समाप्त होने के उपरांत स्कूल आने वाले बच्चों का किया गया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** ग्रीष्म अवकाश समाप्त होने के उपरांत बच्चों के स्कूल लौटने पर नगर के प्राथमिक विद्यालय में किया गया बच्चों का स्वागत! इस प्रवेश उत्सव का शुभारंभ इस कार्यक्रम की



अध्यक्ष डॉक्टर रंजीता राणा ने किया । प्रवेश लेने वाले बच्चों के मस्तक पर टीका लगा व फूल माला फैला कर उनका स्वागत किया एवं कुछ बच्चों को बिस्किट एवं चॉकलेट भी वितरित किए गए! मंच का संचालन अध्यापिका टीना कक्कड़ ने किया। वंदना व वत्सला मैडम द्वारा रंगोली बनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता यादव के अतिरिक्त विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थिति रही।

# सपा नोएडा महानगर ने बड़ी धूमधाम से मनाया सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** सपा महानगर ने महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52 वा जन्मदिन सेक्टर 66 में जरूरतमंद बच्चों के बीच कॉपी किताब फल मिठाई का वितरण कर व केक काटकर बड़े धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता व पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी ने सैकड़ो समाजवादियों के साथ वृक्षारोपण किया आज नोएडा महानगर में सैकड़ो पौधे समाजवादी साथियों के द्वारा लगाया गया महानगर



अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने अखिलेश यादव जी की उत्तम स्वास्थ्य की कामना की, पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी ने उनका जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु जीवन की कामना कीआज के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में महासचिव विकास यादव, जय करण चौधरी,मोहम्मद नौशाद,भीष्म यादव, बबली शर्मा बबलू चौहान,गौरव कुमार यादव, टीटू यादव, मनोज गोयल, महकर सिंह तंवर, योगेश भाटी,गौरव सिंघल, वीर पाल प्रधान, ऋषिपाल गुज्जर,रामवीर यादव, तनवीर आलम, अनिल पंडित, अजब सिंह यादव,कमल गौतम, राम सहेली, उदय सिंह जाटव, केपी यादव, सोनू त्यागी, शेखर यादव,नितिन, राणा मुखर्जी, रोहित यादव, रविन्द्र यादव,नितिन पर्चा, अरविंद चौहान, बाबू लाल बंसल, लोकेश, सौरभ चौहान,गुलजार अल्वी, साहिल चौधरी।

# नये कानून संशोधन एवं आने वाले पर्व मोहर्रम एवं कावड़ यात्रा को लेकर किया गया बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** देश के कानूनो में कुछ संशोधन किए गए हैं कुछ धाराओं को हटाया गया है और कुछ धाराओं को बढ़ाया गया है । इसी को लेकर आज नगर कोतवाली में उच्च अधिकारियों द्वारा इस विषय में नगर के नागरिकों के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया गया इसी के साथ-साथ आने वाले दिनों में मोहर्रम के जुलूस और कावड़ यात्रा पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर एसपी सिटी शंकर प्रसाद, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दिव्या मिश्रा, सीओ पूर्णिमा सिंह आदि ने नए कानूनो के विषय में नागरिकों को जानकारी दी, इसी के साथ-साथ उन्होंने आने वाले पर्व मोहर्रम और कावड़ यात्रा को लेकर भी जरूरी निर्देश दिए और अपील की कि इन दोनों पर्वों को प्रेम भाईचारा एवं सौहार्द के साथ मनाएं! जो





अखाड़े जहां से निकलते हैं वहीं से निकले कोई भी नया रिवाज न बनाया जाए ।

इसी के साथ-साथ कावड़ यात्राओं के लिए भी बिजली पानी एवं अन्य सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए ! कावड़ शिविर रोड से हटकर लगाए जाएं कावड़ यात्रा के दौरान मीट मांस मछली आदि की दुकान बंद रखी जाएं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया, अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान ,कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह, इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर नीरज त्यागी, नरेश यादव, सभासद उस्मान उर्फ मल्लन, पूर्व सभासद अकरम मुकदम, निक्कू प्रधान, राजकुमार वर्मा, अमरीश गोयल ,सैयद जकी, शब्बन सुलतानी, असलम मालिक, सभासद डिग्गू गोयल, फरमान कुरेशी,आदि नगर के नागरिक उपस्थित रहे ।

# मंगल पांडे नगर का बाल एवम तरुण विद्यार्थी शिविर इंस्पायर इंटर नेशनल स्कूल ग्रेटर नोएडा वेस्ट सम्पन्न हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** मंगल पांडे नगर का बाल एवम तरुण विद्यार्थी शिविर इंस्पायर इंटर नेशनल स्कूल ग्रेटर नोएडा वेस्ट सम्पन्न हुआ जिसमें अनेक खेल कूद कार्यक्रम प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, आत्मरक्षा के तरीके, शिवाजी महाराज का जीवन परिचय, संगठित समाज राष्ट्र की ताकत, अनुशासन का महत्व, माता पिता



गुरुजनों की आज्ञा पालन का महत्व इत्यादि बच्चो को समझाया गया।

वही बच्चों के मनोरंजन के लिए लंका कांड से रावण का कुछ अभिनय अभिनेता विशेष जी द्वारा किया गया। विभाग प्रचारक श्रीमान प्रवीर ने बच्चो का मार्गदर्शन किया। आशीर्वचन विभाग संचालक माननीय सुशील का प्राप्त हुआ। माननीय नगर संचालक दुर्गेश , जिला कार्यवाह श्रीमान राजकुमार के मार्ग दर्शन में, नगर कार्यवाह रामेंद्र , विधार्थी प्रमुख रिशांत और अन्य नगर टोली शाखा टोली के सहयोग से आज कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सपा कार्यकर्ताओ ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन सूरजपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर धूमधाम एवं हर्सोल्लास के साथ मनाया। जन्मदिन की खुशी में सपा कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के नेतृत्व में केक काटा तथा फल और मिष्ठान का वितरण किया। इस मौके पर सभी कार्यकर्त्ताओ ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सपा कार्यकर्ताओ ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर श्याम सिंह भाटी एडवोकेट ने कहा कि मृदु स्वभाव के धनी अखिलेश यादव देश के लोकप्रिय जमीनी नेता है। उनकी कार्यशैली से सभी लोग प्रभावित है। उनके कुशल नेतृत्व के कारण आज समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए उत्तर प्रदेश के विकास को गति मिली थी और प्रदेश ने विकास के मामले में नए आयाम स्थापित किये थे। उन्होंने समाजवादी पेंशन, कन्या विद्याधन, लैपटॉप वितरण, मुफ्त दवाई, मुफ्त सिंचाई, कामधेनु योजना, लोहिया आवास, कृषक दुर्घटना



बीमा, डायल 100 आदि जनहित की अनेक योजना चलाई थी, जिसका लाभ सभी वर्गों के लोगों बिना किसी भेदभाव के मिला था। हम सभी कार्यकताओं को उनके जन्मदिन पर उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिये। इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, महेंद्र नागर, बीर सिंह यादव, फकीर चंद नागर, इन्दर प्रधान, गजराज नागर, नरेन्द्र नागर, यूनुस प्रधान, सुनील देवटा, सुधीर तोमर, ओरंगजेब चेयरमैन, राम शरण नागर, मनोज भाटी एडवोकेट, प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट, कृष्णा चौहान, सुरेन्द्र नागर, रोहित मत्ते गुर्जर, सुनीता यादव, राजेश रोही, मोहित यादव, लोकेश जनमेदा, शैलेन्द्र भाटी, राकेश गौतम, देवेंद्र टाइगर, नवीन भाटी, सुनील भाटी, अवनीश भाटी, विकास भनौता, नीरज भाटी एडवोकेट, सुदेश भाटी, अजय चौधरी, डॉ शशि यादव, अब्दुल हमीद, हरवीर प्रधान, राहुल आर्यन, हैप्पी पंडित, सतेंद्र नागर, दीपक नागर, मोहित नागर, लोकेश भाटी, अनीस अहमद, जाकिर मुनिरी, विनीत कुमार यादव, संदीप नागर पाटिल, अमन नागर, सुमित पंडित, प्रवीण भाटी, जितेंद्र अग्रवाल, नवाब कुरैशी, रविन्द्र यादव, अलीम सलमानी, मोहित यादव, हरेन्द्र भाटी, प्रशांत भाटी, महेश चंद, अकबर खान, प्रतीक भाटी, विनय कुमार शर्मा, सनी प्रजापति, सलीम राव, वकील सिद्दकी, यशपाल भाटी, लखन सिंह जाटव, कुलदीप भाटी, शाहरुख चौधरी, जीतेन्द्र प्रजापति, मुरारी लाल गौतम, दिगंबर गौतम, उपेंद्र यादव, बालेश्वर, मेराजूउद्दीन उस्मानी, रोहन गौतम, सईद अल्वी, आदि मौजूद रहे।

सम्मान

## आजीवन कारावास में रहना पड़ेगा जीवनपर्यंत जेल में

# सीओ ने दी आमजन को कानूनी धाराओं में परिवर्तन की जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सोमवार को कोतवाली शिकारपुर पुलिस ने एक जुलाई 24 से लागू भारतीय न्याय संहिता 23 के अंतर्गत नवीन कानूनी धाराओं में हुए महत्वपूर्ण बदलाव से आम जनता को

## साइबर ठगों के चंगुल में ना फंसें फंस ही जायें तो 1930 पर करे

रूबरू कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ शोभित कुमार ने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता 1860के स्थान पर अब भारतीय न्याय संहिता 2023 एक जुलाई 24 को प्रभावी हो गई है। अब सभी कानूनी कार्रवाई इसी न्याय संहिता के अंतर्गत होगी।मावलीचिंग सामूहिक बलात्कार आतंकी अपराध, महिला एवं बाल अपराधों में और अधिक कठोर कार्रवाई होगी। सभी बदलाव आधुनिक आवश्यकता अनुरूप किये गये हैं।इसी के साथ साथ व्यक्ति के मानवाधिकार की भी रक्षा के पर्याप्त उपाय किए गए हैं।

उन्होंने सभी को कानून का पालन करने, पुलिस को सहयोग करने और सम्मान पूर्वक जीवन जीने की अपील करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि अब 511 धारा की जगह 368 धाराएं शक्ति के साथ लागू होंगी। अब



आप घर बैठे फिर भी कर सकते हैं आपको 3 दिन के अंदर कोतवाली जाकर साइन करने होंगे।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि पहले आजीवन कारावास की स्थिति में अपराधी निर्धारित समय सीमा पूरी करने के उपरांत जेल से रिहा कर दिया जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। आजीवन सजा प्राप्त अपराधी अब जीवन पर्यन्त जेल ही में रहेगा।

सिटी इंचार्ज शुभम चौधरी ने साइबर ठगों की कार्यशैली और तौर तरीकों पर प्रकाश डाला और उससे बचने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। तथा फ्राड हो जाने पर तत्काल 1930पर काल कर पुलिस को सूचना देने की अपील की।

इस अवसर पर सभासद पति वीरेंद्र कुमार गर्ग, राकेश कुमार, वीर प्रकाश शर्मा, मुकेश गर्ग, ओम बाबू सिंघल आसिफ सैफी,अजीत सिंह, ग्राम प्रधान, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुर्वेदी ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# जिला मौसम विभाग द्वारा जारी की गई चेतावनी, किया अलर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)** मौसम विभाग लखनऊ द्वारा दिनांकः 01 जुलाई, 2024 को जारी मौसम की पूर्व चेतावनी के माध्यम से दिनांक 02 जुलाई, 2024 से 04 जुलाई, 2024 के मध्य अन्य जनपदों के साथ -साथ जनपद बुलन्दशहर में भारी बारिश, मेघगर्जन एवं वज्रपात होने की सम्भावना व्यक्त की गयी हैं।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत सचेत होते हुये बचाव के आवश्यक उपाय, एवं आवश्यक संसाधन/व्यवस्था करने का कष्ट करें, जिससे कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना/जनहानि की संभावित क्षति से बचा जा सके। किसान भाईयों से यह भी अपील है कि इस भारी बारिश, मेघ गर्जन एवं वज्रपात से आपने आपको सुरक्षित करते हुए फसलों/फसल की उपज को भी सुरक्षित स्थान पर रखने का कष्ट करें, जिससे किसी प्रकार के नुकसान आदि से बचा जा सके। आप सभी निमांकित दिशा-निर्देश का अनुपालन कर प्रशासन का सहयोग करेः-

1-तेज हवा, बारिश व बिजली चमकने के समय पेड़ के नीचे व कच्चे मकानों में शरण लेने से बचे।

2-बिजली के खम्बो के नीचे व पास में दुपहिया व चार पहिया वाहन खड़ा न करे।

3- बड़े होर्डिंग्स लगे स्थानों से दूर रहे तथा विधुत खम्बो, तारो व ट्रांसफार्मर आदि से प्राप्त दूरी बनाये रखे एवं नजदीकी सुरक्षित स्थान पर शरण ले।

4-घर में रहें, खिडकियॉ और दरवाजें बंद करें और यदि संभव हो तों यात्रा से बचे।

5- बैटरी से संचालित मोबाइल, इन्वर्टर इत्यादि उपकरणों को फुल चार्ज रखे।

6- पशुओं को बारिश व वज्रपात से बचाने हेतु सुरक्षित स्थान पर बांधे।

7- आपात स्थिति में टोर्च, रेन कोट इत्यादि का प्रयोग करे।

यह भी अवगत कराना हैं की उत्तर प्रदेश राज्य में आँधी-तूफान के साथ वज्रपात की काफी वज्रपात की पूर्व चेतावनी/अलर्ट प्रेषित करने वाली एप्लीकेशन ह्यद्यदामिनी ऐपह्यद्य को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर ले।

दामिनी ऐप लगभग 20 कि0 मी0 के क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन लगभग 04 घंटे पूर्व प्रेषित करता हैं, जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सके।

# गाजियाबाद पुलिस 37 दिन से फरार महंत को नहीं कर सकी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद में मुरादनगर गंगनहर घाट पर महिला चेंजिंग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने के मामले में शनि मंदिर का महंत मुकेश गोस्वामी पिछले करीब 37 दिन से फरार चल रहा है। पुलिस आरोपी को अब तक नहीं पकड़ पाई है। पुलिस ने अब महंत पर 25 हजार का इनाम घोषित किया है। महंत की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त हो चुकी है।

**महंत के मोबाइल में मिली 320 महिलाओं की वीडियो**

गंगनहर घाट पर 21 मई को एक महिला अपनी 14 वर्षीय पुत्री के साथ चेजिंग रूम में कपड़े बदल रही थी। महिला ने चेजिंग रूम के ऊपर लगा सीसीटीवी कैमरा देखा, कैमरा महंत के मोबाइल से कनेक्ट था। महिला की तहरीर पर मुरादनगर पुलिस ने 23 मई को महंत मुकेश गोस्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसका मोबाइल कब्जे में ले लिया था। महंत के मोबाइल से पुलिस को 320 वीडियो मिली थी। मगर महंत पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। पुलिस की तीन से अधिक टीमों ने महंत की तलाश में हरिद्वार से लेकर प्रयागराज तक ताबड़तोड़ दबिशें दीं लेकिन महंत पुलिस की पकड़ में नहीं आया।पुलिस का दावा- जल्द होगी गिरफ्तारी महंत के अधिवक्ता की ओर से गाजियाबाद न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई, जो निरस्त हो गई। फरार महंत को पकड़ने में नाकाम मुरादनगर पुलिस की किरकिरी हो रही थी।

# डीजेजेएस के संतुलन प्रकल्प के द्वारा संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संतुलन प्रकल्प के अंतर्गत : 'तू है शक्ति' के तत्वधान में 30/06/2024, दिन रविवार को पटेल नगर कल्ला, गाज़ियाबाद में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अनेकानेक लोग सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक साधना के द्वारा किया गया। इसमें विभिन्न रोचक गतिविधियां शामिल थीं, जैसेः बैलेंस लाइफलाइन ऑफ रिलेशनशिप्स, पीपीटी प्रस्तुति, सुधा मूर्ति जी के जीवन से प्रेरणा, ध्यानः एक सटीक समाधान, सेल्फी स्पॉट आदि। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी श्वेता भारती जी ने सभी को प्रेरणादायक संबोधन देते हुए जीवन में संतुलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे ब्रह्मज्ञान और ध्यान हमारे दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं एवं हमें पूर्णतः परिवर्तन की ओर अग्रसर कर सकते है। एक प्रेरक पहल के रूप में, कार्यक्रम स्थल पर स्टैंडी के साथ एक सेल्फी स्पॉट भी स्थापित किया गया था। अंत में सभी प्रतिभागियों ने वहाँ अपने व्यक्तिगत संकल्प लिखे, जिसमें उन्होंने जीवन में बेहतर संतुलन लाने का निर्णय लिया।

इस आयोजन ने लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया।

# विधानसभा उपचुनाव 2024 : जनता दल यूनाइटेड ने अपना प्रत्याशी किया घोषित, भाजपा के गढ़ में छाया सन्नाटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विधानसभा उपचुनाव में गाजियाबाद सीट के लिए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। जिसके बाद से भाजपा के गढ़ में सन्नाटा छाया हुआ है। भाजपा से विधानसभा उपचुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे कई नेताओं को इससे झटका लगा है। अभी तक जदयू के इस फैसले पर भाजपा की तरफ से किसी भी तरह का रिएक्शन सामने नहीं आया है। एनडीए गठबंधन में जदयू प्रमुख घटक दल जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने संजय बिंदल को इस सीट से प्रत्याशी बनाने का ऐलान किया। प्रेसवार्ता में जदयू के प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि एनडीए गठबंधन में जदयू प्रमुख घटक दल है। इसलिए उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में उनकी भी हिस्सेदारी बनती है। पार्टी ने निर्णय लिया है कि उपचुनाव में जदयू को दो सीटें चाहिए। इसमें गाजियाबाद की सीट प्रमुख है।

बैठक में लगी मुहर शनिवार को पार्टी की नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक के बाद पार्टी के नेता नीरज कुमार ने कहा कि कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। पहला, राजनीतिक और दूसरा सांगठनिक। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। विशेष दर्जा या पैकेज की मांग पूरी होगी नीरज कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को विशेष पैकेज देने के विकल्प पर भी विचार कर सकती है। कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा बिहार पर ध्यान देते हैं और उम्मीद है कि (राज्य की) विशेष दर्जा या पैकेज की मांग पूरी होगी।

इस मौके पर राष्ट्रीय युवा महासचिव इमरान इलाही, खुशनवाज अंसारी, विनोद त्यागी, रमेश मिश्रा, अंकुर गुप्ता व सौरभ गुप्ता मौजूद रहे।

# विद्यालयों के पुनः खुलने पर जिलाधिकारी व सीडीओ ने छात्र छात्राओं का 'स्वागत उत्सव' में किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंशानुरूप ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालयों के पुनः खुलने पर छात्र,छात्राओं के स्वागत उत्सव हेतु जनपद के अनेक विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित हुई।जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय, कविनगर व प्राथमिक विद्यालय क्रिश्चियन नगर बागू में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'स्वागत उत्सव' में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी महोदय व सीडीओ महोदय द्वारा सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाते हुए उनके स्वागत में पुष्प डालकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर अध्यापकों का भी स्वागत किया गया। कविनगर वाले कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा अपनी कक्षा को प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण करने करने वाले कक्षा 01 की अंशिका, कक्षा 2 की वंदना, कक्षा 3 की वैष्णवी, कक्षा 4 के तरुण व कक्षा 5 की पंखुड़ी राठौर को मेडल पहनाकर शील्ड पुरुस्कृत किया गया। विद्यार्थियों के साथ–साथ काजल छिब्बर साथी फाउंडेशन, मीनाक्षी गुरबख्श कुदरत फाउंडेशन, राजकुमार प्रधान अध्यापक, पूनम शर्मा एसआरजी, विनीता त्यागी एसआरजी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा पौधारोपण भी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री ओपी यादव दोनो कार्यक्रम में उपस्थित रहे। स्वागत उत्सव में खंड शिक्षा अधिकारी विश्वजीत सिंह राठी एआरपी छविकांत और अंजू सैनी, शिक्षकगण गीता गोयल, पार्षद शिवम शर्मा भी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव : टीम योगी का अहम चेहरा हैं मनोज कुमार सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** किसी विजन को साकार करने के लिए सबसे जरूरी है, एक बेहतरीन टीम, जो अपने लीडर के विजन को साफ नीयत और सटीक क्रियान्वयन के साथ मिशन मोड में धरातल पर उतार सके। 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले ब्यूरोक्रेसी में कुछ ऐसे अधिकारियों को चिन्हित किया, जिनमें अनुभव और दक्षता तो हो ही सत्यनिष्ठा के साथ-साथ कार्य करने के प्रति जीवटता और जुझारूपन भी हो। कड़ी परीक्षा के बाद बनी 'टीम योगी' के एक ऐसे ही अहम सदस्य हैं कअर मनोज कुमार सिंह, जिन्होंने आज उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया है।

**डिलीवरी ऑन टाइम वाले अफसर मनोज कुमार सिंह**

वर्ष 1988 बैच के कअर अधिकारी मनोज कुमार सिंह की पहचान 'परफॉर्मर' की रही है। सीनियर मोस्ट अधिकारी के रूप में सुदीर्घ अनुभव, दक्षता,कर्तव्यपरायणता, डिलिवरी देने की क्षमता, कॉम्पिटेंसी के साथ मनोज कुमार सिंह ब्यूरोक्रेसी में एक प्रतिष्ठित नाम है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने अब तक के कार्यकाल में मनोज कुमार सिंह पर लगातार भरोसा जताया है।

**कुंभ से लेकर कोविड तक किए हजारों शाबाशी किए काम**

इनके बारे में कहा जाता है कि ह्यडिलीवरी ऑन टाइमह्व के योगी मंत्र को मनोज कुमार सिंह ने आत्मसात कर लिया है। योगी आदित्यनाथ की स्पेशल टीम में शामिल वर्तमान में प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त जैसे नीतिगत विषयों से जुड़े दो अति महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निर्वहन कर रहे मनोज कुमार सिंह अपर मुख्य सचिव पंचायती राज, खाद्य प्रसंस्करण, यूपीडा और उपशा के चेयरमैन तथा पिकप अध्यक्ष जैसे प्रदेश के विकास को गति देने वाले अति वरिष्ठ पदों की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। कोविड काल में पहले टीम 11 और फिर टीम 9 में शामिल मनोज कुमार सिंह ने गांवों में कोविड प्रसार को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**राष्ट्रीय पटल पर प्रशंसा**

'बैंकिंग एट योर डोर' की परिकल्पना को साकार करने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'बीसी सखी' योजना आज पूरे देश में मॉडल के रूप में स्वीकारी जा रही है। इसकी रूपरेखा तैयार करने से लेकर क्रियान्वयन तक मनोज कुमार सिंह का बड़ा योगदान है। यह एक योजना महिला स्वावलम्बन और वित्तीय समावेशन का अद्भुत उदाहरण बन कर राष्ट्रीय पटल पर प्रशंसा पा रही है। योगी आदित्यनाथ के सपने किए पूरे वर्ष 2019 के दिव्य-भव्य कुंभ को ग्लोबल इवेंट बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों को सफल बनाने में मनोज कुमार सिंह की बड़ी भूमिका है। बतौर नोडल अधिकारी कुंभ-2019 से जुड़ी हर एक तैयारी, इन्हीं के नेतृत्व में क्रियान्वित हुई। अब इस बार मुख्य सचिव के रूप में महाकुंभ 2025 के सफलतापूर्वक आयोजन में इन्हीं अनुभवों का लाभ मिलेगा। 75 जनपद खुले में शौच अभियान में अहम भूमिका अपर मुख्य सचिव पंचायती राज के रूप में मनोज कुमार सिंह ने सीएम योगी के मिशन को धरातल पर उतारा। आज उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपद खुले में शौच से मुक्त घोषित हैं और सबसे ज्यादा शौचालय उत्तर प्रदेश में बनाये गए तो इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका इन्हीं की है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए राजनगर एक्सटेंशन में लगाए नीम एवम पीपल के वृक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद।** बढ़ती आबादी के लिए शुद्ध ऑक्सीजन एवं क्षेत्र को सुंदर और हरा-भरा बनाने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए राजनगर एक्सटेंशन निवासी मियावकी पद्धति के द्वारा कुछ छोटे छोटे वन विकसित कर रहे हैं। इसी क्रम में राजनगर एक्सटेंशन में पीपलेश्वर मंदिर के निकट मियावकी लघु वन में रविवार को मानसून की पहली बारिश के साथ दीर्घकालीन वृक्षारोपण का कार्य शुरू किया गया। वृक्षारोपण करने वाले पर्यावरण प्रेमियों ने बताया कि प्रत्येक रविवार को वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम जारी रहेगा।

"एक पेड़ एक परिवार संस्था" द्वारा लगाए हजारों वृक्षों के दशकों के अनुभव के साथ व "सेव एनवायरमेंट सेव लाइफ ग्रुप" स्थल की निरंतर उपलब्धता, वृक्षारोपण की देखरेख और समय समय पर होने वाली गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। अगली पीढ़ी के भविष्य के लिए एक स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण को ध्यान में रखते हुए इस शुभ कार्य को पूरे राजनगर एक्सटेंशन के निवासी एक साथ मिलकर तन-मन-धन से सहयोग कर सफल बना रहे हैं।


वृक्षारोपण कार्यक्रम के पहले चरण में राजनगर एक्सटेंशन की विभिन्न सोसाइटियों से दर्जनों पर्यावरण प्रेमियों ने लगभग 100 नीम और 50 पीपल जैसे औषधि युक्त एवम सर्वाधिक ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पौधे लगाए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रांत शर्मा, वीरेंद्र कुमार, दीपांशु मित्तल, भूपेंद्र नाथ, राजेंद्र जनौटी, अजय कक्कड़, निधि विश्वकर्मा, रवि जैन, विनय सिंह, चंद्र प्रकाश आर्य, संजय कटियार, पवन, निमिष गर्ग, अशोक चौधरी, आनंद वीर, संध्या जी, शशि भूषण प्रसाद, रेखा जोशी, संजीव कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# रेस्टोरेंट में खाने में निकला कॉकरोच : विरोध करने पर पिंड बलूची के स्टाफ ने डॉक्टर से की बदसलूकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** गाजियाबाद में वैशाली सेक्टर 3 के महागुन मॉल स्थित पिंड बलूची रेस्टोरेंट में खाने में कॉकरोच निकलने का मामला सामने आया है। पीड़ित डॉक्टर अपने बच्चे का जन्मदिन मनाने रेस्टोरेंट में पहुंचे थे। तभी खाने में कॉकरोच निकला। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो स्टाफ ने उनके साथ बदसलूकी की। डॉक्टर ने इस मामले की शिकायत पुलिस और फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट से की है। बेटे के जन्मदिन की थी पार्टी वैशाली सेक्टर निवासी डॉक्टर महेश चौधरी एक निजी अस्पताल में तैनात हैं। उनके बेटे रियांश चौधरी का जन्मदिन था। जन्मदिन पर उन्होंने 15 लोगों को आमंत्रित किया था। सभी ने गुरुवार रात आठ बजे मॉल की तीसरी मंजिल स्थित रेस्टोरेंट में खाना ऑर्डर किया। उन्होंने प्लेट में खाना परोसा तो उसमें कॉकरोच निकला। इसकी शिकायत उन्होंने रेस्टोरेंट के एक कर्मचारी से की। उसने इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने खाने का बिल चुकाया। इसके बाद वह कॉकरोच दिखाने मैनेजर के पास गए।



मैनेजर ने की बदसलूकी आरोप है कि मैनेजर ने उनसे कॉकरोच लेकर छिपा दिया। जबकि उन्होंने कॉकरोच की फोटो पहले ही खींच ली थी। मैनेजर नशे में था। अपनी गलती मानने की बजाय मैनेजर उससे झगड़ने लगा। उसने वहां अन्य लोगों को बुलाकर उनके साथ बदसलूकी की और धक्का-मुक्की की। आरोप झूठे बताए गए रेस्टोरेंट मैनेजर गणेश दत्त जोशी ने बताया कि फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम आई थी। उन्होंने टीम को पूरी घटना की जानकारी दे दी है। वह कॉकरोच को कागज पर रखकर उनके पास लाया था। उन्होंने उसे थप्पड़ मारे थे। वह नशे में था। जबकि वह हाथ जोड़कर अपनी गलती मान रहा था। सीसीटीवी कैमरे में सबकुछ कैद हो गया है।

**पुलिस का बयान**

इस संबंध में थाना कौशांबी पुलिस का कहना है कि इस मामले में किसी भी तरह की शिकायत नहीं की गई है। अगर शिकायत मिलती है तो जांच कराई जाएगी।

# सामूहिक प्रयास से बने विश्व विजेताः सिकंदर यादव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** T-20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारतीय टीम ने पिछले वर्ष वर्ल्ड कप में हुई हार का गम दूर कर दिया। 7 महीने पहले ऑस्ट्रेलिया से मिली हार से टीम सहित सभी भारतीयों का दिल टूट गया था। परंतु भारतीय टीम ने निराशा से उभरते हुए, शानदार वापसी की और ळ-20 वर्ल्ड कप जीतकर भारतवासियों को तोहफा दिया।



रोहित की टीम ने साबित किया कि निरंतर प्रयास करने वाले की कभी हार नहीं होती। इस जीत के कई कारक रहे, जिसमें प्रमुख कारण भारतीय टीम का सामूहिक प्रयास रहा। जहां रोहित ने अपनी शानदार पारियों से ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई, वही विराट ने फाइनल मैच में बड़ी पारी खेलकर दिखाया कि वो बड़े मैच का खिलाड़ी है। जसप्रीत बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की, अफ्रीकी ओपनर को अपने आउट स्विंग पर क्लीन बोल्ड करने वाली गेंद इस विश्व कप की सबसे शानदार गेंद थी। बुमराह ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण गेंदबाजी की, वही अर्शदीप व हार्दिक ने पूरी तरह से उनके साथ दिया। स्पिन गेंदबाजी में कुलदीप व अक्षर ने अपनी भूमिका निभाई हालांकि फाइनल में दोनों उतनी अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाए, परंतु उनकी कमी हार्दिक व अर्शदीप ने पूरी कर दी, बल्लेबाजी की बात करें तो रोहित, सूर्य, विराट ने अपनी-अपनी योग्यता जरूरत पड़ने पर दिखाई। फाइनल का सबसे बड़ा मूवमेंट सूर्यकुमार का कैच रहा। जिसके कारण अफ्रीका जीतते-जीतते रह गया। ये कैच इतिहास में दर्ज हो गया और इस मैच का सबसे बड़ा निर्णायक क्षण रहा। संक्षेप में कहा जाए तो पूरी टीम ने थोड़ा-थोड़ा योगदान देकर भारतीय फैंस को जून में दिवाली मनाने का मौका दिया। उम्मीद है भारतीय क्रिकेट का स्वर्णिम युग इस जीत के बाद एक बार फिर लौटेगी, नई पीढ़ी जीत से प्रेरणा लेकर और आगे बढ़ेगी।

# रेप पीड़िता ने पीया तेजाब : नोएडा में किशोरी से हुई थी हैवानियत, अब अस्पताल में मौत से लड़ रही जंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में रेप की घटना से आहत होकर किशोरी ने तेजाब पी लिया। गंभीर हालत में उसे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आनन-फानन में रेप के आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

**22 जून को नोएडा में किया था रेप**

एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि वेव सिटी थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़िता परिवार के साथ रहती है। परिवार के लोग मजदूरी करते हैं। पड़ोस में रहने वाला कमालू ऑटो चलाता है। वह लड़की को 22 जून को नोएडा ले गया और उसके साथ रेप किया। इससे आहत होकर लड़की ने 23 जून को तेजाब पी लिया। पहले लड़की का गाजियाबाद में इलाज चला, फिर उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस का बयान एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि पीड़िता का भाई व्यक्ति 28 जून को थाने आया था। घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत इस मामले में केस दर्ज कर लिया।

# दूधेश्वर नाथ मंदिर में महंत नाराण गिरी महाराज के पावन सानिध्य में 10 दिवसीय संत सनातन कुंभ हुआ शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** 9 जुलाई तक प्रतिदिन रात्रि में वशिष्ठ पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि वेदांती महाराज बाल्मीकि रामायण की अमृत वर्षा करेंगे 10 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा में जगतगुरू शंकराचार्य यति सम्राट अनंत श्री विभूषित स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज व जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी महाराज मुख्य अतिथि होंगे।

गाजियाबाद सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में 10 दिवसीय संत सनातन कुंभ सोमवार को कलश यात्रा व वशिष्ठ पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि वेदांती महाराज की श्रीराम कथा से शुरू हो गया। संत सनातन कुंभ का समापन 10 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा व संत भंडारे के साथ होगा। ब्रह्मलीन श्रीमहन्त गौरी गिरी महाराज, ब्रह्मलीन सिद्ध गुरु मूर्तियों व ब्रह्मलीन श्रीमहंतों की पुण्य स्मृति में संत सनातन कुंभ का आयोजन श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष महंत नारायण गिरी के पावन सान्निध्य में प्रतिवर्ष हो रहा है। संत सनातन कुंभ में वशिष्ठ पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि वेदांती महाराज की श्रीराम कथा 9 जुलाई तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक होगी। 10 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा में देश भर से संत पहुचेंगे और ब्रह्मलीन महन्त गौरी गिरी महाराज, ब्रह्मलीन सिद्ध गुरु मूर्तियों व ब्रह्मलीन श्रीमहंतों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि मंदिर में ब्रह्मलीन महन्त गौरी गिरी महाराज समेत 28 सिद्ध महात्माओं की समाधियां हैं।सभी को 10 जुलाई को नमन किया जाएगा और उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सनातन धर्म को मजबूत करने का संकल्प लिया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि उर्ध्वाम्नाय काशी सुमेरू पीठ न्यास उर्ध्वाम्नाय काशी सुमेरू पीठाधीवर जगतगुरू शंकराचार्य यति सम्राट अनंत विभूषित स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज व जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरी महाराज होंगे।

अध्यक्षता महन्त प्रेम गिरी महाराज अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीपंच दसनाम जूना अखाड़ा करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमहन्त पृथ्वी गिरि महाराज गादीपति बालक हिसार हरियाणा, महन्त मोहन भारती महाराज सचिव श्रीपंचदशनाम जूना अखाडा डेरा भगाना हरियाणा, महन्त महेश पुरी महाराज सचिव पंचदशनाम जूना अखाडा हरिद्वार, महन्त शैलेंद्र गिरि महाराज सचिव पंचदशनाम जूना अखाडा श्री शिव मंदिर गुलजारी वाला धाम कैराना रोड शामली उत्तर प्रदेश आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानन्द गिरी महाराजए दिल्ली संत महामंडल के संस्थापक स्वामी राघवानन्द गिरी महाराजए महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी कंचन गिरी महाराज शामिल होंगे। सभी कार्यक्रमों की व्यवस्था महंत धीरेंद्र पुरी महाराज, महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज, महंत गिरिशानंद गिरी महाराज, महंत कन्हैया गिरी महाराज, महंत विजय गिरी महाराज, महंत मुकेशानंद गिरी महाराज वैद्य कर रहे हैं। संतों का स्वागत धर्मपाल गर्ग, अनुज गर्ग, विजय मित्तल, शंकर झा, अमित कुमार शर्मा व दीपांकर पांडेय करेंगे।

**आयोजन**

## सांसद अतुल गर्ग ने कहा मेरी जीत जनता में मोदी जी के विश्वास की जीत

# राजनीति में अतुल गर्ग जैसे सरल व्यक्ति बहुत कम नजर आते हैं : नरेंद्र कश्यप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लोकसभा चुनाव में गाजियाबाद सीट पर भाजपा की जीत और अतुल गर्ग के सांसद बनने पर रविवार की रात प्रतीक ग्रैंड सोसायटी सिद्धार्थ विहार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप उपस्थित रहे।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि अतुल गर्ग की जीत भारतीय जनता पार्टी द्वारा कराए गए कार्यों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि अतुल गर्ग जैसे लोग राजनीति में बहुत कम मिलते हैं। सांसद अतुल गर्ग का व्यवहार जिस तरीके से उनका शहर के प्रत्येक मोहल्ले और लोगों से मिलाप है। यही उनकी जीत का आधार बना है। इस मौके पर राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि अतुल गर्ग ने प्रदेश सरकार में मंत्री रहकर भी गाजियाबाद के विकास और योजनाओं को सफल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। अतुल गर्ग के देश की संसद में पहुंचे हैं तो वहां से भी गाजियाबाद के लिए अनेकों योजनाएं और काम करने का सौभाग्य मिलेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि अतुल गर्ग हमेशा से पार्टी और जनता के लिए आगे बढ़कर काम करते हैं। उनका व्यवहार राजनीति से लेकर आम लोगों के बीच में हर कोई जानता है। गाजियाबाद की जनता मेरा परिवार : अतुल गर्ग

सांसद अतुल गर्ग ने कहा है कि गाजियाबाद की जनता उनके परिवार की तरह से है। चुनाव के दौरान भी वो जिस भी इलाके में गए, लोगों ने उनका स्वागत किया। उनकी जीत महत्वपूर्ण बनी क्योंकि लोग उनसे प्यार करते हैं। उनका परिवार गाजियाबाद में चार दशक से सेवा कर रहा है। अब वह सांसद बने हैं तो गाजियाबाद की विकास के लिए और योजनाएं लाने का प्रयास करेंगे। बड़ी संख्या में लोगों ने किया राज्य मंत्री व सांसद का स्वागत सिद्धार्थ विहार गाज़ियाबाद में राजेश गुप्ता की तरफ से सांसद अतुल गर्ग का अभिनंदन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के साथ राष्ट्रीय महासचिव ओ बी सी मोर्चा संगम लाल गुप्ता , महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा पप्पू पहलवान सौरभ जयसवाल के साथ क्षेत्र के सभी पार्षद, मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा और भाजपा के सभी कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहें।साथ ही कार्यक्रम संयोजक राजेश गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का आदर सत्कार किया और सभी का अभिवादन किया।इस अवसर पर मनोज कुमार, पंकज सिन्हा,पंकज सहाय, आर बी सहाय ,संतोष राय,विनोद मोरे,अचल मिश्रा ,शान्तनु पंडित ,विपिन गुप्ता ,रवींद्र वर्मा उपस्थित रहे।






# जागरूकता कार्यक्रम में योजनाओं की जानकारी दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** डिप्टी कलेक्टर,जिला प्रोबेशन अधिकारी इला प्रकाश श्रीवास्तव के निदेशों के अनुपालन में महिला एवम बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी संकल्प एचईडब्लू के अन्तर्गत सीएचसी में जागरूकता कार्यक्रम का




आयोजन किया गया। सोमवार को सीएचसी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमें योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना,निराश्रित पेंशन योजना की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में भी बताया। इसके साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961,घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013, के प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों की सहायता हेतु संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर महिला कल्याण विभाग से वन स्टॉप सेंटर, मैनेजर सोनिया,रविता चौहान परामर्शदाता पुलिस विभाग से पारुल,स्वास्थ्य विभाग की टीम, आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह एवं महिलायें उपस्थित रही।

# सपा मुखिया का 51वॉ जन्मदिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया, पूर्व जिलाध्यक्ष ने हवन व भंडारे का आयोजन कर सपा मुखिया के दीघार्यु की कामना की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष तेजपाल प्रमुख नेतृत्व में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष,सांसद अखिलेश यादव के 51 वें जन्म दिवस ग्राम शाहपुर फगोता में विधि विधान से पूजा अर्चना, हवन कर दीघार्यु की कामना करने के साथ-साथ

**सपा मुखिया के निर्देश पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया**

भंडारे का आयोजन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों पर पौधारोपण कर आगामी 7 जुलाई तक वृक्षारोपण के लिए संकल्प लिया। शुभ अवसर पर जिला महासचिव एडवोकेट बिलाल सैफी,जिला उपाध्यक्ष पंडित श्रवण कुमार शर्मा, नंदपुर,संजय गहलोत जिला अध्यक्ष युवजन सभा, असलम कुरैशी जिला अध्यक्ष लोहिया वहिनी,मूलवीर प्रधान,मोहित शर्मा,सुमित शर्मा आदि समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी









के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री,सपा मुखिया,सांसद अखिलेश यादव का 51वॉ जन्मदिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया।

जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने सपा मुखिया के निर्देश पर पौधारोपण करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कुशल नेतृत्व के चलते ही सपा देश में तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। कार्यकताओं को पार्टी को और आगे ले जाने का संकल्प लेना होगा।

इस अवसर पर भूषण त्यागी,रविन्द्र गुर्जर,संजय सिंह यादव,पुरुषोत्तम वर्मा एड0 सीमा तनेजा, रेशमा यादव, रुबी यादव, दीपिका चुंग, श्याम सुन्दर भुर्जी, कमाल मन्सूरी, अख्तर मलिक, हरेन्द्र यादव,साजदा बेगम आदि मौजूद रहे।

# अजय त्यागी बने विहिप हापुड़ देहात प्रखंड अध्यक्ष, बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** विश्व हिंदू परिषद की हापुड़ जिला अभ्यास वर्ग गाँव अच्छेजा में श्री बाबा सीताराम धाम पर संपन्न हुआ। जिसमें हापुड़ देहात की नई कार्यकारिणी की घोषणा की



गयी। जिसमें विश्व हिंदू परिषद हापुड़ देहात प्रखंड अध्यक्ष अजय सुन्दर नारायण सिंह त्यागी के बनने पर उन्हें लोगों ने बधाई दी है।

बधाई देने वालों में सुधीर चोटी,गिरिश त्यागी,पीयूष सक्सेना एडवोकेट,प्रवीण शर्मा,टुक्कीराम गर्ग आदि शामिल थे।

# पूर्व सैनिक के साथ पुलिस अधिकारियों ने किया पौधारोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,सिंभावली।** देश में तीन नये आपराधिक कानून लागू होने के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिक के साथ पुलिस अधिकारियों ने किया पौधारोपण किया। सोमवार को तीन नये अपराधिक कानून

**पौधारोपण कर पृथ्वी का श्रृंगार करने का आह्वान किया**

लागू होने के उपलक्ष्य में जनपद के थाना सिम्भावली में आयोजित कार्यक्रम के समापन उपरांत पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह उपाध्यक्ष जिला सैनिक बंधु के आग्रह करने पर सीओ अंडर ट्रेनिंग /थानाध्यक्ष पियुष,इंसपेक्टर विनोद पांडे व सब इंसपेक्टर धर्मेन्द्र द्वारा सिम्भावली स्थित 220 केवीए बिजलीघर की चारदीवारी के सहारे प्रस्तावित पार्क में वृक्षारोपण किया। पूर्व सैनिक मनवीर सिंह ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि पौधारोपण कर पृथ्वी का श्रृंगार करें,पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान खुड़लिया देवेंद्र सिंह व अनेकों ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।




# पौधारोपण हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए वरदान सिद्ध होगा: महेन्द्र सैनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/पिलखुआ।** पिलखुवा में रेलवे रोड पर नवोदय युवा समिति के तत्वाधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक किया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि पौधारोपण के बाद सदस्यों ने उनकी देखभाल करने की शपथ लेते हुए कहा कि भविष्य में भी समय-समय पर पौधारोपण करते रहेंगे। रेलवे रोड पर पौधारोपण कार्यक्रम में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सभी सदस्यों में अपने नाम से पौधारोपण किया और उनके देखभाल करने का प्रण लिया।

गगन मित्तल ने कहा कि पौधारोपण करना बहुत जरूरी है महेंद्र सिंह सैनी ने कहा पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है। विक्की सिंह ने कहा पौधारोपण हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए एक वरदान सिद्ध होगा

समिति के महेंद्र सिंह सैनी,विक्की सिंह, बबीता सिंहवाल, नरेंद्र टोंक, मुकेश सिंघल, जतिन,

- नवोदय युवा समिति ने पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया
- समिति के सदस्यों ने जागरूकता रैली निकालकर पौधारोपण के प्रति किया जागरूक

कृतिका, महेंद्र कुमार आदि सदस्यों ने नीम,पीपल,अर्जुन,पिलखन, पापड़ी,आम और जामुन जैसे पौधे लगाकर उनके देखभाल की जिम्मेदारी ली। समिति ने पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत लोगों को पौधा लगाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रेलवे रोड पर जागरूकता रैली के माध्यम से नागरिकों को एक पौधा जरूर लगाने का आवाहन करते हुए जागरूक किया।





# धौलाना की देहरा झाल में मिला सेवानिवृत्त जज का शव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** थाना धौलाना की देहरा झाल से रिटायर्ड जज का शव मिलने से हड़कंप मच

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा, जज मेरठ से हुए थे लापता**

गया ।

सेवानिवृत्त जज रवि मल्होत्रा मेरठ की मधुबन कालोनी में रहते थे । वे 27 तारीख से मेरठ से लापता थे । सोमवार को धौलाना थाना क्षेत्र में देहारा की झाल से रिटायर्ड जज का शव बरामद हुआ। सीओ स्तुति सिंह के मुताबिक शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया । पुलिस मामले की जांच





रिटायर्ड जज का फाइल फोटो, व नहर से बरामद जज का शव

# नई पहल नए कानूनों के स्वागत में सजा हाफिजपुर थाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** केन्द्र सरकार द्वारा जुलाई के पहले दिन लागू हुए नए कानूनों का पूरे जनपद में स्वागत हुआ है । इसी कड़ी में एसपी हापुड़ अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में लोगो

- धौलाना के अधिवक्ताओं ने भी नए कानूनों का किया स्वागत
- कपूरपुर थाने में नए कानून की धाराओं में जनपद की पहली एफआईआर दर्ज

को नए कानूनों हेतु पुलिस जागरूक कर रही है। वही सीओ पिलखुवा स्तुति सिंह के निर्देशन में व हाफिज पुर थानेदार आशीष पुंडीर के नेतृत्व में नए कानूनों के स्वागत को लेकर थाने को सजाया गया । यही नहीं सीओ स्तुति सिंह व आशीष पुंडीर ने ग्रामीण अंचलों के लोगो को जागरूक करते हुए नए कानूनों से अवगत कराया । वही बदलाव की गई धाराओं की विस्तृत जानकारी दी गई । सोमवार को जनपद के हर थाना परिसर में नए बदलाव कानून और धाराओं को लेकर चर्चा रही । इसी तरह धौलाना तहसील पंजीकृत बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया के नेतृत्व में नए कानूनों का स्वागत किया गया। वही अधिवक्ताओं से बदली गई धाराओं पर विचार कर उनको स्मरण रखने की बात कही गई।

इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शर्मा, अमर पाल सिंह, जसवीर सिंह उर्फ सोनू राणा, सचिन शर्मा, राजीव शर्मा, मो फहीम, संजीव राघव, आर के सिंह, रामप्रकाश राणा, गजेन्द्र सिंह, ओपी सिंह विकट, मोहित शर्मा, राहुल राणा, सतीश राणा, आदि मौजूद रहे । वही कपूरपुर थाने में नए कानून ओर नई धाराओं के तहत जनपद की पहली एफआईआर दर्ज की गई । थानेदार अवनीश शर्मा के मुताबिक बदलाव की गई धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया।




प्रशिक्षण

## शिविर में विभिन्न प्रकार का दिया प्रशिक्षण, बच्चों ने किया पौधारोपण

# शिवा पाठशाला में तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भारत विकास परिषद सृजन के तत्वाधान में नगर क्षेत्र में शिवा प्राथमिक पाठशाला में तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर में बच्चों को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन पर बच्चों को स्टेशनरी व प्रमाण पत्र वितरित किये। शिवा प्राथमिक पाठशाला में तीन दिवसीय समर कैंप में बच्चों को डांस,मेहंदी लगाना व नॉन फ्लेम कुकिंग के तहत मोनैको बिस्कुट के चीज सेन्डविच,ब्रेड वैजिटेबल सेन्डविच,केले की मसाला चाट,नींबू पोदिने की शिकंजी,खाना बनाना,योगा,नैतिक शिक्षा,सामाजिक जागरूकता इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। सभी स्टूडेंट्स ने अपने बनाये व्यंजनों को सभी को खिलाया,सभी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में सभी छात्र - छात्राओं ने अपने अपने नाम से पौधरोपण किया ओर पौधे की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। समापन समारोह में संस्था के सदस्यों ने बच्चों को स्टेशनरी और ड्राइंग बुक ओर किट का उपहार दिया । शिविर का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। संस्था की महिला संयोजिका माही मित्तल ने बताया कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के दिनों में इस तरह का शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर में बच्चों द्वारा तैयार सामग्री का आने वाले दिनों में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका डॉ.सुमन अग्रवाल, नीतू नारंग,लक्ष्मी शर्मा,सरला आदि ने सहयोग किया।






# 165 क्लब में से लायंस क्लब हापुड़ को मिला पहला स्थान, लायंस क्लब ने अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** लायंस क्लब द्वारा अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन मनोहर रिजेंसी में किया गया। जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र में क्लब द्वारा किये गये

**क्लब ने 10 वें स्थाई प्रोजेक्ट अंतिम यात्रा वाहन का लोकार्पण किया**

कार्यों को जानकारी देने के साथ-साथ कई पदाधिकारियों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में क्लब के एलसीआइएफ एरिया लीडर आइडी एंड्रास पीएमजीएफ विनय मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एके मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनय सिसोदिया व विनय मित्तल ने बताया कि लायंस क्लब हापुड़ को संपूर्ण मल्टीपल में सबसे अच्छे क्लब का अवार्ड दिया गया। 321 सी-एक के 165 क्लब में हापुड़ ने अच्छे कार्य करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विजय गोयल ने क्लब की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। समाजसेवी संजय कृपाल ने बताया कि क्लब 50 वर्षों से सेवा कार्य करता आ रहा है। अध्यक्ष सचिन एसएम ने बताया कि क्लब ने अपने 10 वें स्थाई प्रोजेक्ट अंतिम यात्रा वाहन का मांगलिक परिवार के सौजन्य से लोकार्पण किया। सचिव सुरेश गुप्ता ने बताया कि अब तक क्लब के सात स्थाई प्रोजेक्ट चलते थे,अब तीन नए कार्य शुरू किए गए हैं। जिसमें बच्चों की आंखों की जांच,लायंस प्याऊ, मिनी अंतिम यात्रा वाहन शामिल है।

कोषाध्यक्ष प्रणव आर्य ने बताया कि क्लब द्वारा इस वर्ष सेवा कार्य, स्थाई प्रोजेक्ट के साथ-साथ आर्य समाज मंदिर के हॉल को एसी कराया गया है। क्लब ने अपने 10 वें लायंस प्याऊ का उद्घाटन भी किया,यह प्याऊ व्यापारी नेता स्व.नरेश कसेरा की स्मृति में उनकी पत्नी ऊषा रानी द्वारा किया गया।




सूचना

मेरा नाम ड्राइविंग लाइसेंस में सही है और आरटीओ की साइट पर गलत आ रहा है, सही नाम MR.CHAND S/O SH. AHMAD HASAN है परंतु आरटीओ की ऑनलाइन साइट पर गलत है आरटीओ की ऑनलाइन साइट पर मेरा नाम सही कराया जाए।

## सम्पादकीय

# दूरगामी एजेंडे का हिस्सा




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

लोकसभा के सदस्यों से आवश्यक शिष्टता, शालीनता, मयार्दा, भाषाई संयम और व्यावहारिक विवेक की अपेक्षा करना तो लगभग संभव ही नहीं रह गया है। फिर भी उनके महत्त्वपूर्ण लोकतांत्रिक पद के अनुसार न्यूनतम शिष्टाचार की उम्मीद तो रहती ही है।

लेकिन इस बार नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ लेते समय शपथ ग्रहण मंच को जिस तरह से अपने-अपने एजेंडे का माध्यम बनाया वह जितना हतप्रभ करने वाला था उतना ही दुखद भी था। भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने शपथ लेने के बाद 'श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबादइ के नारे लगाए। तो बरेली के भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने जय हिन्दू राष्ट्रवाद का नारा लगाकर धर्मनिरपेक्षवादी विपक्ष को सुई चुभाने का काम किया।इसी तरह अनेक नवनिर्वाचित सांसद एक के बाद एक अपने-अपने एजेंडे को सामने रखते हुए शपथ लेने के समय नारे लगाते देखे गए। लेकिन सबसे ज्यादा हैरत में डालने वाला शपथ ग्रहण ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलमीन के नेता असद्दीन ओवैसी का रहा। उन्होंने विशुद्ध इस्लामिक तरीके से अल्लाह के नाम पर शपथ ली और शपथ लेने के बाद जो नारे लगाए वे थे जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन। प्रत्यक्षतः लग सकता है कि उनके ये नारे सत्ता पक्ष को चिढ़ाने के लिए थे। इन नारों से सत्ता पक्ष विशेषकर राष्ट्रवादी भाजपा का कुनबा चिढ़ा भी, गुस्सा भी हुआ और आक्रामक भी। लेकिन इस पक्ष के पास ऐसा कोई कानूनी औजार नहीं था जिससे इस तरह की शपथ लेने वाले, हर समय इस्लाम और मुसलमान की दुहाई देने वाले इस सांसद ओवैसी को दंडित जैसा कुछ किया जा सके। वस्तुतः ओवैसी जैसे मुस्लिम नेता ऐसी बातें भ्रमवश, चूकवश या सिर्फ उकसावे के लिए नहीं करते। इस तरह की चीजें उनके दूरगामी एजेंडे का हिस्सा होती हैं जिसमें इस्लामी वर्चस्व, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं और इनके नाम पर मिली अभिव्यक्ति की आजादी इनके मुख्य एजेंडे के लिए सिर्फ कवच मात्र होते हैं। इसलिए ओवैसी के नारों के निहितार्थ से केवल भाजपा, आरएसएस कुनबे को कम, बल्कि कथित धर्मनिरपेक्षतावादियों को ज्यादा चिंतित होना चाहिए और उन्हें इस तरह की स्थितियों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि इनमें भविष्य की जिन टकराहटों की आहट छिपी हुई है, वह इस देश में सांप्रदायिक सद्भाव के स्वप्न को कभी पूरा नहीं होने देगी।

## आज का विचार





# असुविधा की सड़कों का टोल-टैक्स ज्यादती है



ललित गर्ग

बेहतर सेवाओं के नाम पर सरकारें कई तरह के शुल्क वसूलती है, इसमें कोई आपत्ति एवं अतिश्योक्ति नहीं है। लेकिन सेवाएं बेहतर न हो फिर भी उनके नाम पर शुल्क या कर वसूलना आपत्तिजनक एवं गैरकूननी है। यह एक तरह से आम जनता का शोषण है, धोखाधड़ी है। राजमार्ग एवं अन्य मार्गों पर बेहतर एवं सुविधाजनक सड़कों के नाम पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन विडम्बना एवं त्रासदी यह है कि टूटी-फूटी सड़कों के नाम पर भी टोल वसूला जाता है, जो अन्यायपूर्ण एवं आपत्तिजनक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान में जनता के इस बड़े होते दुःख, धोखाधड़ी एवं शोषण पर न केवल दुःख जताया बल्कि ऐसी जबरन की जा रही वसूली को रोकने के लिये अधिकारियों को चेताया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। रोड टैक्स का उपयोग राज्य के भीतर सड़कों के रखरखाव और विकास के लिए किया जाना चाहिए न कि सरकार की आमद को बढ़ाने के लिये। ऐसे अनेक उदाहरण है कि बिना सुविधा एवं आवश्यकता के भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। राज्य सरकारें भी स्वतंत्र रूप से टोल वसूलती है। दूसरी ओर, टोल टैक्स एक उपयोगकर्ता शुल्क है जिसे वाहन मालिकों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या निजी ठेकेदारों को कुछ टोल सड़कों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, पुल और सुरंगों का उपयोग करने के लिए देना पड़ता है। जो अन्य सड़कों की तुलना में इन सड़कों को उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की माना जाता है। निश्चित रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क-क्रांति की है बल्कि व्यवस्था की खामियों को सुधारने के भी सराहनीय प्रयास किये हैं। किसी देश को विवेकपूर्ण, बेहतर सुविधाओं एवं विकास के नये मानकों के साथ चलाने के लिए सरकार को पात्र नागरिकों से बेहतर सुविधाओं के लिये कर एकत्र में कोई ऐतराज नहीं है; लेकिन सड़कें हो या अन्य सुविधाएं, अच्छी नहीं होने पर भी टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने पर उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ एवं शोषित महसूस करता है, जिसके कारण टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने वाली एजेन्सियों के खिलाफ शिकायतें बढ़ती जा रही है। टोल टैक्स प्रणाली सरकार या निजी ठेकेदारों के लिए राजस्व सृजन का स्त्रोत नहीं होनी चाहिए, बल्कि जनता के लिए बेहतर और सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराने का साधन होनी चाहिए। निश्चित तौर पर गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी एवं अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर भी लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने की स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही है। इन स्थितियों को लेकर आम जनता एवं उपभोक्ताओं में विरोध एवं विद्रोह पनप रहा है, इसलिये सरकार एवं ऐसी एजेन्सियों के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। किसी भी विभाग को अपनी खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार होना चाहिए।

नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक-जीवन को न केवल अस्त-व्यस्त कर रही है, बल्कि आहत, पीड़ित एवं परेशान भी कर रही है। ऐसी अनेक सुविधाएं हैं जो सरकार के द्वारा जनता के लिये उपलब्ध कराई जाती है, इसके लिये सरकार टैक्स वसूलती है। लेकिन बिना सुविधा



के भी टैक्स वसूलने की स्थितियां सरकार पर बदनूमा दाग है और ऐसे दाग लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बहरहाल बात राजमार्गों पर वसूले जा रहे गैर वाजिब टोल टैक्स के बढ़ने की चिन्ता का है, जो एक त्रासदी है। इसी त्रासदी को केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा और कहा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमसे टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम एवं स्वागतयोग्य कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की ऐसी कारगुजारियों एवं ज्यादतियों पर नजर रखनी चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि ऐसी शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए।

कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी, सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, गैरवाजिब टोल टैक्स वसूला जाना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना भी एक बड़ी समस्या है, भले ही इस समस्या से मुक्ति के लिये सरकार ने कदम उठाये हैं, फास्टैग व्यवस्था के लागू करने से लाइनें छोटी हुई है। आज 98 प्रतिशत वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। निश्चित तौर पर राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है, पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है एवं यातायात सुगम बना है। मोदी सरकार ने सड़कों को सुविधाजनक बनाया है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिर टोल प्लाजा पर गाड़ी धीमी करने व रोकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसे देश में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था सड़क-क्रांति को एक नई दिशा देगा। दरअसल, यह नया सिस्टम न केवल सही ट्रैकिंग कर पाएगा बल्कि यह राजमार्ग पर उपयोग की गई दूरी के आधार पर सटीक टोल गणना भी करेगा। बहुत संभव है आने वाले वर्षों में कार निमार्ता कंपनियां अपने वाहनों पर ट्रैकिंग डिवाइस लगाएं। प्रारंभ में इस सिस्टम को प्रमुख हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लागू किया जाएगा। इसके बावजूद सरकार के लिये यह जरूरी है कि वह सड़कों की गुणवत्ता को बनाये रखे एवं गुणवत्ता वाली सुविधा की सड़कों पर ही टोल वसूले।

राजमार्गों पर यात्रा करने के दौरान आपके बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट से पैसा कट जाता है। इसमें भी गलत तरीके से पैसे कटने की शिकायतें बढ़ती जा रही है। किसी व्यक्ति के फास्टैग से बिना टोल से गुजरे टोल टैक्स काट लिया जाता है या ज्यादा टोल वसूल लिया जाता है, जो उपभोक्ताओं के लिये परेशानी का सबब है। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार, सड़क निर्माण और रखरखाव के अपने लक्ष्यों को हासिल करने में विफल रहा है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि एचएचआई ने टोल अनुबंधों को आकार देने और निगरानी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया है और टोल सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की है। रिपोर्ट में टोल संग्रह प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी और दोषपूर्ण टोल प्लाजा, ओवरचार्जिंग और लंबी कतारों के कारण सड़क उपयोगकताओं को होने वाली परेशानी और असुविधा पर भी प्रकाश डाला गया है। इन सभी हालातों को देखते हुए भारत में राजमार्गों एवं सुविधा की सड़कों के नाम पर हो रही टोल टैक्स वसूली को औचित्यपूर्ण एवं न्यायसंगत बनाने की अपेक्षा है। सुविधा के नाम असुविधाओं, असुरक्षा एवं धोखाधड़ी की बढ़ती स्थितियों को गंभीरता से लेना होगा।

## हम पंछी उन्मुक्त गगन के

प्रभु के बालक हम है छोटे छोटे,
अलग हैं दुनिया की रिश्तेदारी से,
अपने दिल की हर बार सुनते हैं,
दूर है समझदारों की समझदारी से ।

है हम पंछी उन्मुक्त गगन के ,
पूरा है हमारा खुला आसमान,
हमारे हौसलों को रोकने का,
कोई नहीं दे सकता फरमान ।

अपने सपनों की रंग बिरंगी,
दुनिया में हमने इंद्रधनुष बनाया है,
मेहनत के दम पर अपनी दुनिया को,
सात रंगों से सुंदर सजाया है ।

हम उड़ते हैं दूर तलक स्वतंत्र मस्त गगन,
बेड़ियों की जहां नहीं होती है जकड़न,
हो पथ में कोई भी संगी साथी आगे पीछे,
निर्मल प्रेम में मग्न "आनंद" भरा हमारा मन ।

मुस्कुराते हुए फड़फड़ाते ये सजीले पंख,
संगीत बहता सुरीला प्रकृति गाती संग-संग,
दूसरों की खुशी में भी रहते सदा खुश,
कहलाते जग में दिवाने आनंद मस्त मलंग ।



मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई, तमिलनाडु

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# मतदाताओं ने मोदी को बदलने का मैसेज दिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी शपथ को बीस दिन हो गए है। केबिनेट, संसद की बैठक, स्पीकर चुनाव और राष्ट्रपति का अभिभाषण सब हो गया है। तो सोचे, क्या आपको कोई एक भी क्षण, एक भी घटना, एक भी चेहरा, एक भी जुमला और एक भी ऐसा परिवर्तन दिखलाई दिया जिससे लगा मानों ताजा हवा का झौका हो। क्या केबिनेट में कुछ नया, ताजा दिखा? क्या प्रधानमंत्री दफ्तर, सरकार की आला नौकरशाही में कोई परिवर्तन झलका? ऐसी कोई नई प्राथमिकता, नया मुद्दा, नया विषय प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के मुंह से निकला जिससे लगे कि जिन बातों (रोजगार, महंगाई, बेहाल जिंदगी, नौजवान आबादी, किसान, मजदूर, मध्यवर्ग आदि) पर मतदाताओं ने मोदी के चार सौ पार के नारे को नकारा, तो उससे सबक सीख कर जिंदगी के रियल मसलों पर मोदी 3:0में नया कुछ बनने की संभावना है? इस बात को इस तरह भी रख सकते है कि मतदाताओं ने नरेंद्र मोदी को बदलने का मैसेज दिया, विपक्ष में दम भरा तो शासन और राजनीति में आम रायसे, सबसे सलाह करके, सबसे पूछ कर निर्णय का नया सिलसिला बनना चाहिए था या नहीं? उस नाते क्या नरेंद्र मोदी को अपने को रिइंवेंट नहीं करना था? भाषण कम करके, विपक्ष से पंगा कम ले और सवार्नुमति बना कर राज करने का नया अंदाज। मैं, मैं भगवान, मैं महान की बजाय हम, एनडीए, भाजपा और पक्ष-विपक्ष सब एक ही देश के अंशधारी है, यह सोचते हुए सबका साझा,सबका साथ, और सबके विकास की जुमलेबाजी को नई तरह से गढ़ा जाना चाहिए था। मतलब प्रधानमंत्री खुद ही विपक्ष से बात करके, विपक्षी नेताओं को बुलाकर आम राय से ऐसा स्पीकर बनाते जिससे संसद की आभा बढ़ती। बुद्धी, मेघा, अंग्रेजी-हिंदी की भाषागत प्रवीणताओं और व्यवहार से वैश्विक जमात, मंच और संगठनों में भारत की उपस्थिति मौजूदगी हो तो दुनिया को लगे कि सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का स्पीकर कैसा भव्य व्यक्तित्व लिए हुए है।

क्या आपको लगता है ऐसी कोई भी चिंता या दिल-दिमाग में सोच का परिवर्तन नरेंद्र मोदी3:0 में आया है? असलियत में बीस दिनों में नरेंद्र मोदी ने हर वास्तविकता से मुंह चुराया है। चुनाव नतीजों के बाद नरेंद्र मोदी ने न तो भाजपा के पदाधिकारियों से सीधे-सीधे बात की और न भाजपा संसदीय दल की बैठक बुला कर उसमें नतीजों और नए नेता के चुनाव पर विचार किया। न ही संघ परिवार के पदाधिकारियों को बुला कर उनके साथ विचार, सलाह और परस्पर विश्वास बनाने जैसी कोई पहल की। विपक्ष और विपक्ष की सबसे पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष से सीधी बात करने की हिम्मत नहीं दिखाई। राजनाथसिंह को आगे करके सहयोगी दलों और विपक्षी नेंताओं से दिखावे का सलाह-मशविरा था। किया वही जो मन में था।सभी निर्णय उसी ढर्रे में जो पिछले कार्यकाल से चला आ रहा है।

इसलिए भाजपा के भीतर या सरकार में या संसद में वही होगा जो पहले होता आया है। नई सरकार का पालने में बीस दिनों के लक्षण वही है जो दस सालों का ढर्रा है। यह स्वभाविक है इसलिए क्योंकि नरेंद्र मोदी के लिए तीसरी दफा शपथ लेना ही परम संतोष याकि यह लक्ष्य प्राप्त है देखों, देखों मैंने जवाहरलाल नेहरू की तरह लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का कीर्तिमान बना लिया। मुझे इतिहास वैसे ही याद रखेगा जैसे नेहरू को रखता है !मतलब जैसे गांव, पंचायत में होता है कि यदि कोई सरंपच, लगातार दस-पंद्रह साल लगातार पद पर बना रहे तो वह और उसका परिवार अपने को इलाके का राजा हुआ मानता है और एसडीओ, बीडीओं तथा लोग सब उसके अंहम के कसीदे काढ़ते है। वैसे ही मनोभाव में नरेंद्र मोदी अपने प्रधानमंत्रित्व का तीसरा टर्म इस सोच में पूरा करेंगे कि जब तीसरी बार बन गए है तो ऐसा होना उनके 2014 से अपनाएं तौर-तरीकों और शासन की बदौलत ही तो है। इसलिए ढर्रा याकि यथास्थिति याकि बासी कढ़ी ही भारत का अमृत है। हिंदुओं और भक्तों की परम सिद्धी है तो कुछ बदलने की, या नया कुछ करने की भला क्या जरूरत है? शपथ हो गई है न। इसका अहसास कराने के लिए ही नरेंद्र मोदी ने शपथ समारोह को ज्यादा भीड़भरा और भारत के भीड़ चरित्र को उद्घाटित करने वाला बनाया। फिर बिना किसी एजेंडे के जबरदस्ती जी-7 की बैठक में भी चले गए। अब अगले महिने पुतिन से मिलेंगे तो बाद में चीन शी जिन पिंग के साथ भी फोटोशूट करवाएंगे।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** — बाहर काम से गए है,परिवार को परेशानी आएगी, हृदय रोग, साँस, एलर्जी की समस्या बढ़ सकती है, पब्लिशिंग, ट्रैवल, मोबाइल शॉप,फोटोग्राफी, टाइपिंग कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-57

**वृषभ** — रिश्ते में अनबन है तो पहल करे,संतान के अच्छी जगह एडमिशन का विचार बनेगा,वाणी द्वारा कार्य, कोचिंग, कुकिंग, पेंटिंग, घर पर कपड़े सिलना, ब्यूटीशियन कार्य शुरू कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-60

**मिथुन** — जो काम सेट होने जा रहा था उसमें मुश्किल बढ़ेगी, जुझारू बने रहेंगे, प्रॉपर्टी नीलाम हो सकती है, कानूनी दाव पेच का सामना करना पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** — विदेश जाने की अटकलें दूर होगी, किसी बात का तनाव ले रहे है सावधानी बरतें, प्रॉपर्टी से लाभ सम्भव है कोई डील होगी। भाग्य प्रतिशत-63

**सिंह** — महत्वपूर्ण कार्य बनेगा, अच्छी रकम जोड़ पाएंगे या उससे कोई प्रॉपर्टी खरीद सकते है, मनोरोग, दंत रोग, नसों के रोग है तो सावधानी बरतें। भाग्य प्रतिशत-75

**कन्या** — मनचाही चीजें जीवन में होंगी फिर भी नाखुश रह सकते है, ज्योतिषी से परामर्श कर सकते है, शिक्षा में परिश्रम करें। भाग्य प्रतिशत-50

**तुला** — नौकरी में छुट्टी सोच समझकर ले, जीवन साथी को चोट लग सकती है या कोई सर्जरी सम्भव है, गुरु से मिलना होगा, व्यवसाय में प्रगति होगी। भाग्य प्रतिशत-56

**वृश्चिक** — चर्म रोग, थायरायड, ईएनटी रोग से परेशान है तो डॉक्टर से परामर्श लेंगे, सरकारी परीक्षा में कोई चूक हो सकती है, दिमाग अशांत रहेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**धनु** — दाम्पत्य जीवन में दूरी थी तो बातचीत का अवसर मिलेगा, इन्वेस्टमेंट करने व शेयर लेने की योजना बनेगी, रत्न व्यवसाय से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-68

**मकर** — जुड़ा धन अदालती मामलों में खर्च हो सकता है, स्किन एलर्जी परेशान कर सकती है, बैंकिंग मामले में समस्या होगी, विचारो में उलझ सकते है, योगाभ्यास करें। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** — बड़ी डील करने का अवसर है, आर्थिक पक्ष मे लंबे समय से परेशानी थी तो हल होने का योग है, परिवार को लेकर असुरक्षा बढ़ेगी, मन की बात किसी विश्वासपात्र से ही करें। भाग्य प्रतिशत-73

**मीन** — घर में लोगों का आना जाना होगा, जीवन साथी को स्वास्थ्य समस्या सम्भव है, बेचैनी तनाव अनुभव करेंगे, बातचीत करने से मन हल्का होगा। भाग्य प्रतिशत-51



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति और आर्थिक विकास की जुगलबंदी

भारत के कृषि, चिकित्सा,संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फ स्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है।

सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान खेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।

जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान



संजीव ठाकुर

करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 140 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निसंदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है,लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है।

सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है ई गवर्नेंस वस्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मॉडल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके। दुनिया के हर महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री विकास के मॉडल में विज्ञान की तकनीकी का प्रयोग अत्यंत एवं आवश्यक मानते हैं। अब विकास के साथ विज्ञान और मूल्य का सही संयोजन जरूरी है ताकि असमानता के स्थान पर सभी का विकास संभव हो सके।

विज्ञान की अथाह क्षमता तथा शक्ति का सदुपयोग विकास के पथ को तीव्र सरल तथा उच्च उत्पादकता वाला बनाना होगा। गरीबी की दर्दनाक पीड़ा पर यह मरहम लगाकर उसे हटाने का बेहतर साधन भी बन सकता है। वैज्ञानिक तकनीक के साथ यदि मानवीय संवेदनाओं का समावेश हो तो यह कई गुना अधिक सफल बन सकती है। ऐसे में 'येन केन प्रकारेण' धन कमाने की लिप्सा और शोषण की सोच की जगह 'सर्वे भवंतू सुखिनः' जैसी सकारात्मक भावनाएं समाज में व्याप्त हो तभी विकास की सही दिशा को कोई भी राष्ट्र प्राप्त कर उस देश की गरीबी को हटाने में सफल हो सकता है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# शादी की खुशियां मातम में बदली परिवार पानी में समा गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धामपुर।** समीपवर्ती ग्राम आमखेड़ा का एक परिवार पूना महाराष्ट्र में जा बसा था जहां परिवार में एक शादी समारोह था तभी इसी बीच परिवार के छोटे बड़े लोनावाला की धुसीवाला झील में धुमने निकल गया और वहां अचानक तेज पानी आने लगा तो बीच में दस लोग फंस गए जिसमें बच्चे भी शामिल थे बाकी लोग झील से बाहर थे तभी आसपास के लोगों ने बहुत प्रयास किया लेकिन तमाम उपाय के बीच पानी का बहाव बढ़ता ही गया और सोलह लोगों के ग्रुप में दस लोग बीच में थे जो तमाम कोशिशों के बाद भी तेज बहाव में बह गए जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई है और पांच लोगों को रैसकयू टीम तलाश कर रही है पहाड़ी झरने के तेज बहाव से एक साथ दस लोगों को बहते हुए बाकी लोगों की चीख-पुकार मच गई और शादी की खुशियां मातम में बदल गई जबकि यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने पर गांव में कोहराम मच गया वहीं पुरी घटना से रोंगटे खड़े हो गए क्योंकि कि गर्मी के चलते महिला पुरुष बच्चे नहाने के लिए कहीं भी चल देते हैं और बराबर कहीं ना कहीं आएं दिन दर्दनाक मौत हो चुकी है इसलिए सावधान रहें सतर्क रहें और अकारण नदियों झीलों झरने और नहरों की तरफ खुद भी नहीं जाएं और बच्चों को भी नहीं जानें दे।



# अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन को लोककल्याण दिवस के रूप मे मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ!** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री सांसद पीडीए के जननायक अखिलेश यादव जी के 51 वे जन्म दिन को आज लोककल्याण दिवस के रुप में चौ चरण सिह पार्क कमिश्नरी पार्क में धूमधाम के साथ मनाते हुऐ केक काटकर दीघार्यु होने की कामना की गई इस अवसर पर पी डि ए के प्रतीक पीपल बरगद नीम के पेड लगाये गये पार्क में सभी ने संविधान को बचाने पीडीए के सम्मान को बचाने का आह्वान किया गया है । इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व पार्षद अफजाल सैफी रविन्द्र प्रेमी





वसीम राहुल पूर्व प्रदेशसचिव युवजन सभा कपिल राज शर्मा अहतेशाम इलाही मनोज चपराणा रियाज खान महजबी सुलताना शिल्पी पटेल राष्ट्रीय सचिव समाजवादी युवजन सभा सरफराज कुरैशी दीपक गिरी जयवीर सिह महमूद इकबाल कस्सार। मुस्ताक सैफी हिफ्जुर्हमान अन्सारी शमशुद्दीन कुरैशी कासिम जैदी हिमाशु सिद्धार्थ अशोक जाटव सन्दीप तितौरिया दलीप कोरी साजिद चौहान मिथलेश जाटव जयराज चपराणा अमित भडाना बाबर चौहान नूर आजमा आबिद राणा आदि मौजूद रहे!

# लिंक रोड के अंतर्गत महाराजपुर पुलिस चौकी प्रभारी जाहिद खां ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** थाना लिंक रोड अन्तर्गत महाराजपुर पुलिस चौकी प्रभारी जाहिद खां द्वारा रविवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर के आदेश और थाना लिंक रोड प्रभारी के दिशा निर्देश पर ये चैकिंग अभियान चलाया गया ।

ये अभियान दिल्ली आनन्द विहार से गाजियाबाद के महाराजपुर कौशांबी क्षेत्र में आ रही गाड़ियों को रोककर तलाशी ली गई जिसमे दो पहिया वाहन और बड़ी गाड़ियों को रोककर वाहनों के कागजात, हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ गाड़ियिों के डिक्की खोलकर जांच की। हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन में कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। वाहन चेकिंग का नेतृत्व कर रहे चौकी प्रभारी जाहिद खां ने बताया की इस तरह के अभियान समय समय पर चलाए जाते हैं क्योंकि हमारा क्षेत्र राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और उत्तर प्रदेश की बॉर्डर पर स्थित है तो हमारी सतर्कता और भी बढ़ जाती है और पूरे प्रदेश में इस तरह के अभियान पूर्व में भी चलाए गए थे और अभी भी निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों को सख्त हिदायत दी गई कि वे हेलमेट, जूते पहन कर ही वाहन चलाएं तथा यातायात के नियमों का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं ताकि आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके।



# डाक्टर्स डे पर केक काट कर जी.एस. मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चिकित्सको को किया गया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** सोमवार को जी.एस. अस्पताल चिकित्सक दिवस के मौके पर चिकित्सको को सम्मानित करने के उद्देष्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका शुभारम्भ अस्पताल की मेडिकल डायरेक्टर डॉ रूपाली शर्मा, डॉ नेहा गोयल, सुप्रिंटेडेंन्ट डॉ सुरेन्द्र कुमार, डीन डॉ प्रदीप गर्ग आदि ने दीप प्रज्वलन के साथ किया, सभी डॉक्ट्रस को एम.बी.बी.एस. के छात्रों ने गुलदस्ता देकर व तिलक लगाकर सम्मानित किया उसके उपरान्त सभी ने सामूहिक केक काटा। डॉ रूपाली शर्मा ने बताया कि जी.एस. अस्पताल में कार्यरत सभी डॉक्ट्रस के योगदान के फलस्वरूप हम अपनी सफलता की नई उॅचाईयां हॉसिल करने में कामयाब रहे हैं। डॉ प्रदीप गर्ग व डॉ एस.कुमार ने चेयरमैन गंगा शरण शर्मा के दृष्टिकोण की सराहना की एवं बताया कि जी.एस. अस्पताल आस-पास के क्षेत्र में बेहतर व प्रभावकारी उपचार के साथ-साथ मेडिकल, नर्सिंग एवं आयुर्वेदा के क्षेत्र में उत्तम शिक्षा प्रदान कर रहा है। अस्पताल के उपनिदेशक मनोज शिशौदिया ने अस्पताल पर आधारित चलचित्र प्रस्तुत किया जिसमे गत वर्ष क्लोज्ड आई.सी.यू., इन्टेंसिव केयर यूनिट एवं केंसर भवन का उदघाटन व अन्य सभी उपलब्धियां प्रदर्षित हो रहीं थी । शिसोदिया ने बताया कि दुनिया के कई क्षेत्रों में डॉक्टरों को भगवान के बाद दूसरे स्थान पर माना जाता है। भगवान हमें जीवन प्रदान करते हैं, और डॉक्टर बदले में उस जीवन को स्वस्थ तरीके से जीने में हमारी सहायता करते हैं। इस मौक पर कोविड में जान की बाजी लगाकर लोगो की जान बचाने वाले सभी चिकित्सको की सराहना की व उपचार के दौरान जान न्योछावर करने वाले चिकित्सको के लिए संवेदना व्यक्त की गई। कार्यक्रम में डॉ. अंशुमान, डॉ कुलदीप गोगीया, डॉ. नीरज, डॉ लोकेश गौतम, डॉ लवीका, डॉ. गुप्ता, डॉ विजय, डॉ फैजल, डॉ वनिता, डॉ अरूण, डॉ जोशी, आदि सभी विभागाध्यक्ष व अस्पताल प्रबंधक एस.एन. सिंह, एच.आर. मेनेजर , शशी प्रभा शर्मा, बिलिंग मेनेजर श्रीमति रैनू पांडे, क्वालीटि मेंनेजर शौरभ वशिष्ठ, मरीज देखरेख अधिकारी अभिनव सचान उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित करें: जिला जज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,नई दिल्ली आदेशानुसार व उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशन में आगामी 13 जुलाई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सोमवार को

## आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह की अध्यक्षता में जनपद के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, डा0 रीमा बंसल ने समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रशासनिक एवं ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर लंबित समस्त मामलों को निस्तारण करने हेतु विशेष निर्देश दिये गये एवं समस्त अधिकारियों को भी ज्यादा से ज्यादा वाद प्री-लिटिगेशन/प्री-ट्रायल के माध्यम से निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक का संचालन नोडल अधिकारी/अपर जिला जज,डॉ0 रीमा बंसल की देखरेख में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ब्रहमपाल सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी चिकित्सा अधिकारी, शिव कुमार समाज कल्याण अधिकारी, प्रदीप कुमार सिंह, सचिव हापुड़ विकास पिलखुवा विकास प्राधिकरण, मनु शर्मा मुख्य अग्निशमन अधिकारी, अरुण शर्मा अधिकारी स्टाम्प विभाग,सर्वेश कुमारी सहायक श्रम अधिकारी, इला प्रकाश जिला प्रोबेशन अधिकारी,अमोद कुमार प्रतिनिधि जिला अल्पसंख्यक विभाग, रविन्द्र कुमार मनोरंजन कर अधिकारी ,हिमांशु कर्दम, जिला आबकारी अधिकारी, रमेश कुमार चौबे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, हापुड़ आदि उपस्थित रहे।



# दबंगों का जलबा कायम:-महाराणा प्रताप चौक पर अवैध रूप से खुलेआम दुकान्दार पिला ते है दारु

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/चंदौसी।** प्रदेश में शराब पर प्रतिबंध लगाने को लेकर हर तरफ आवाज उठ रही है पर शराब पीने के शौकीन शराब पीने के बाद भी लोगों के लिए

## शिकायतकर्ता को आरोपी देते हैं गालियां और जान से मारने की धमकी

परेशानी का कारण बन रहे हैं ऐसा ही मामला चंदौसी का है यहाँ महाराणा प्रताप चौक पर लोग शराब पीते हैं और गंदगी फैला रहे हैं आपको बताते चले कि बदायू चुंगी, चन्दौसी में राजमार्ग -43 पर शराब की दुकानों के आस-पास नाले के ऊपर अवैध दुकाने लगाकर अतिक्रमण कर खुलेआम शराब पिलाई जाती है और शराबी बीच सड़क पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान करते है जिससे राजमार्ग में अवरोध उत्पन्न होता है और सड़क हादसे की भी प्रबल संभावना बनी रहती है। नाले के ऊपर अवेध दुकाने लगाने से नगर पालिका परिषद चन्दौसी के सफाई कर्मियों को नाले को साफ करने में बहुत दिक्कत आती है, जिस कारण जल भराव की समस्या बनी रहती है व खुले में इस तरह शराब पिलाने के बाद शराब के प्लास्टिक के गिलास व नमकीन की पन्नियाँ नाले में डाल दी जाती है, जिससे आये दिन नाला चोक हो जाता है। राजमार्ग पर शराब पिलाने के चलते महिलाओं व स्कूल की बच्चियों का निकलना तक मुश्किल कर दिया है जबकि शराब की दुकान के निकट करीब पुलिस चौकी है व सामने शिव शक्ति कंप्यूटर सेंटर है, जहां लड़के व लड़कियाँ कंप्यूटर का कोर्स सीखने आते हैं एव महाराणा प्रताप का पार्क भी है। इन लोगो के पास न तो खुलेआम शराब पिलाने का फूड लाइसेंस है और न ही आबकारी विभाग से शराब खुलेआम राजमार्ग-43 पर शराब पिलाने का कोई लाइसेंस, जिससे सरकार को भी भारी राजस्व की हानि हो रही है। इस प्रकरण की मोहल्ले वासियो द्वारा द्वारा कई बार पुलिस को सूचना भी दी गई, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है शिकायतकर्ता तीरथ किशोर चतुर्वेदी का कहना है कि जब से पुलिस मे इन लोगों कि खिलाफ शिकायत की है तभी से राकेश व उसका छोटे भाई अंशु पुत्र कलीचरण एवं उसके परिजन पुलिस व प्रशासन को सूचना देने से रंजिश मानकर एक राय होकर आपराधिक साजिश के तहत उसके परिजनों को गाली गलोच और जान से मारने की धमकी देते है ।



# ब्राह्मण समाज ने की एसओ पर कार्यवाही की मांग, कहा पंडितों के खिलाफ कई मुकदमे लिखवा चुके हैं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं ।** फैजगंज बेहटा थाने के प्रभारी वेदपाल सिंह का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह कह रहे हैं कि पंडितों के खिलाफ कई मुकदमे लिखवा चुके हैं। थाने भेज दो तो बरात चढ़ने से रोकने वालों के खिलाफ भी मुकदमा लिखवा दूंगा। अगर मामला सही हो तो मुकदमा लिखने में हम देरी ही नहीं करते। इस मामले में एसएसपी ने बिसौली के सीओ को जांच सौंपी है। ऑडियो क्लिप के अनुसार, शनिवार को कुंवरगांव इलाके के एक व्यक्ति ने फैजगंज बेहटा एसओ वेदपाल सिंह को कॉल की थी। वह पाठकपुर धनियावली गांव में चल रहे विवाद को लेकर कॉल कर रहा था और अनुसूचित जाति के लोगों की ओर से एफआईआर दर्ज कराने की सिफारिश कर रहा था। इस दौरान एसओ और उसके बीच बातचीत हुई। एसओ कहते सुने गए कि अभी परसों पंडितों का मामला सामने आया था। उसमें एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। कुछ दिन पहले धनियावली गांव में दो जातियों के लोगों के बीच विवाद हुआ था। तब से एक जाति के लोगों ने दूसरी जाति के लोगों को भंडारे से उठा दिया था।




# शिकारपुर में गांधी पार्क पर अवैध कब्जा कर रही नगर पालिका, आंदोलन का ऐलान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** नगर पालिका परिषद की भाजपा चेयरमैन और प्रशासन द्वारा अवैध रूप से महात्मा गांधी पार्क पर कब्जा करके दुकानों का निर्माण कराने पर गांधीवादी लोगों में भारी आक्रोश है । महात्मा गांधी के पार्क पर अवैध कब्जा करने के खिलाफ सोमवार को ब्राह्मण धर्मशाला में लोगों की पंचायत हुई और आंदोलन का संकल्प लिया गया । पंचायत के बाद महात्मा गांधी पार्क तक गांधीवादी लोगों ने मार्च किया और भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर आर पार की लड़ाई का ऐलान किया ।

कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कहा कि भाजपा के विधायक और चेयरमैन ने मिलकर प्रशासन की सह पर करोड़ों रुपए वसूली के लिए गांधी पार्क पर दुकान बनवाई हैं ।उन्होंने कहा कि नगर पालिका खुद गांधी पार्क की जमीन पर है लेकिन भाजपा सरकार में अवैध कब्जा करके महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण के खिलाफ आंदोलन करेंगे और हर स्तर पर आवाज उठाएंगे ।

उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण करने वालों पर FIR होनी चाहिए ।

कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शिवराम बाल्मिकी ने कहा कि इंडिया गठबंधन महात्मा गांधी पार्क पर अवैध कब्जा नहीं होने देगा । उन्होंने कहा कि चेयरमैन ने करोड़ो रुपए का गबन करने के लिए अवैध निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि हर तरह से आंदोलन के साथ हैं ।

सपा के पूर्व विधायक बंशी पहाड़िया, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी ने कहा कि यह लड़ाई दो विचारधाराओं की लड़ाई है। महात्मा गांधी पार्क पर अवैध कब्जा करना भाजपा की सोच को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए । सपा नेत्री अर्चना पांडा ने कहा कि महत्मा गांधी की हत्या के समर्थन की सोच वाले लोग आज गांधीपर्क पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह आंदोलन में हर तरह साथ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ लोगों को एकजुट होना होगा। अध्यक्षता कैप्टन अनोखेलाल शर्मा ने की।

इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी जियाउर्रहमान, शिवकुमार शर्मा लालनेर, नवीन शर्मा मीरापुर, दिनेश पंडित कैलावन, बसंत पंडित, कैप्टन अनोखेलाल शर्मा, दीपक मित्तल, योगेश शर्मा, पप्पू महाराज, किसान नेता नरेश प्रधान, साजिद चौधरी, शेरखान सदुआ ,मुंशी हसन, प्रेमप्रकाश शर्मा, गिरीश शर्मा, सुरेश कामरेड, विजय जैनवाल, मदन बाल्मिकी, गोपाल शर्मा, विपुल कौशिक, महेंद्र सिंह, गगन शर्मा, कलुआ पंडित, महेश शर्मा, अलीमुद्दीन, संजय शर्मा, सुरेंद्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार



### स्कूल कालेज खुले तो सड़कें जीवंत हो उठी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** एक माह की छुट्टी के बाद आज सवेरे सुनसान रहने वाली सड़कें जीवंत हो गई और बच्चों की चहल-पहल की किलकारियां हंसने रोने की आवाजें सुनाई दी तो वहीं एक माह से सहपाठियों से मुलाकात कर बच्चे खिल उठे वहीं प्रचंड गर्मी और उमस से बच्चे पसीना पसीना हो गये।



### आंवला में मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** आज आंवला विधानसभा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 51 वें जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओ ने केक काटा और अपने नेता को शुभकामनाएं दी। सपा नेता अमितराज सिंह ने बताया कि जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप के साथ कार्यकर्ताओ ने वृक्षारोपण करके जन्मदिन मनाया तथा सभी लोगों ने दीघार्यु व स्वास्थ जीवन की कामना करते हुए पार्टी को और मजबूत करने का संकल्प लिया।



**संकल्प** धम्मदीपा इंटरनेशनल बुद्धिस्ट यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ.धम्मपिया ने कहा कि तथागत बुद्ध के आदर्श हमेशा से समानता व मानव कल्याण हेतु रहे है

# आभार बैठक में लिया तथागत बुद्ध के विचारों को पल्लवित करने का संकल्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय एवं अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल समापन के परिप्रेक्ष्य में सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज में आभार बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज के सलाहकार एवं त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी के संयोजक डॉ.हिरो हितो ने की। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह, एक भारत श्रेष्ठ भारत के नोडल अधिकारी व सहायक निदेशक डॉ राजेश अहिरवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि त्रिदिवसीय गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा देश में तथागत बुद्ध की शिक्षा के तहत प्रेम, करूणा, एकता एवं सौहार्द का संदेश गया है, जो भारत सहित विश्व में शांति स्थापित करने में अत्यंत सहयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रबुद्ध विद्वानों द्वारा सत्र परिचर्चा भी रही। साथ ही एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर विभिन्न मतावलंबी विद्वानों की परिचर्चा द्वारा देश में एकता, समानता व सौहार्द का संदेश दिया गया। उन्होने बताया कि त्रिदिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय गोष्ठी में भारतीय परंपराओं में बुद्ध विषय पर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति रही। धम्मदीपा इंटरनेशनल बुद्धिस्ट यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति पूज्य डॉ धम्मपिया ने कहा कि तथागत बुद्ध के आदर्श हमेशा से समानता व मानव कल्याण हेतु रहे है। उन्होंने कहा कि भारत की धरती से बौद्ध धर्म ने उदय होकर विश्व को एकता, समानता, सम्मान का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बौद्ध दृष्टिकोण से, ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ल की अवधारणा को एकता, करुणा और सामान्य भलाई जैसे मूल सिद्धांतों के साथ संरेखित किया जा सकता है। बौद्ध धर्म परस्पर जुड़ाव और इस विचार पर जोर देता है कि सभी प्राणी एक बड़े समग्र का हिस्सा हैं। एकीकृत भारत को बढ़ावा देना सद्भाव और सामूहिक कल्याण के बौद्ध आदर्श के साथ संरेखित है। उन्होंने सुभारती समूह द्वारा बौद्ध धर्म हेतु किये जा रहे कार्यो की सराहना की।

अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह ने कहा कि भारत की धरती बुद्ध की धरती है, हमारा देश का इतिहास संस्कारों व सेवा से भरपूर है। उन्होंने कहा कि तथागत बुद्ध ने हमेशा मानव कल्याण के कार्य करने हेतु शिक्षा दी है, जो आज के समय में विश्व की आवश्यकता है।

उन्होंने स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा तथागत बुद्ध के संदेश को विश्व में पल्लवित करने हेतु किये जा रहे गौरवान्वित कार्यो पर हर्ष प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ राजेश अहिरवार, प्रतिकुलपति डॉ हिमांशु ऐरन, डॉ वैभव गोयल भारतीय, डॉ पिन्टू मिश्रा, डॉ एससी थलेड़ी, डॉ. चन्द्रकीर्ति, डॉ. सीमा शर्मा, यशपाल सिंह, मनीषा लूथरा सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# नरकीय जीवन जीने को मजबूर ग्रामीण,अधिकारी खामोश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई।** जनपद में पिछले लगभग एक



हफ्ते से हो रही बरसात से जनपद वासियों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। यह मुख्य मार्ग हयातनगर को जोड़ता है। यही रास्ता कहीं गांव में से निकल जाता है। जनपद के शहर से लेकर गांव तक लोग जल भराव की समस्या से जूझ रहे हैं। बरसात शुरू होने से पहले शासन एवं प्रशासन के स्तर से कोई भी तैयारी नहीं की गई। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जबकि सरकार के साफ सफाई को लेकर बहुत सख्त होने के बावजूद भी सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी कुंभकर्णी नींद सोते रहते हैं।

ये मामला विकासखंड पवांसा क्षेत्र की ग्राम पंचायत आढौल ओर फत्तेहपुर उत्तमा का है। जिसकी ग्राम में बरसात के चलते कई दर्जन घरों में पानी घुस गया। जिसके चलते ग्रामीणों के घरों में चूल्हे भी नहीं चल सके। घर में रसोई से लेकर पूरे मकान में एक-एक दो दो फिट पानी भर गया। बीते कई वर्षों से गांव में तालाब के पास मकान में दो फीट से ज्यादा में पानी भर जाता है। जिससे उनका पूरा मोहल्ला जलमग्न हो जाता है। इसको लेकर पिछले 1 वर्ष से ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। परंतु कोई समाधान नहीं हो रहा।

## सहायक विकास अधिकारी ने उड़ाई शासन प्रशासन के आदेशो की धज्जियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल।** बहजोई में एडीओ पंचायत सहायक विकास अधिकारी विकास खंड बहजोई गुरुदयाल द्वारा शासन प्रशासन के आदेशो की धज्जियां उड़ाई गई है शासन प्रशासन द्वारा सभी जिलों के अधिकारियों को सुबह 10: बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने आफिस में बैठकर जनसुनवाई किए जाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए हैं लेकिन सहायक विकास अधिकारी को शासन प्रशासन के आदेशो की कोई भी परवाह नहीं है सुबह 11 बजे भी सहायक विकास अधिकारी गुरुदयाल अपनी आफिस में नहीं आएं जिससे ए डी ओ पंचायत कार्यालय पर और भी आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा आपकों बता दें कि शासन प्रशासन द्वारा सभी जिलों के अधिकारियों को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने आफिस में बैठकर वहां आने वाले लोगों की जनसुनवाई करने व उनकी समस्याओ को समाधान कराएं जाने हेतु आदेशित किया गया है लेकिन बहजोई के ए डी ओ पंचायत सहायक विकास अधिकारी गुरुदयाल कों शासन प्रशासन के आदेशों की कोई परवाह नहीं है बुधवार को सुबह 11 बजे के बाद तक ए डी ओ पंचायत गुरुदयाल अपने आफिस पर नजर नहीं आएं जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है ए डी ओ पंचायत को शासन प्रशासन के आदेशों के प्रति कितनी जिम्मेदारी है।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** ट्रेन से गिरकर युवक हुआ गंभीर रूप से घायल,



आनन फानन में जीआरपी पुलिस द्वारा युवक को संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया घटनाक्रम के अनुसार मुरादाबाद जिले के देवलपुरा मोहल्ले के रहने वाले 26 वर्षीय रामकुमार पुत्र पूरन जो की राजमिस्त्री का कार्य करता हैं वह अपने किसी काम से अलीगढ़ गया था जिसपर वह सोमवार कोअलीगढ़ मुरादाबाद ट्रेन से अपने घर वापस आ रहा था तभी ट्रेन मझोला हार्ट पर जैसे ही रुकी रामकुमार पानी पीने के लिए उतर गया जब तक रामकुमार वापस आता ट्रेन चल पड़ी रामकुमार चलती ट्रेन को पकड़ने का प्रयास करने लगा जिस पर ट्रेन के पायदान से रामकुमार का पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई इस पर जीआरपी व आरपीएफ पुलिस द्वारा मौके पर डायल 108 की मदद से राजकुमार को संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया जिस पर चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देख युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# तीन नये आपराधिक कानून के सम्बन्ध में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** सोमवार यानी एक जुलाई से उत्तर प्रदेश में आईपीसी की नई धाराएं लागू कर दी गई। सरकार की ओर से कई धाराओं के क्रम में बदलाव किया तथा कई धाराओं को खत्म कर नई धाराएं शुरू की गई है। सोमवार को कोतवाली परिसर में नए कानून को उत्सव के रूप में मनाया गया।



कोतवाली परिसर व भवनों को रंग बिरंगी गुब्बारों के रूप में सजाया गया। सुबह 11 बजे कोतवाली पहुंचे क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने उपनिरीक्षक, पुलिस कर्मी व अधिवक्ताओं को नए कानून को लेकर जानकारी दी। जिसमें धाराओं में बदलाव व नई धाराओं के विषय में बताया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह सहित अन्य अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# चिकित्सा दिवस पर जीएनआर एफ ने फ्री मेडिकल कैंप लगाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** ब्लॉक क्षेत्र के गाँव हाथीपुर चित्तू में








चिकित्सा दिवस के अवसर पर दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर से फ्री मेडिकल कैम्प लगाया गया।

जिसमें काबिल तरीन डाक्टरों के जरिये सैकड़ो मरीजों का चेकअप कराया गया। और फ्री दवाई वितरण की गई । इस अवसर पर संस्था के नगर अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया कि गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की यह कोशिश रहती है कि मुल्क भर में जहाँ कहीं भी कोई कुदरती परेशानी आती है वहाँ पहुच कर परेशान हाल लोगों की मदद करना गर्मी में पानी वितरण करना सर्दियों में कंबल वितरित करना और पौधरोपण करना और हर संभव मदद के लिए आगे रहना संस्था का मुख्य उद्देश्य है ।

इस अवसर पर संस्था के सदस्य डा. मुहम्मद रजा, गौसे कारी, कमर अली अशरफी, आलम अत्तारी, शमशाद अत्तारी आदि मौजूद रहे।

# श्री नारायण सेवा समिति, ने मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चंदौसी।** सोमवार को नगर के विनायक मार्ग स्थित चाणक्य क्लीनिक पर श्री नारायण सेवा समिति, चंदौसी के तत्वावधान में "राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस" बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि हमारे जीवन में स्वास्थ्य के लिए चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, रोगों से बचाकर चिकित्सक हमें नया जीवन प्रदान करते हैं । समिति प्रबंधक एडवोकेट हरीश कठेरिया ने बताया आज "राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस" पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई तथा चिकित्सा कार्य के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में अपनी निःस्वार्थ सेवाएं दे रहे डॉ.टी.एस.पाल को "चिकित्सक दिवस" पर पगड़ी-पटका से सम्मानित किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए डॉ.टी.एस.पाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. विधान चंद्र राय के जन्म दिवस को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। सेवाभाव एवं लगन से चिकित्सा कार्य कर रहे डॉक्टर्स को आज भी भगवान का दर्जा दिया जाता है। संरक्षक के. जी. गुप्ता ने कहा कि जघन्य रोगों की परिस्थिति में डॉक्टर ही हमें मृत्यु से भी बचाते हैं । मुख्य अतिथि जगदीश राणा ने कहा कि चिकित्सा हमारे सच्चे स्वास्थ्य रक्षक है हमारा जीवन उन पर आधारित है । अखिलेश सक्सेना ने कहा कि डॉक्टर कमजोर करने वाली स्थितियों के लिए उन्नत उपचार का इलाज की खोज में विशेषज्ञ रखते हुए बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करते हैं । इसी तरह कार्यक्रम में सभी ने बारी बारी अपने विचार रखें

अध्यक्षता सुभाष चंद्र वार्ष्णेय ने संचालन डॉक्टर जय शंकर दुबे ने किया ।

इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थिति रहे रतनकुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, मोहित कुमार, राजेश कुमार, रोशन लाल तथा आकाश शर्मा आदि ।

# गांव की समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** सोमवार को तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन द्वारा समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी नीतू रानी को एक ज्ञापन सौपा गया ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम मौलागढ़ की गलियों तथा गांव की मुख्य सड़क जो प्राचीन शिव मन्दिर से होकर गुजरती है, पूरी तरह से तालाब बन चुकी है साथ ही गांव की गलियो व मुख्य मार्गों तथा आस पास की रिहायशी बस्ती में नाली तथा बरसात का गंदा पानी ठहरा हुआ है। जिससे भयानक दुर्गन्ध आ रही है और लोगो को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है और इस दुर्गन्ध की



बजह से भयंकर बिमारीयां पनप रही है क्योंकि नालियों में घरो का गंदा पानी भी आ रहा है जिससे लोग बीमार पड़ रहे है। और जनजीवन अस्त वयस्त है। साथ ही श्रावण मास का महीना आने में है, गंदा बदबूदार पानी प्राचीन शिव मंदिर मार्ग पर भरने की वजह से लोगो की धार्मिक भावनाये भी प्रभावित हो रही है। इसके सम्बन्ध में गांव वालो ने कई बार ग्राम प्रधान मौलागढ़ विजय सिंह उर्फ भूरे व सचिव मनोज चौहान को मौखिक व लिखित रूप से अवगत कराया है, लेकिन आज तक प्रधान व सचिव ने इस समस्या का कोई समाधान किया और न कोई सुनने को तैयार है और उनके साथ बदसलूकी की जाती है। जिससे गांव के लोग ग्राम प्रधान व सचिव की कार्य शैली से अत्यन्त दुखी है तथा उनकी निंदा करते है।

# समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के बदायू अखिलेश यादव का जन्मदिन ढोल नगाड़ों के साथ केक काटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस दौरान और साथ ही उनके जन्म दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ताओ ने मिलकर पौधा रोपण भी किया इस फकरे आलम ,विमल चौधरी,विक्रम यादव ,ओम प्रकाश प्रजापति ,अजय पाल यादव ,मुजीब आलम ,दिव्यांशु





रोड स्थित सुभाष वाल्मीकि के आवास पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष कार्यक्रम में उनके द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की सराहना की गई व उनकी लंबी उम्र की कामना की गई। दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे। सुभाष कुमार वाल्मीकि, मास्टर गुलशन राय , हरबीर यादव, जय ,कुमार अभिषेक , विवेक आजाद संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब चन्दौसी पूर्वांचल द्वारा चिकित्सकों को किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** सोमवार को चिकित्सा दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब चन्दौसी पूर्वांचल द्वारा नगर के




चिक्त्सकों को सम्मानित किया गया इस दौरान क्लब के अध्यक्ष संजय किराना ने कहा कि चिक्तसक समाज के अभिन्न अंग है इनके बिना स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती साथ ही अश्वनी सक्सेना ने कहा कि कोराना के दौरान नगर के चिकित्सकों द्वारा की गई सेवा अविस्मरिणीय है आज का सम्मान एक सूचक मात्र है जिससे एक अच्छा एवं सच्चा संदेश समाज को मिले इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ नरेंद्र गुप्ता, डॉ जितेंद्र गुप्ता डॉ राहुल गोयल , डॉ मीनू गुप्ता, डॉ शशांक चौधरी , डॉ कमल किशोर, डॉ पयोध चौधरी को शाल उढ़ाकर। एवं तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रहे, संजय गुप्ता, अश्वनी सक्सेना,सुबोध गुप्ता,डॉ रमेश, मनोज राघव, नीरज चौधरी आदि।

# भारत टी 20का मैच बेईमानी से जीती, वायरल वीडियो में कहता युवक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

संभल/बहजोई। जिस देश का खाते हैं उसी देश से गद्दारी करने में बाज नहीं आ रहे कुछ भारत में बसे गद्दार। अभी 2 दिन



पहले भारत ळ20 वर्ल्ड कप जीता है जिसे लेकर पूरे भारत में खुशी मनाई जा रही है ` भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा मैच जीतने पर पूरे देश में बधाइयां देने का सिलसिला जारी है वहीं एक युवक दूसरे देश की हिमाकत करते हुए इंडिया को बेईमानी द्वारा मैच जीतने की बात कह रहा है वह वीडियो में साफ-साफ चिल्ला चिल्लाकर कह रहा है कि इंडिया बेईमानी से जीती है जिसकी वीडियो तेजी से वायरल हो रही है,वीडियो कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र के एक गाँव की बताई जा रही है।

**रैली** अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील, स्लोगन के माध्यम से किया गया जागरूक गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**आदमपुर।** पतेई खादर से स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। शिक्षकों और बच्चों ने विभिन्न क्षेत्रों में अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। बच्चों ने जन जागरूकता के लिए नारा लगाया कि आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे, मम्मी पापा हमें पढ़ाओ स्कूल में चलकर नाम लिखाओ,समग्र शिक्षा अभियान का कहना पढ़ाने जाएं सभी भैया बहना आदि नारो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।






उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक यशपाल सिंह ने कहा कि सत्र 2024-25 का प्रारंभ पहली अप्रैल से हो गया है। इस मौके पर सभी अभिभावकों से अपील की जा रही हैं की 6 से 14 वर्ष तक कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे। साथ ही सरकारी परिषदीय विद्यालय में अपने बच्चों का नामांकन कराएं और सरकार द्वारा निशुल्क शिक्षा का लाभ उठाएं। गौरव नागर ने बताया विद्यालय स्टाफ के साथ मिलकर पूरे गांव में बच्चों के साथ रैली निकाली गई। इस दौरान अभिभावक को बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया की शिक्षा से हमें रोजगार के अवसर, विकास के अवसर,आर्थिक लाभ, सामाजिक सुविधा, व्यक्तिगत सुख, ज्ञान व समझ , समाज में आर्थिक प्रगति तथा व्यक्तिगत और सामाजिक उद्धार का विकास होता है ।

इस मौके पर विजेंद्र सिंह ऋषभ चौधरी राजीव कुमार संदीप शर्मा बिजेंद्र भाटी ऋषिपाल आदि शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया एवं केई स्कूलों और अंबेडकर पार्क पक्का पर समाजवादी पीडीए पेड़ लगाकर पर्यावरण के संरक्षण के साथ साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक




समानता समता की प्राण वायु हर दिन हमको देंगे पीडीए पौधे लगाकर पर्यावरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया एवं हॉस्पिटलों में मरीजो को फल वितरण किये गए इस मौके पर बोलते हुए फिरोज खाँ ने कहा की आने वाला समय पीडीए का है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में 43 सीटे लोकसभा की जीतकर इतिहास रच दिया है आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और समाजवादी पार्टी का पौधा लगाने का कार्यक्रम 1 जुलाई से लगातार 7 जुलाई तक चलेगा एवं आज जन्मदिन के मौके पर कार्यकर्ताओ ने संकल्प लिया गया की सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। कार्यक्रम में शामिल रहे नवाब सद आदिल फैजान शाही डॉ अकील आरिफ खाँ जबर सिंह यादव गुलाम मुस्तुफा शाहीन मोनिस अमरपाल यादव गौरव यादव राशीद रियाजुद्दीन सलीम मुन्ना सुहैल अली दानिश रिहान खाँ कल्लू आदि लोग मौजूद रहे !

# कोतवाली प्रांगण में सीओ की अध्यक्षता में बैठक आहूत कर नये कानून के बारे में जनता को दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** कोतवाली प्रांगण में सीओ रामकरन की अध्यक्षता में नये कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयीं जिसमें जिसमें नगर व क्षेत्रीय जनता को नये कानून के बारे में बताया गया। सीओ रामकरन ने कहा कि सरकार ने शनिवार को नये कानून से जुड़ी अधिसूचना जारी की जिसमें इण्डियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया गया है. पुराना कानून अंग्रेजों के समय में करीब 170 साल पहले बनाया कानून था जिसमें अंग्रेजों की हुकूमत ने अपने हितों को ध्यान में रखते हुए बनाया था सरकार ने जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए अब पुराने कानून की धाराओं में संशोधन किया है अब कोई भी व्यक्ति अपनी कार्यवाही कहीं से भी करा सकता है उसे कोई पाबंदी नहीं होगीं कि वह घटना क्षेत्र में ही रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बाध्य हो लेकिन तीन दिन के भीतर उसे संबंधित थाने पर जाकर अपने हस्ताक्षर करने होगें जिससें प्रमाणित हो जायेगा कि पीड़ित व्यक्ति का मामला सही है। इस मौके पर नगर व क्षेत्रीय जनता के सम्मानित लोग मौजूद रहें।

# एफएम टावर मंजूरगढ़ी पर हाइवे बना तालाब, मुख्यमंत्री से शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**अलीगढ।** पहली ही बारिश में अलीगढ में सड़कों का बुरा हाल है । नगर निगम के स्मार्ट सिटी के दावों की पोल तो खुल चुकी है, वहीं लोकनिर्माण विभाग की सड़कें भी गड्ढों में तब्दील हो चुकी है` अनूपशहर रोड स्थित एफएम टावर मंजूरगढ़ी बाईपास पर हाइवे तालाब बन गया है । कई कई फीट गड्ढों से निकलने को स्थानीय लोग और राहगीर मजबूर हैं । आये दिन गाड़ियों के पलटने और गड्ढों से हादसे आम हो गए हैं । कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान एडवोकेट ने मुख्या सचिव और मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर दो साल में कई बार बनने के बावजूद हाइवे में गड्ढे होने को भ्रष्टाचार का साक्षात प्रमाण बताया है` शिकायत में जियाउर्रहमान ने अनूपशहर रोड स्थित एफएम टावर मंजूरगढ़ी बाईपास पर हाइवे हुए गड्ढों का वीडियो भेजते हुए लाखों लोगों के हित में तत्काल सड़क निर्माण कराने की मांग की है` साथ ही आरोप लगाया है लोकनिर्माण विभाग ने पिछले दो साल में कई बार सड़क बनाई है लेकिन फिर भी कई कई फीट गड्ढे हो गए हैं इसकी जांच होनी चाहिए` उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है` कमीशनखोरी ने सड़कों को गड्ढों और तालाबों में बदल दिया है` उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में सड़क नहीं बनी तो गड्ढों में मुख्यमंत्री योगी और भाजपा के होर्डिंग लगाए जायेंगे ।

# थाने में बैठक कर नए कानून लागू होने की दी गई जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**खानपुर (आरिफ अंसारी)।** नये कानून को लेकर सोमवार को थाना परिसर में स्थानीय नागरिकों की बैठक कर उन्हें जागरूक किया गया। जिसमें थाना प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा ने नये

**1 जुलाई से देश में तीन कानून लागू हो गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है।**

कानून के बारे में मौजूदा लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि 1 जुलाई से देश में तीन कानून लागू हो गए हैं। जिसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है। इन तीनों कानून को नए सिरे से लाया गया है। आज से दर्ज मामलों में नए प्रावधान के अनुसार धारा लगाई जाएंगी। थाना प्रभारी ने लोगों को नए कानून की सख्ती और उसके फायदों को बताते हुए कहा कि आरोपियों को जहां कड़ी सजा का नए कानून में प्रवधान है वहीं न्याय मिलने में भी तेजी आएगी। महिलाओं पर होने वाले उत्पीड़न के दृष्टिगत कानून सख्त किए गए है। महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिए नई धाराएं बनाई गई हैं। मारपीट संबंधी प्रकरण, महिला व विवाहित महिला संबधित अपराध, चोरी व लूट संबधित अपराध, डकैती, सड़क दुर्घटना, बालक संबधित व अन्य अपराध संबधित धाराओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम हिरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक नसीम अहमद, अनिल कुमार गोयल, इरफान अली, सुरेंद्र कुमार, नफीस कुरेशी समेत ग्राम प्रधान व क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस अधिकारियों ने थानों में बैठक कर लोगों को नए कानून के बारे में दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल।** भारतीय दंड संहिता के तहत नया कानून लागू होने पर सभी थानों को फूलमालाओं से सजाया गया। साथ ही आमजन के साथ बैठक कर उन्हें कानून के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मिठाई बांटी गई। ऐसे में पुलिस कर्मियों को भी ब्रीफ किया गया।

सोमवार को नया कानून लागू हुआ तो पुलिस अधिकारी सभी थानों में मौजूद नजर आए। हयातनगर थाने में एएसपी श्रीश्चंद्र ने लोगों के साथ बैठक कर नए कानून की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कानून की मदद से कोई भी व्यक्ति किसी भी जगह पर एफआईआर दर्ज करवा सकता है। इसके साथ ही आनलाइन एफआईआर दर्ज करा सकता है। शून्य प्राथमिकी (जीरो एफआईआर) को लेकर के यह बड़ी राहत और सुविधा प्रदान की गई है। इस नए कानून के तहत घटना क्षेत्र की पुलिस द्वारा पीड़ित को 90 दिनों के अंदर जांच की प्रगति रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही सात दिनों के अंदर चिकित्सक भी इसकी मेडिकल रिपोर्ट भेजेंगे। वहीं कोतवाली परिसर में सीओ अनुज चौधरी ने व्यापारियों को नए कानून के बारे में बताया। कहा कि महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध से निबटने के लिए 37 धाराओं को शामिल किया गया है। 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषी को आजीवन कारावास और मृत्युदंड होगा। यही नहीं, झूठे वादे और नकली पहचान के आधार पर यौन शौषण करना आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आएगा।

# रोटरी क्लब पिलखुवा सिटी द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)।** रोटरी क्लब पिलखुवा सिटी द्वारा सोमवार को गणेश वालों की धर्मशाला रेलवे रोड पर एक निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर लगाया गया। इस कैंप में मनीपाल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने मरीजो का स्वास्थ्य परिक्षण किया व ई सी जी , बी एम आई , ब्लूड शुगर , बी पी की जांच की गई व स्पेस्लिस्ट डॉक्टर्स ने मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया । कैम्प में 150 मरीजो का परीक्षण किया गया।

कैम्प में क्लब अध्यक्ष गौरव बिंदल, डॉ अनिल अग्रवाल, सुधीर गोयल, नितिन गोयल, प्रवीन गोयल, राजीव मित्तल डॉ सौरभ गोयल, विपिन प्रताप गुप्ता, गौरव गोयल, अजय उमंग, अभिनव गुप्ता, विशाल सिंघल, आदि मेंबर उपस्थित थे।रोटरी क्लब पिलखुवा सिटी द्वारा आज डॉक्टर्स डे के अवसर पर नगर व मणिपाल हॉस्पिटल के कुल 20 डॉक्टर्स को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । क्लब अध्यक्ष गौरव बिंदल के बताया कि हमारे समाज मे डॉक्टर का एक विशेष स्थान होता है। इस समय इतनी बीमारिया हो गई है कि बिना डॉक्टर के स्वस्थ जीवन जीना असंभव सा है। इस अवसर पर क्लब डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर जोन डॉ विपिन गुप्ता, असिस्टेन्ट गवर्नर सुधीर गोयल, क्लब सचिव नितिन गोयल, राजीव मित्तल, प्रवीण गोयल , विपिन प्रताप गुप्ता, अभिनव गुप्ता, विशाल सिंघल, आदि क्लब सदस्य उपस्थित थे।

# मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा, राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया और छात्रों से उनकी समस्याओं के संबंध में वार्ता की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को डॉ. शकुन्तला मिश्रा, राष्ट्रीय पुनर्वास

**विश्वविद्यालय में कौशल विकास के नए कोर्स शुरू करने के निर्देश दिए ताकि दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को हुनरमंद बनाया जा सके**

विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं के संबंध में वार्ता की तथा कुलपति एवं रजिस्ट्रार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की।

मंत्री कश्यप ने निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को मिले। उन्होंने विश्वविद्यालय में कौशल विकास के नए कोर्स शुरू करने के निर्देश दिये और कहा कि इन कोर्सों के माध्यम से दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को हुनरमंद बनाने का कार्य किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का भी निर्देश दिया ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके।



मंत्री कश्यप ने छात्रावासों में सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए और कहा कि दिव्यांगजन छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया और इसका रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए।

मंत्री ने विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया को सक्रिय करने पर जोर दिया ताकि विश्वविद्यालय के कार्यों की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके अलावा, उन्होंने रोजगार मेला का आयोजन करने के भी निर्देश दिए ताकि दिव्यांगजन छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

मंत्री कश्यप ने भोजनालय का निरीक्षण किया और भोजन बनाने से लेकर परोसने तक की गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भोजनालय में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और भोजन में प्रयुक्त होने वाली सब्जियों को सही तरीके से धोकर पकाया जाए। निरीक्षण के उपरांत, मंत्री ने दिव्यांगजन छात्रों से उनकी समस्याओं के बारे में बात की और उनकी कुशलक्षेम भी पूछी। निरीक्षण के बाद मंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

मंत्री कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के हितों के लिए कटिबद्ध है। दिव्यांगजनों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है और उन्हें कौशलपरक प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह तथा रजिस्ट्रार रोहित सिंह सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**असर** | सीएम योगी की पहल का दिख रहा असर

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ही लोगों को घरों के नजदीक उपलब्ध होंगी वर्ल्ड क्लास हेल्थ फैसिलिटीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाने में लगातार प्रयास कर रहे हैं। यही वजह है कि योगी सरकार लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक के बाद एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर रही है। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि अब तक प्रदेश के 256 स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड

- **प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों के एन्क्वास सर्टिफिकेशन से मरीजों को मिल रहा उच्च गुणवत्तापूर्ण इलाज**
- **योगी सरकार ने वर्ष 2026 तक प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास सर्टिफिकेशन के दायरे में लाने का रखा लक्ष्य**
- **वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास सर्टिफकेशन दिलाने पर योगी सरकार का जोर**

(एन्क्वास) सर्टिफिकेट मिल चुका है। यह प्रमाण पत्र प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों को गुणवत्तापूर्ण इलाज, स्वास्थ्य के मानकों को पूरा करने एवं उस पर खरा उतरने पर मिला है। योगी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लोगों को घरों के नजदीक ही वर्ल्ड क्लास हेल्थ फैसिलिटीज मिलें। साथ ही प्रदेश की जनता अपनी गाढ़ी कमाई निजी अस्पतालों या अप्रशिक्षित चिकित्सकों की क्लिनिक में इलाज पर न खर्च कर अपने परिवार के पालन-पोषण और खुशहाली पर खर्च कर सके। इतना ही नहीं योगी सरकार ने वर्ष 2026 तक प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास सर्टिफिकेशन के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा है, जबकि दिसंबर 2025 तक प्रदेश की 50 प्रतिशत स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास प्रमाण पत्र से लैस करने का लक्ष्य रखा गया है।

**एन्क्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयां अंतरराष्ट्रीय मानकों को कर रहीं पूरा**







एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय केवल उन्हीं स्वास्थ्य इकाइयों को यह प्रमाणपत्र प्रदान करता है जो मरीजों के इलाज और देखभाल के हर मानक को पूरा करते हैं। अगले तीन महीने में इतनी ही और स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास के दायरे में लाने के हरसम्भव प्रयास जारी हैं। ह्लइंटरनेशनल सोसाइटी फॉर क्वालिटी इन हेल्थ केयर (आईएसक्यूूए) द्वारा प्रमाणित होने के कारण एन्क्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयां अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा कर रही हैं।ह्व इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि 256 एन्क्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयां ह्ललोगों को घरों के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहीं हैं, इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनका विश्वास भी बढ़ा है। बता दें कि एन्क्वास के प्रमुख क्लीनिकल सेवाओं के तहत पीएचसी में क्लीनिकल सेवाओं की गुणवत्ता को मापते हैं। इसमें परामर्श, प्रवेश, मूल्यांकन, देखभाल की निरंतरता, नर्सिंग देखभाल, दवा सुरक्षा, मानक उपचार दिशा निदेर्शों का उपयोग, आपातकालीन सेवाएं, प्रयोगशाला सेवाएं, चिकित्सा रिकॉर्ड और डिस्चार्ज प्रक्रिया के मानक शामिल हैं। प्रसव पूर्व देखभाल, प्रसवोत्तर देखभाल, नवजात देखभाल, बाल स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और नैदानिक सेवाओं से संबंधित नैदानिक प्रक्रियाओं से संबंधित हैं। संक्रमण नियंत्रण क्षेत्र के तहत हाथ धोने की सुविधाएं, व्यक्तिगत सुरक्षा, उपकरण प्रसंस्करण, पर्यावरण नियंत्रण और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन का मूल्यांकन होता है। एन्क्वास के मानक गुणवत्ता प्रबंधन के तहत गुणवत्ता टीम, आंतरिक, वाह्य गुणवत्ता आश्वासन, रोगी संतुष्टि सर्वेक्षण और मानक संचालन प्रक्रियाओं से संबंधित चार मानक शामिल हैं।

**बहराइच के कैसरगंज ब्लॉक के परसेंडी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ही मिल रही अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं**

एन्क्वास के मानकों पर खरा उतरने वाले बहराइच के कैसरगंज ब्लॉक के परसेंडी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश ने बताया कि ह्लजब से इसे एन्क्वास सर्टिफिकेट मिला है, तब से यह केंद्र बड़े-बड़े निजी अस्पतालों को भी मात दे रहा है। सभी मानकों को पूरा करने वाला यह जिले का पहला स्वास्थ्य उपकेंद्र है। केंद्र को अगस्त 2023 में न केवल भारत सरकार के एन्क्वास प्रमाणन से सम्मानित किया गया, बल्कि बदलाव में भागीदार बने। साथ ही यहां के स्वास्थ्य कर्मियों को राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया गया। परसेंडी ग्राम के साकिर अली ने बताया कि पहले गांव के लोग प्रसव व दूसरी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिला मुख्यालय, सीएचसी या प्राइवेट अस्पताल जाते थे। अब परसेंडी में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने से न सिर्फ गांव के गरीब-अमीर बल्कि दूसरे ब्लॉक के लोग भी यहां आते हैं। इस केंद्र की गुणवत्ता ऐसी ही बनी रहे इसके लिए हम सभी लोग भी साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखते हैं।

**वाराणसी के खरगरामपुर में दी जा रही टेली मेडिसिन की सुविधा**

वाराणसी के पहले एन्क्वास प्रमाणित 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' खरगरामपुर के बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि चार साल पहले सेंटर (जच्चा-बच्चा केंद्र) पर एएनएम द्वारा नियमित टीकाकारण, प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) और परिवार नियोजन परामर्श सेवाएं दी जाती थीं। वहीं स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से वर्ष 2022 से सेंटर पर ओपीडी, प्रसव संबंधी सुविधाएं, मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य सेवाएं, संचारी व गैर संचारी रोग संबंधी सेवाएं, नियमित टीकाकारण, परिवार नियोजन सेवाएं व परामर्श के साथ 14 प्रकार की पैथालोजी जांच, टेली मेडिसिन सुविधा लगातार प्रदान की जा रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) सीमा देवी, एएनएम और आशा कार्यकर्ता इन सेवाओं को घर के नजदीक ही प्रदान करने में बेहतर भूमिका निभा रही हैं।

# पहाड़ी वर्षा से मैदानी नदियां उफान पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** पहाड़ी क्षेत्रों में हों रहीं वर्षा से मैदानी क्षेत्रों की नदियों में अचानक तेज पानी आने से आस-पास क्षेत्रों में हड़कंप मच गया क्योंकि कि जब पहाड़ की बारिश होती है तो मैदानी इलाकों में पानी आने से काफी नुकसान होता है उत्तराखंड उत्तर प्रदेश सीमा पर अनेक नदियां हैं जो अपना असर दिखाती है वहीं



मालन नदी में अचानक तेज पानी आने से खेतों में पानी भर गया और आस-पास की सैकड़ों बीघा जमीन जलमग्न हो गयी वहां नदी के किनारे स्टे गांव खैरुललापुर शाहपुर कछियाना क्षेत्रों में पानी भर गया और फसलों को नुक्सान हुआ काफी जगह कटान भी हुआ वहीं मोटा महादेव भागू वाला बाईपास पर लकडहान सूखा नदी कोटा वाली में जलस्तर बढ़ने से यातायात भी प्रभावित हुआ हर साल बरसात में इन नदियों क्षेत्रों के आसपास गांव में लोगो को भारी दिक्कत उठानी पड़ती है लेकिन फिर भी नदियों के किनारे आबादी बढ़ती जा रही है और आवासीय कालोनी बसी हुई है वहीं अब सावन माह की कांवड़ यात्रा के दौरान भी भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है क्योंकि कांवड़ यात्रा मार्ग पर नदियां रपटें और नहर किनारे है।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर गिरी गाज लखनऊ अटैच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिजनौर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जय करण यादव को शासन आदेश ना मानने पर बिजनौर से हटा कर लखनऊ आफिस अटैच कर दिया गया है आरोप है कि डीसी बालिका मित्र लाल गौतम को रिलीव ना करना महंगा पड़ गया जबकि शासन के आदेश पर सात महीने पहले हटाते हुए मूल विभाग माध्यमिक शिक्षा मैं कर दिया गया था और सात महीने से आदेश दबाएं बैठे थे और राज्य परियोजना निदेशक ने कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया था लेकिन चेतावनी के बाद भी नहीं मानने पर निदेशक गणेश कुमार ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परियोजना में लखनऊ अटैच कर दिया है ज्ञात रहे कि इसके अलावा भी बहुत शिकायतें शासन स्तर पर प्राप्त हो रही थी जिसके चलते गाज गिरी।

# आज से टोल प्लाजा चालू सफर होगा महंगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों की जनता को अब एक टोल प्लाजा से होकर गुजरना होगा और सफर भी महंगा होगा। भारतीय राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण ने तहसील नजीबाबाद के गांव भनेड़ा में दो जुलाई सुबह आठ बजे से टोल संग्रह कार्य को प्रारंभ करने का निर्णय लिया है जिसके चलते पौड़ी कोटद्वार मेरठ बिजनौर से जानें आने वाले वाहनों को अब टोल प्लाजा पर पथकर देना होगा और इस मार्ग पर यह पहला टोल प्लाजा होगा।

# गायत्री यज्ञ के साथ हुआ नये शिक्षा सत्र का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** तहसील के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकंडरी स्कूल में गायत्री यज्ञ के साथ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया गया।अखिल विश्व गायत्री परिवार के गायत्री परिजनों ने विद्यालय में गायत्री यज्ञ किया। छात्रों के साथ विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

सोमवार को नए शिक्षा सत्र की तैयारी करते हुए विद्यालय में ज्ञान की देवी सद्बुद्धि दात्री मां सरस्वती का आव्हान किया गया। मंत्रोच्चार, स्वस्तिवाचन, षष्ट कर्म के साथ गायत्री यज्ञ किया गया।
जिसमें छात्रों ने और विद्यालय स्टाफ ने क्षेत्र व समाज की खुशहाली के लिए गायत्री महायज्ञ में आहुतियां समर्पित की।
इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत गायत्री महामंत्र के करने से मन मस्तिष्क शांत रहता है। गायत्री महामंत्र छात्रों को सद्बुद्धि तथा नई प्रेरणा प्रदान करता है। छात्रों ने अपने तथा अपने साथियों के उज्जवल भविष्य के लिए गायत्री महामंत्र से आहुतियां समर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से विजयपाल सिंह, अनिल ,आदित्य राघव ,हर्ष राघव, शिवम योगेंद्र सुषमा परीक्षा रजनी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरपुर काशी मे स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मे परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती मनाई गई ।

प्रधानाचार्य ने वीर अब्दुल हमीद के जीवन के विषय में एवं उनके क्रांतिकारी साहसिक सेवा में रहते हुए युद्ध लड़ने के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के धामपुर गांव के एक दर्जी परिवार में जन्म लेकर बचपन से ही सेवा में जाने की अभिलाषा थी सन 1965 के भारत पाक युद्ध में उन्होंने 7 पैटर्न टैंक को अपनी जीत से रौंद कर तोड़ा मरणोपरांत भारत सरकार के द्वारा




उन्हें सेवा का सर्वोच्च पुरस्कार परमवीर चक्र से नवाजा गया। कार्यक्रम मे चौकी इंचार्ज विनोद कुमार यादव, आरक्षी विजयपाल सिंह यादव, प्रमुख ऋषि पाल सिंह यादव, अंग्रेजी प्रवक्ता पद्मेंद्र सिंह यादव, भूगोल प्रवक्ता गजेंद्र सिंह यादव, विज्ञान प्रवक्ता सत्येंद्र सिंह यादव, नेतराम यादव, बालिका शिक्षा प्रमुख मीनू यादव, कुमारी भावना यादव युवा भाजपा कार्यकर्ता मेघराज सैनी, राकेश प्रजापति, हिंदी प्रवक्ता ओंकार सिंह, दीपक कुमार विश्नोई, किशन कश्यप जीव विज्ञान प्रवक्ता कन्या भारती, अध्यक्ष कुमारी दिव्यांशी सैनी, लक्ष्मी यादव, दीक्षा यादव, सचिन यादव, निशांत यादव, विराट यादव, मयंक संकटड़हर, अर्जुन यादव, आदि मौजूद रहे ।

# किसानों को मिलेगी यूनिक आइडी फार्मर रजिस्ट्री, रजिस्ट्री तैयार करने की प्रक्रिया हुई प्रारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** पीएम किसान सम्मान निधि, किसानक्रेडिट कार्ड सहित सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ वास्तविक किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जाएगी। एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फार एग्रीकल्चर) योजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है । दिसंबर से सिर्फ उन्हीं किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की राशि भेजी जाएगी, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री तैयार होगी।संयुक्त कृषि निदेशक (ब्यूरो) डा. आशुतोष मिश्र ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के क्रम में किसानों से संबंधित सभी प्रकार के डेटा को सहेजा जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री में किसान व उसके पिता का नाम, उसके स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने की स्थिति में गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, आधार संख्या व ई-केवाइसी सहित सभी विवरण दर्ज किए जाएंगे और कृषकों का एक यनिक आइडी तैयार की जाएगी। भविष्य में सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ किसानों को इसी यूनिक आइडी दर्ज करने से ही मिल सकेगा।यह अभियान दो चरणों में चलेगा। पहले चरण में एक जुलाई से 31 जुलाई तक स्थानीय कार्मिकों के माध्यम से सघन अभियान चलाया जाएगा। वहीं, एक अगस्त से इसे किसानों के लिए खुला छोड़ दिया जाएगा। किसान खुद मोबाइल एप के माध्यम से या जन सुविधा केंद्रों में जाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कर सकेंगे।

# पोर्टल पर प्रसव की रिपोर्ट निजी अस्पतालों को डालने के निर्देश

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के मकसद के साथ स्वास्थ्य विभाग की ओर से निजी अस्पतालों की महिला चिकित्सकों के साथ बैठक आयोजित की गई। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण ने सभी निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम व अन्य चिकित्सा संस्थानों द्वारा मातृ व शिशु सुरक्षा से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं की रिपोर्ट समय से भेजे जाने पर जोर दिया। हर माह की 21 से 30 तारीख तक प्रसव संबंधी सेवाओं आदि का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करने को कहा। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रोग्राम मैनेजर डॉ. गीतिका, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. रितिक, डॉ. माला सक्सेना, डॉ. नीतू रस्तोगी, डॉ. ज्योति, डॉ. सुभाष, डॉ. उमा, डॉ. शीतल, मोहम्मत रिजवान आदि मौजूद रहे।

# शासन के निर्देश पर वन महोत्सव अभियान हुआ प्रारंभ

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर आज तहसील एवं जनपद में वन महोत्सव की शुरूआत हो गई है। सात जुलाई तक चलने वाले महोत्सव के दौरान सरकार का विरासत वृक्षों के संरक्षण पर जोर रहेगा। आमजन को पौधरोपण के प्रति जागरूक के लिए प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक व अन्य प्रतियोगिताएं होंगी।
सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से एक या दो फलदार पौधे अवश्य लगाने और उनके संरक्षण की अपील की है।वन महोत्सव के साथ ही राज्य सरकार प्रदेश को हरा-भरा रखने के लिए इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण करेगी। इसके लिए विभागों और मंडलों के लक्ष्य निर्धारित किए जा चुके हैं।

# देश में तीन नए कानून लागू होने पर नगर में निकाली जागरूकता रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश विश्नोई)।** भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाते हुए तीन नए कानून पूरे देश में आज से लागू हो गए हैं इन कानून के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सोमवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर में जागरूकता रैली निकाली गई' भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) सोमवार से लागू हो गए। ये कानून 1860 में बने इंडियन पीनल कोड, 1974 के क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और 1872 के एविडेंस एक्ट की जगह लेंगे।




तीनों कानूनों के साथ देश में आधुनिक न्याय प्रणाली का समावेश होगा, जिसके तहत अब जीरो एफआईआर, गंभीर अपराधों में भी ऑनलाइन एफआईआर, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से समन भेजा जाना और गंभीर अपराध के सभी मामलों में घटनास्थल की वीडियोग्राफी जैसे कई सुधार लागू होंगे।कानूनों का लक्ष्य पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना है। इसमें पुलिस से अदालतों तक की जिम्मेदारी तय की गई है। जहां गंभीर अपराधों में भी ई-एफआईआर की सुविधा मिलेगी' जागरूकता रैली थाना प्रांगण से प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्गो, श्री रामलीला मंदिर, मेंन बाजार,वैश्य धर्मशाला,स्टेशन रोड से होती हुई थाने में पहुंचकर सम्पन्न हुई ' रैली में नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी, नगर पंचायत उमरी कला के अध्यक्ष हाजी उस्मान अली, कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, भाजपा नेता अभय कुमार बिश्नोई, तनवीर अहमद आदि सम्मानित नागरिक मौजूद थे ' रैली में शामिल लोगों का थाना प्रभारी निरीक्षक ने आभार व्यक्त किया।

# नगर में दिनदहाड़े अज्ञात लुटेरे महिला के कुंडल लेकर हुए फरार, पुलिस को दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में सोमवार को अज्ञात लुटेरों ने महिला के कानों से कुंडल उतरवा कर बड़े आराम से फरार हो गएमहिला ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव भगवानपुर रैनी निवासी शशिवाला पत्नी राजकुमार सिंह डॉक्टर नितिन अहलावत के यहां दवाई लेने के लिए आई थी उस समय दुकान न खुलने के कारण वह वहां खड़ी होकर इंतजार कर रही थी बताया गया कि तभी वहां दो युवक आए और महिला से कानों के कुंडल उसके पर्स में रखने का अनुरोध करने लगे कहा कि आजकल लोग महिलाओं के कानों से कुंडल खींच लेते हैं उनकी बात पर यकीन करके महिला ने अपने छोटे पर्स में कुंडलों को रख लिया लेकिन तभी अज्ञात चोर महिला के



हाथों से पर्स झटक कर फरार हो गए महिला ने शोर मचाया मगर उस वक्त किसी ने नहीं सुनी सूचना पर महिला के दामाद एडवोकेट संजीव बिश्नोई मौके पर पहुंच गए और पुलिस को अज्ञात लुटेरे के खिलाफ तहरीर दी' पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जिनमें दोनों चोर चेहरे साफ दिखाई दिए बतादे कि इससे पहले बेगमपुर निवासी महिला के कानों से भी स्टेशन रोड पर दो युवक कुंडल उतरवा कर फरार हो गए थे जिनका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है और आज चंद दिनों के भीतर घटी इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# करोड़ों की लागत से बने अधिकांश सामुदायिक शौचालय नागरिकों के लिए बने "शोपीस "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन ने नागरिकों के लिए तहसील एवं जनपद में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया था अधिकांश शौचालय नागरिकों के लिए बे मकसद साबित हो रहे हैं । निर्माण के बाद से ही ताले लटके हैं, तो कहीं दरवाजे टूट गए है। कई स्थानों पर शौचालयों में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। वाशबेसिन टूटे हैं, टोंटी गायब हैं, कहीं टैंक ही नहीं है। ऐसे में ओडीएफ होने पर जिस उद्देश्य के लिए सामुदायिक शौचालय बनाए गए थे, वह पूरा नहीं हो रहा है। नगर एवं ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था ठीक नहीं है। नगर में बने अनेक सामुदायिक शौचालय में ताले लटके हुए हैं 'कांठ तहसील एवं जनपद में 643 ग्राम पंचायत हैं। इनमें से 641 में




सामुदायिक शौचालय बने हुए हैं। छोटे सामुदायिक शौचालय पर चार लाख और बड़े सामुदायिक शौचालय पर करीब सात लाख रुपये खर्च हुए हैं। सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय निर्माण पर करीब 32.5 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सामुदायिक शौचालय के संचालन के लिए केयर टेकर को रखा गया है। प्रत्येक माह छह हजार रुपये केयर टेकर को मानदेय दिए जाते हैं। मानदेय पर विभाग की ओर से 38.46 लाख रुपये खर्च दिए जा रहे हैं। इसके बावजूद इन सामुदायिक शौचालयों का ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। अनेक सामुदायिक शौचालय में केयरटेकर का पता नहीं है' कुल मिलाकर करोड़ की लागत से बने अधिकांश सामुदायिक शौचालय नागरिकों के लिए शोपीस बने हुए हैं ।

# तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर किया बच्चों का स्कूल के मुख्य द्वार पर स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरपुर काशी मे श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मे ग्रीष्मावकाश के पश्चात एक जुलाई को प्रथम दिन छात्र छात्राओ के आगमन पर विद्यालय में उत्सव जैसा पर्व मनाया गया।

चुनाव रेखांकन रंगोली रंग-बिरंगे गुब्बारे का तोरण द्वार विद्यालय के मुख्य द्वार पर सभी आचार्य तिलक पुष्प ट्रॉफी खेल खिलौने गेंद गुब्बारा लेकर बच्चों का स्वागत करने को पहले से खड़े हुए थे।







कन्या भारती अध्यक्ष कुमारी दिव्यांशी सैनी मंत्री कुमारी दीक्षा यादव को प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से बालिका शिक्षा प्रमुख मीनू यादव ने पटका भेंट कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने श्रीफल नारियल भेंट कर अभिनंदन किया। सभी आचार्यों ने सामूहिक रूप से पुष्प वर्षा किया। कुमारी भावना यादव एवं सत्येंद्र यादव ने सभी को तिलक लगाया। रिशिपाल यादव एवं दीपक कुमार बिश्नोई ने सभी बच्चों को मीठी-मीठी टॉफी वितरित की ।

वहीं ओंकार एवं राकेश ने सभी छोटे बच्चों को खेल खिलौने एवं रंग-बिरंगे गेंद वितरित किए।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर जागरूक किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** सोमवार को नगर मे संचारी रोग नियंत्रण



अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पर उपजिला अधिकारी मनी अरोड़ा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया । रैली नगर के विभिन्न मौहल्लों मे होकर वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकर संपन्न हुई । रैली के दौरान संचारी रोग के नियंत्रण के लिए लोगों को संदेश दिया और जागरूक किया चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरिश्चंद्र व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद मनीष कुमार सीपीएम स्वास्थ्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# बिश्नोई सभा ने "महिला क्रिकेटर आरजू बिश्नोई "को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** बिश्नोई सभा मेरठ ने मंगल पांडे नगर स्थित जंभेश्वर भवन में सोमवार को सॉफ्टबॉल की नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट क्रिकेटर आरजू बिश्नोई प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया है। सभा के अध्यक्ष हरिओम बिश्नोई ने बताया कि हनुमानगढ राजस्थान में गुरू जमभेश्वर क्रिकेट एकेडमी व जरूरतमन्दो के लिए हैल्पिग हैंड संस्था की संस्थापिका 23 वर्षीया आरजू राज्य स्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी है,जो 2 दिवसीय भ्रमण पर मेरठ आई थी। उनके स्वागत हेतु आयोजित समारोह में दीप प्रज्वलन व आरती उपरान्त सभा की उप सचिव कविता बिश्नोई ने सम्मान स्वरूप आरजू को



पटका पहना कर एक प्रतिमा प्रदान की। सचिव अनुराग बिश्नोई ने प्रशस्तिपत्र दिया,सभा के उपाध्यक्ष एड. निरंजन सिंह ने शब्दवाणी और 1100 रू दिए। सभा की संरक्षिका डा.अर्चना ने आरजू को गुरू जमभेश्वर जी का चित्र व स्मृति चिन्ह दिया। आरजू के कोच धर्मपाल सिंह को भी सम्मानित किया गया। घर से दूर मान सम्मान व स्नेह पाकर गदगद हुई आरजू ने बिश्नोई सभा मेरठ द्वारा पर्यावरण, प्रतिभाओं के प्रोत्साहन एवं समाज सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की व आतिथ्य सत्कार और प्रवास व्यवस्था में सहयोग हेतु सभा के सचिव एवं अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हरि विश्नोई ने किया।इस अवसर पर सतीश बिश्नोई व अनिल विश्नोई एवं समाज के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सोनकपुर प्रभारी निरीक्षक ने मोहर्रम शांतिपूर्ण रूप से मनाने की लोगों से की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** तहसील क्षेत्र के सोनकपुर थाना प्रभारी ने पुलिस फोर्स के साथ





आगामी त्यौहारों के मद्देनजर क्षेत्र में भ्रमण कर-के मोहर्रम के रास्तों का जायजा लिया । और विभिन्न गांव के लोगों के साथ शांति समिति की मीटिंग करके उनके सुझाव मांगे और समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की।और उन्होंने शिकायतों का समाधान का निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सोनपुर प्रभारी निरीक्षक ने आगामी त्यौहार, कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत ग्राम बेहटा सरथल पर सम्भ्रान्त व्यक्ति/ताजियेदारों के साथ मीटिंग कर पुलिस का सहयोग करने व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की गयी। इस दौरान पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्र के विभिन्न गांव के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे ।

जानकारी

## पुलिस ने गोष्ठी में लोगों को जागरूक करने के लिए गोष्ठी की

# कुन्दरकी थाने मे सीओ और एसडीएम ने गोष्ठी कर नए कानून की दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** सोमवार से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में कुन्दरकी थाना में बिलारी एसडीएम और सीओ की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया । पुलिस ने गोष्ठी में लोगों को जागरूक करने के लिए गोष्ठी की। वही मैनाठेर में पुलिस ने नए कानूनों को लेकर मार्च निकालकर लोगो के कानून की जानकारी दी।

सोमवार को कुन्दरकी थाना में बिलारी एसडीएम मनी अरोड़ा ओर सीओ की अध्यक्षता ने क्षेत्र के संभ्रांत लोगो के साथ गोष्ठी आयोजित कर आम लोगों को तीनों नए कानूनों के सम्बन्ध में जागरूक किया। उन्होंने तीनों नये कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम) में महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में विस्तार से बताया और कहा





कि नये कानून आम लोगों की सुविधा के लिए बनाये गये हैं। पुलिस ने रैली निकालकर भी जागरूक किया ।गोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा,पुलिस स्टाफ, प्रधान बृजपाल सिंह सैनी, अख्तियार अहमद, प्रधान शरीफ अहमद, महेंद्र सिंह, प्रेमपाल सिंह, विक्की, जब्बार हुसैन, प्रधान रामकिशोर, अरविंद कुमार, रिजवान, यासीन दूल्हा, रफीक अहमद, मौहम्मद गुफरान, झमन सिंह, मुकेश कुमार, मोहम्मद उवैस, सोमपाल, सारिक,मौहम्मद उमर, राशिद, जाकिर, हामिद अली, अब्बास अली, दयाराम सिंह, सुभाष चंद मास्टर,और शोभित सिंह आदि मौजूद रहे।

# मोहर्रम पर्व को लेकर अमन कमेटी की थाने में हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एसडीएम विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में



सोमवार की शाम थाना कांठ में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मोहर्रम को लेकर ग्रामीणों से वार्ता की गई अधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर नई परंपरा ना डाली जाए और मोहर्रम शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से निकाल । अधिकारियों ने मोहर्रम के दौरान आने वाली परेशानियों के बारे में भी ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त कीऔर उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया बताया गया कि क्षेत्र के गांव कुरी रवाना,भीकनपुर, सीकरी, सराय खजूर, चौराहा आदि में मोहर्रम निकाले जाते हैं इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता,कांठ थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह, ठेकेदार जुल्फिकार, कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, नगर पंचायत के अनेक सभासद एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# शमा सिकंदर ने एनिमल प्रिंटेड मोनोकिनी पहन स्विमिंग पूल में लगाई आग, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने फैंस का धड़काया दिल



टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर सोशल मीडिया पर हमेशा ही अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरों से धमाल मचाती रहती हैं. आए दिन वह अपनी हॉट तस्वीरें और वीडियो शेयर कर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं. हाल ही में, शमा ने फिर से इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ ऐसी तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह स्विमिंग पूल में एनिमल प्रिंटेड मोनोकिनी पहने नजर आ रही हैं।

इन तस्वीरों में शमा लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ बेहद हॉट लग रही हैं. उन्होंने पोज देते हुए अपनी टोन्ड बॉडी को फ्लॉन्ट किया है. शमा की इन तस्वीरों को देखकर उनके फैंस कमेंट करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं.

टीवी एक्ट्रेस से लेकर बॉलीवुड का सफर तय करने वाली शमा सिकंदर आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरों को लेकर खबरों में रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही इंटरनेट का पारा हाई कर देता है। एक्ट्रेस शमा सिकंदर आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस अदाओं के चलते लाइमलाइट में रहती हैं। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही कहर बरपाता है। बता दें एक्ट्रेस शमा सिकंदर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर कल्कि ने लगाया चंदू चैंपियन की कमाई पर ब्रेक, लाखों में सिमटी कारोबार

कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैंपियन' को दर्शको से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. फिल्म ने रिलीज के दो हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी और अच्छा कलेक्शन भी किया. हालांकि गुरुवार, 27 जून को प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी की रिलीज के बाद से 'चंदू चैंपियन' के कारोबार पर काफी असर पड़ा है और इसकी कमाई लाखों में सिमट गई है. चलिए यहां जानते हैं 'चंदू चैंपियन' ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है?

'चंदू चैंपियन' में कार्तिक आर्यन ने अपने करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस दी है. ये फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक है. फिल्म में पेटकर के किरदार में जान फूंकने के लिए कार्तिक आर्यन ने जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया और हर किसी को हैरान कर दिया. इस फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से शानदार रिस्पॉन्स मिला. फिल्म ने



दो हफ्ते तक हर दिन करोड़ों में कलेक्शन किया लेकिन अब कल्कि 2898 एडी की रिलीज के बाद से कार्तिक आर्यन की फिल्म के कारोबार को तगड़ा झटका लगा है.

फिल्म की कमाई की बात करें तो 'चंदू चैंपियन' 4.75 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद पहले हफ्ते में फिल्म ने 33.25 करोड़ का कारोबार किया. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 20.25 करोड़ की कमाई की. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है. और इसके तीसरे फ्राइडे की कमाई के शुरूआती आंकड़े भी आ गए हैं।

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'चंदू चैंपियन' ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे को 80 लाख का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'चंदू चैंपियन' की 15 दिनों की कुल कमाई अब 56.30 करोड़ रुपये हो गई है।

# मानसून में फैशन के लिए नायलॉन और पॉलिएस्टर का इस्तेमाल करती हैं विदिशा श्रीवास्तव

टीवी के पॉपुलर शो भाबीजी घर पर हैं में गोरी मेम का रोल अदा करने वाली विदिशा श्रीवास्तव ने मानसून फैशन ट्रेंड्स पर बात की। उन्होंने कहा कि वह मानसून में नायलॉन और पॉलिएस्टर जैसी सिंथेटिक मटेरियल पहनना पसंद करती हैं, क्योंकि वे मॉइश्चर-रेजिस्टेंस है और जल्दी सूख जाते हैं। मानसून फैशन का मतलब है स्टाइलिश और कंफर्टेबल रहते हुए मौसम को एन्जॉय करना। विदिशा सिटकॉम भाबीजी घर पर हैं में अनीता भाभी का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने कहा, बारिश के मौसम में, आपको स्टाइल से समझौता करने की जरूरत नहीं




है। जब बारिश शुरू होती है, तो मैं नायलॉन और पॉलिएस्टर जैसे सिंथेटिक कपड़े पहनना पसंद करती हूं, जो मॉइश्चर को सोख लेते हैं और जल्दी सूख जाते हैं। उन्होंने कहा, मैं बारिश में हैवी कॉटन और वूलन कपड़ों को पहनने से बचती हूं, क्योंकि इन्हें सूखने में ज्यादा समय लगता हैं। मुझे ज्यादा आकर्षक दिखने के लिए ब्राइट और बोल्ड प्रिंट वाले कपड़े पहनना पसंद है। प्लास्टिक जूलरी इस मौसम में फैशनेबल बने रहने के लिए एक बढ़िया ऑप्शन है। विदिशा ने कहा, मेरा पसंदीदा लुक एक स्टाइलिश वाटरप्रूफ जैकेट है, जिसे कलरफुल वाटरप्रूफ फुटवियर के साथ पेयर करना, और अपने आउटफिट में स्टाइल जोड़ने के लिए एक ट्रेंडी, कॉम्पैक्ट छाता ले जाना न भूलें। वर्कफ्रंट की बात करें तो, विदिशा ने 2007 में एसपी एंटरटेनमेंट की तेलुगु फिल्म मां इद्दारी मध्य से एक्टिंग की शुरूआत की थी। उन्होंने अला, प्रेम, अथिली सत्तीबाबू एलकेजी जैसे अन्य तेलुगु प्रोजेक्ट्स में भी काम किया। वह कन्नड़ फिल्म नलि नलियुथा का हिस्सा रहीं। तमिल फिल्मों में उन्होंने कथावरायण और मलयालम फिल्म लकी जोकर्स में भी काम किया है।छोटे पर्दे की बात करें तो उन्होंने टीवी शो ये है मोहब्बतें से शुरूआत की थी। इसके बाद, वह मेरी गुड़िया, श्रीमद् भागवत महापुराण, दुर्गा-माता की छाया और काशीबाई बाजीराव बल्लाल जैसे टीवी शो में नजर आईं। विदिशा अपनी पर्सनल लाइफ को सीक्रेट रखती हैं। उन्होंने साल 2018 में सायक पॉल संग बनारस में सात फेरे लिए। शादी के पांच साल बाद, पिछले साल जुलाई में कपल ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया।भाबीजी घर पर हैं एंड टीवी पर प्रसारित होता है।

# कल्कि के आते ही मुंज्या का क्रेज हुआ कम, जबरदस्त घटी फिल्म की कमाई

शरवरी वाघ और अभय वर्मा स्टारर 'मुंज्या' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है. हॉरर के साथ कॉमेडी के तड़के वाली इस फिल्म ने दर्शकों को बेहद एंटरटेन किया है और इसी के साथ इस फिल्म ने बॉकस ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की है. हालांकि प्रभास-दीपिका पादुकोण स्टारर कल्कि 2898 एडी की रिलीज के बाद से 'मुंज्या' की कमाई में काफी गिरावट आई है और ये करोड़ों से लाखों में सिमट कर रह गई है. चलिए यहां जानते हैं 'मुंज्या' ने रिलीज के 22वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

हॉरर कॉमेडी फिल्म 'मुंज्या' बेहद कम बजट और बिना स्टार पावर वाली फिल्म है और इसने रिलीज के बाद वो कमाल किया है जो बड़ी से बड़ी फिल्में नहीं कर पाई. 'मुंज्या' का क्रेज तीन हफ्तों तक दर्शकों के सिर चढ़कर बोला है. यहां तक कि ये फिल्म कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन और पश्मीना रोशन की इश्क विश्क रिबाउंड पर भी भारी पड़ी.



'मुंज्या' ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर प्रॉफिट कमा लिया है. फिल्म की कमाई की बात करें तो 'मुंज्या' ने 4 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद पहले हफ्ते में फिल्म ने 35.3 करोड़ का कलेक्शन किया है. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 32.65 करोड़ की कमाई की. तीसरे हफ्ते में फिल्म ने 22.95 करोड़ की कमाई की. वहीं अब ये फिल्म चौथे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. इसी के साथ इस फिल्म के 22वें दिन यानी चौथे फ्राइडे की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ चुके हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मुंज्या' ने रिलीज के 22वें दिन यानी चौथे फ्राइडे 85 लाख का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'मुंज्या' ने रिलीज के 22 दिनों में 91.75 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.'मुंज्या' ने रिलीज के बाद तीन हफ्तों तक बुलेट से भी तेज स्पीड के साथ कलेक्शन किया है और अपने बजट से कई गुना ज्यादा कमाई कर ली है. हालांकि कल्कि 2898 एडी की रिलीज ने 'मुंज्या' की कमाई पर ब्रेक लगा दिया है. फिल्म अब लाखों में कमाई कर रही है. अब ऐसे में 'मुंज्या' के 100 करोड़ क्लब में एंट्री करना भी मुश्किल हो गया है. अब अगर वीकेंड पर 'मुंज्या' की कमाई में तेजी आती है तो फिल्म शतक लगाने के बेहद करीब पहुंच सकती है.

बता दें कि हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'मुंज्या', स्त्री, रूही और भेड़िया के बाद मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का एक हिस्सा है.ये फिल्म महाराष्ट्रीयन लोककथाओं में लोकप्रिय इसी नाम के सुपरनेचुरण प्राणी पर आधारित है. आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित 'मुंज्या' में शरवरी वाघ, अभय वर्मा, मोना सिंह और तरण सिंह सहित अन्य कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया हैं. ये हॉरर-कॉमेडी 7 जून को रिलीज हुई थी और इसे फैंस और क्रिटिक्स से समान रूप से पॉजिटिव रिव्यू मिला है।

# क्या आप भी करते हैं बार-बार माउथवॉश का इस्तेमाल, तो हो जाएं सावधान! रिसर्च में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

कैंसर एक घातक बीमारी है, जो शरीर में कैंसर सेल्स के बढ़ने से पनप सकती है और कुछ ऐसी चीजें भी है, जो कैंसर सेल्स को एक्टिव कर सकती हैं. उन्हीं में से एक है माउथवॉश।

हाल ही में एक नई रिसर्च के अनुसार 3 महीने तक रोजाना माउथवॉश का इस्तेमाल करने वाले इंसान के शरीर में दो बैक्टीरिया फ्यूसोबैक्टीरियम न्यूक्लियेट और स्ट्रेप्टोकोकस एंजिनोसस बढ़ जाते हैं और यह दोनों बैक्टीरिया कैंसर से जुड़े हुए होते हैं. आइए हम आपको बताते हैं इस स्टडी के बारे में और कैसे हैं माउथवॉश आपके लिए हानिकारक हो सकता है.

**माउथवॉश में पाई जाती है अल्कोहल की मात्रा**

रिसर्च के अनुसार, कुछ माउथवॉश में अल्कोहल की मात्रा पाई जाती है, जो मुंह की पतली परत को नष्ट कर देती है और मुंह में हानिकारक बैक्टीरिया को जन्म देती है. दरअसल, माउथवॉश के मामले में शरीर अल्कोहल या इथेनॉल को तोड़ देता है और इसे एसीटैल्डिहाइड नामक यौगिक में बदल देता है, जो एक कार्सिनोजेन कैंसर पैदा करने वाला तत्व है यह डीएनए को नुकसान पहुंचता है और कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है, यहां तक की कैंसर सेल्स को भी बढ़ा सकता है.



**मुंह को ड्राई कर सकता है माउथवॉश**

एक्सपर्ट्स का मानना है कि जो लोग माउथवॉश का इस्तेमाल बहुत ज्यादा करते हैं उनका मूड ड्राई हो जाता है और इसमें लार का प्रोडक्शन भी कम होता है, जिससे हानिकारक बैक्टीरिया मर जाते हैं. इतना ही नहीं यह माउथवॉश मुंह की सूजन को भी ट्रिगर कर सकता है. 2009 में एक ऑस्ट्रेलियाई रिसर्च में भी पाया गया है कि माउथवॉश में अल्कोहल की मात्रा कार्सिनोजेन कैंसर का खतरा बढ़ा सकती है.

**मुंह के कैंसर के अन्य खतरे**

माउथवॉश से ज्यादा किन चीजों से हमें बचना चाहिए, इस बारे में एक्सपर्ट्स कहते हैं कि तंबाकू चबाना, पान खाना, शराब पीना यह सभी कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकते हैं और मुंह के कैंसर को और ज्यादा ट्रिगर करके स्थिति को गंभीर कर सकते हैं।

# सुबह उठते ही तुरंत लग जाती है भूख? तो हो सकती है इस गंभीर बीमारी के शुरूआती संकेत...

रात में पेट भर खाना खाने के बाद जब आप सुबह उठते हैं और आपको फिर से तेज भूख लग जाती है? क्या यह सही है? इन सब के अलावा अगर गला सूखने के साथ कमजोरी होने लगती है तो फिर यह सही संकेत नहीं है. इस आर्टिकल के जरिए जानेंगे कि आखिर किन कारणों से शरीर का यह हाल होता है।



**ब्लड शुगर लेवल से है कनेक्शन**

कुछ लोगों के साथ अक्सर ऐसा होता है कि सुबह उठने के साथ ही भूख लग जाती है. लगता है जैसे पेट एकदम से खाली हो गया है. रात में भर पेट खाने के बाद भी सुबह पेट एकदम खाली लगता है. जैसे शरीर में कोई दम ही नहीं है. तो घबराएं नहीं आप एकलौते ऐसे व्यक्ति नहीं है जिसके साथ यह दिक्कत हो रही है. दरअसल, जब सुबह पेट खाली होता है तो थकावट और कमजोरी महसूस होती है. ऐसा होने के पीछ कई साइंटिफिकल रीजन है. दरअसल, ब्लड शुगर लेवल और हार्मोन के उतार-चढ़ाव भूख लगने का कारण है.

**सुबह उठते ही भूख लगने के कारण**

जब आप रात में खाना खाते हैं तो अचानक से ब्लड में शुगर लेवल तेजी से बढ़ता है. लेकिन कुछ वक्त के बाद खाना पचने के साथ धीरे-धीरे कम होने लगता है. शुगर लेवल कम होते ही वापस भूख लगने लगती है. रात में खाने में अगर आप ज्यादा मात्रा में नमक खाएंगे तो शरीर में पानी की कमी होने लगती है. जिसके कारण प्यास ज्यादा लगती है और तेज भूख भी लगती है।

सुबह उठते ही 2 ग्लास पानी जरूर पीना चाहिए

एक रिपोर्ट के मुताबिक रात में खाने खाने के बाद पेनक्रियाज में ज्यादा इंसुलिन बनता है. ज्यादा इंसुलिन ब्लड के शुगर लेवल को कम कर देता है. वहीं रात में अगर आप ज्यादा सोडियम खाते हैं शरीर में पानी की कमी होने लगती है. जो आगे जाकर भूख के रूप में बदल जाता है. सुबह उठते ही कम से कम 2 ग्लास पानी जरूर पीना चाहिए.

**रात में जल्दी खाना क्यों है जरूरी?**

सुबह उठते ही भूख लगना कोई बीमारी नहीं है बल्कि इसके साइंटिफिक कारण है. सुबह उठने के साथ ही भूख न लगे इसलिए आपको इन चीजों का खास ख्याल रखना चाहिए. सबसे पहले देर रात खाना न खाएं. अगर आपको ऐसी आदत है तो बिल्कुल छोड़ दें. क्योंकि यह आपकी सेहत के लिए बहुत खतरनाक है. आपको सोने से 2 घंटे पहले खाना खा लेना चाहिए. इससे आपके खाने आसानी से पच जाते हैं. इससे आपको सुबह उठते ही भूख लगने की दिक्कत नहीं होगी.

खाना खाने के बाद आधे घंटे वॉक जरूर करना चाहिए. खाना खाने के बाद टहलने से खाना आसानी से पच जाता है. साथ ही साथ यह आपके पाचन तंत्र कते लिए भी बहुत अच्छा होता है. कोशिश करनी चाहिए कि रात में जल्दी खा लें इससे आपकी पाचन से जुड़ी समस्या नहीं होगी।

# सरफिरा का नया गाना खुदाया जारी, अक्षय कुमार और राधिका मदान की खूब जमी जोड़ी

बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार की आगामी फिल्म सरफिरा के मेकर्स रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच फिल्म का दूसरा गाना खुदाया रिलीज कर दिया गया है, जो की एक सूफी ट्रैक है। सॉन्ग अपने म्यूजिक और दिल छू लेने वाले लिरिक्स की वजह के फैंस के बीच तेजी से पॉपुलर हो रहा है।

सरफिरा का हाल ही में ट्रेलर रिलीज किया गया था। जिसे सोशल मीडिया पर ठीक- ठाक रिस्पॉन्स मिला। इसके बाद पहला गाना मार उड़ी जारी किया गया और अब 27 जून को सेकेंड ट्रैक खुदाया रिलीज कर दिया गया है।

खुदाया गाने को संगीतकार सुहित अभ्यंकर ने कंपोज किया है और इसे आवाज दी है सागर भाटिया, नीति मोहन और सुहित अभ्यंकर ने। गाने के बोल मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। इस गाने में प्यार और जज्बातों को बेहद खूबसूरती से उभारा गया है। खुदाया में मिडल क्लास कपल के रोल में शामिल अक्षय कुमार और राधिका मदान की खूबसूरत लव स्टोरी दिखाई गई है। गाने की शुरूआत दोनों के झगड़े से होती है, लेकिन अंक दोनों एक बार फिर एक- दूसरे के साथ आ जाते हैं।



सरफिरा की कहानी अक्षय कुमार के किरदार के सफर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कर्ज में डूबे शुरूआती दौर से दूरदर्शी बिजनेसमैन तक का सफर तय करता है। इस सफर में वो कई मुश्किलों का सामना करता है और भ्रष्टाचार के खिलाफ भी जंग लड़नी पड़ती है।

सरफिरा, तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक है। ओरिजिनल फिल्म में सुर्या ने लीड रोल निभाया था। सोरारई पोटरु ने अपनी कहानी के लिए नेशनल अवॉर्ड भी जीता था। वहीं, अब इसका हिंदी एडेप्टेशन आ रहा है, जिसका डायरेक्शन सुधा कोंगारा ने किया है। फिल्म में अक्षय कुमार और राधिका मदान के साथ परेश रावल और सीमा बिस्वास ने भी अहम किरदार निभाए है। फिल्म इस साल 12 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी।

# आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी द्वारा विश्व प्रसिद्ध फिटनेस गुरु हनुमान चौहान का रोगियों के लिए दिल्ली में निशुल्क दर्द निवारण शिविर का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (राजू बोहरा)** । आज हर इंसान किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त है और उस बीमारी

**शिविर में पदमश्री से सम्मानित देश के प्रसिद्ध समाजेसवी जितेंद्र सिंह शंटी भी शामिल हुए**

से राहत पाने के वो हर संभव प्रयास भी कर रहा है। ऐसे ही लोगो की मददत के लिए इस दौर में कई एनजीओ भी अपने-अपने तरीके से लोगो की निशुल्क और निस्वार्थ सेवा कर रहे है। ऐसी ही संस्थाओ में एक नाम दिल्ली के जानेमाने एनजीओ 'आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी' का भी शामिल है जो समय-समय पर दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर अलग-अलग तरह से सामाजिक कार्यक्रमों के जरिये आम लोगो की और तिहाड़ जेल के केदियो के लिए मानव सेवा में सम्मलित रहती है। कल संस्था द्वारा अग्रसेन भवन नियर बालाजी मंदिर विवेक विहार में विश्व प्रसिद्ध फिटनेस गुरु हनुमान चौहान जी का रोगियों के लिए
निशुल्क दर्द निवारण शिविर का आयोजन किया गय जिसमे कंधे जाम, गर्दन,पीठ, पैर, एड़ी, मांसपेशियों में अकड़न, कूल्हे का जोड़ साइटिका नसों आदि का इलाज किया गया वो भी बिना किसी दवा के स्पर्श पद्धति से वो भी निशुल्क। इस दर्द निवारण शिविर में पदमश्री से सम्मानित देश के प्रसिद्ध समाजेसवी शहीद भगत सिंह सेवा दल के संस्थापक जितेंद्र सिंह शंटी भी शामिल हुए। इससे एक दिन पूर्व तिहाड़ जेल एक नंबर में एक दिन का निशुल्क दर्द निवारण शिविर जेल स्टाफ और वहा के केदियो के लिए भी लगाया गया जिसमे दोनों ही दिन हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी। इस मौके पर एक नंबर जेल के सुपरिटेंडेंट मनोज शर्मा, डिप्टी सुपरिटेंडेंट सत्यवीर यादव एवं जय सिंह भी मौजूद रहे। दो महीने पहले अप्रैल में भी



संस्था द्वारा तिहाड़ जेल में दो दिवसीय निशुल्क शिविर लगया गया था जिसमे हजारो दिल्ली वासियो का स्पर्श पद्धति से इलाज किया गया था। गौरतलब है की फिटनेस गुरु हनुमान चौहान एक प्रसिद्ध हस्ती है जो स्पर्श पद्धति से लोग का इलाज करते है जिसे अंग्रेजी में हीलिंग टच कहा जाता है। उनके हाथ में गजब की सफा है दो,तीन मिनट में ही मरीज की बंद नसे खुल जाती है। लोगो के नसों की समस्याओ का उपचार हो जाता है वो भी बिना किसी प्रकार की दवाई के। उसके आज पास देश के साथ विदेशो से भी लोग अपना इलाज कराने बड़ी आस्था से आते है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष-आयोजक नरेश बैसला, जरनल सेकेट्री रचना जैन, हरियाणा के हेड वीरभान, उत्तर प्रदेश के हेड मोहम्मद जीशान, पूजा तवारी, प्रमोद सागर, मौजूद थे।

# सपाइयों ने मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन, दीघार्यु की कामना की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर (अशोक पाठक)**। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन सोमवार को समाजवादी पार्टी के नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद नाजिम की निवास पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओ ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाया।साथ ही अखिलेश यादव की दीघार्यु की कामना की। नगर अध्यक्ष आस मोहम्मद गाजी ने कहा कि अखिलेश यादव ने प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते हुए किसान मजदूर व्यापारी युवा वत्रछात्र की सभी वर्गों के विकास के लिए अनेक कार्य किए थे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष आस मोहम्मद गाजी वरिष्ठ नेता रईस अहमद कसार नगर सचिव मोहम्मद सलमान यूथ ब्रिगेड के नगर अध्यक्ष मोहम्मद नईम इरशाद कुरैशी, मोहम्मद शाकिर, मजाहिर अंसारी, अंसार इरफान, आदि कार्यकर्ता रहे।



# रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेनो ने स्कूल बैग,पंखे व इनवेटर किया भेंट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा**। रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा क्लब के नये सत्र के पहले दिन रामकौर





बालिका हाई स्कूल दुजाना में 100 बच्चों को स्कूल बैग व स्कूल में बच्चों की सुविधा के लिए 10 पंखे व 1kva का इनवेटर भेंट किया गया। क्लब अध्यक्ष रो0 शैलेश वार्ष्णेय ने बताया कि क्लब द्वारा स्कूल में पिछले कई वर्षो से बच्चों को बैग भेंट किये जाते रहे है ' इस वर्ष स्कूल प्रबंधक हितेंद्र नागर ने बच्चों की सुविधा के लिये क्लब से कुछ पंखों और इनवर्टर का सहयोग करने का अनुरोध किया था ' जिसे क्लब ने सहर्ष स्वीकार कर उक्त सामान का प्रबंध किया जिसमें रो0 मनोज गर्ग ने पंखों का सहयोग किया इस अवसर पर रो0 शैलेश वार्ष्णेय, रो0 अमित राठी, रो0 के के शर्मा, रो0 विनोद कसाना, रो0 सौरभ बंसल, रो0 प्रीति अग्रवाल, रो0 निखिल गर्ग, रो0 अंकुर गर्ग, रो0 रंजीत सिंह, रो0 अनूप वर्मा व परमा वर्मा मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय सिखैडा का किया निरीक्षण, मिड डे मील की गुणवत्ता को जाना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)**। मदर डेयरी के सीनियर मैनेजर सचिन दीवान तथा जितेंद्र सिंह राणा सोमवार को प्राथमिक विद्यालय सिखेड़ा नंबर 1 में पहुँचे और उन्होंने स्कूल का निरक्षण करते हुए बच्चों से मिड डे मील की गुड़वत्ता को जाना।
आज के मीनू के अनुसार बच्चों को फल तथा मिठाई के रूप में सूजी का हलवा का वितरण किया गया।
सीनियर मैनेजर सचिन दिवान ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय सिखेड़ा नंबर 1 प्रबंधक मदर डेयरी द्वारा गोद लिया हो गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विकास में जो भी आवश्यकता है जैसे किचन



सेट,छात्र-छात्राओं को मध्यान भोजन ग्रहण करने के लिए बेंच तथा कमरों के आगे टीन शैड, प्रोजेक्टर तथा लाइब्रेरी में एलईडी आदि की आवश्यकता है। और इन आवश्यकताओं को जल्द ही पूरा किया जाएगा।
विद्यालय खुलने के प्रथम दिन को उत्सव के रूप में मनाया और इस दौरान विद्यालय को गुब्बारे में फूल बना उसे सजाया गया। विद्यालय की सजावट को देखकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दिखाई दे रही थी। इस अवसर पर निमिषा सिंगल, संगीता पाठक, मंजू रानी, रेनू गौतम, ज्योति रानी आदि समस्त रसोईया उपस्थित रहे।

**यूपी के डिफेंस कॉरिडोर से रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा देश**

# डिफेंस कॉरिडोर: 40 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

**ममदूद वारसी**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ** । रक्षा उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने में यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) अहम भूमिका निभाने जा रहा है। देश के दो डिफेंस कॉरिडोर में से एक यूपी में तेजी से आकार ले रहा है। राज्य में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड आगरा, अलीगढ़, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट और झांसी हैं। योगी सरकार के प्रयासों से इन नोड्स में करीब 25 हजार करोड़ रुपए के निवेश का रास्ता साफ हो गया है, जिससे 40 हजार युवाओं के लिए सीधे-सीधे रोजगार का सृजन होगा। यूपीडा के अधिकारियों के अनुसार यूपीडीआईसी के लिए अबतक 154 एमओयू हो चुके हैं, जिसमें से 129 इंडस्ट्रियल और 25 इंस्टीट्यूशनल हैं। इसके अलावा 87 एमओयू का मूल्यांकन किया जा रहा है। यूपीडा की ओर से अबतक 16 सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है, जिसमें से सात सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि 42 औद्योगिक समूहों को आवंटित हो गई है। इन 42 उद्योग समूहों की ओर से करीब आठ हजार करोड़ रुपए का निवेश हो रहा है, जिससे 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार का अवसर निकट भविष्य में मिलने जा रहा है।

**अलीगढ़ में सर्वाधिक 23 उद्योग समूह को मिल चुकी है जमीन**

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए यूपीडा की ओर से अधिग्रहीत की गई जमीन में से सर्वाधिक भूमि झांसी नोड में मौजूद है, जोकि एक हजार हेक्टेयर से अधिक है। वहीं इसके बाद कानपुर नोड में दो सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि, लखनऊ में

- **लगभग 25 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं लेंगी मूर्त रूप**
- **आगरा, अलीगढ़, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट और झांसी है यूपी डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड**
- **रक्षा क्षेत्र से जुड़ी 42 इंडस्ट्री को हो चुका है भूमि आवंटन**

160 हेक्टेयर से अधिक, चित्रकूट में सौ हेक्टेयर से अधिक और अलीगढ़ नोड में 90 हेक्टेयर से अधिक भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है। आगरा में भू अधिग्रहण का कार्य अभी नहीं हो सका है, यहां भी 90 हेक्टेयर से अधिक भूमि की आवश्यकता है। सभी 6 नोड्स में से अलीगढ़ में सर्वाधिक 23 उद्योग समूहों को भू आवंटन हो चुका है, जबकि 16 पाइप लाइन में हैं। इसके बाद झांसी में 8 को भूमि प्राप्त हो चुकी है, जबकि 22 कंपनियां पाइप लाइन में हैं। इसी प्रकार लखनऊ में 6 कंपनियों को जमीन मिल गई है और 25 पाइप लाइन में हैं। कानपुर नोड में भी 5 कंपनियों को जमीन प्राप्त हो गई है, जबकि 19 पाइप लाइन में हैं। चित्रकूट और आगरा में अभी कंपनियों को भूमि आवंटन नहीं हुआ है। आगरा में 5 कंपनियां पाइपलाइन में हैं।

**ये बड़ी कंपनियां हैं यूपी डिफेंस कॉरिडोर का हिस्सा**

रक्षा उत्पादन के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यूपी के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में देश की दिग्गज कंपनियां निवेश कर चुकी हैं। इसमें लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस और एयरॉली टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, झांसी में भारत डायनेमिक्स, अलीगढ़ में एनकोर रिसर्च लैब्स एलएलपी और एमीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, कानपुर में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और आधुनिक मैटेरियल एंड साइंस प्राइवेट लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। कानपुर में अदाणी समूह और आधुनिक मैटेरियल एंड साइंस तथा अलीगढ़ में एमीटेक की ओर से प्रोडक्शन शुरू भी हो चुका है। इसके अलावा झांसी में ग्लोबल इंजीनियर्स लिमिटेड, फेरेट्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, डब्ल्यू बी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, भारत सरकार की एमएसएमई को भूमि आवंटन हो चुका है।

# गृह मंत्री अमित शाह ने बताए नए आपराधिक कानूनों के फायदे, बोले-दंड नहीं न्याय मिलेगा

**नई दिल्ली**। देश में 3 नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं।



इस संबंध में गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कानूनों के बारे में और विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक कानून का दौर अब खत्म हो गया है, देश में दंड की जगह न्याय मिलेगा और देरी की जगह त्वरित सुनवाई होगी।उन्होंने जनता को बधाई देते हुए कहा कि आजादी के 77 साल बाद आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी तरह से स्वदेशी हो रही है। शाह ने कहा, तीनों नए कानून मध्य रात्रि से काम कर रहे हैं। भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता आ चुकी है। सबसे पहले हमने इसमें संविधान की आत्मा के तहत दफाओं और अध्यायों की प्राथमिकता तय की है। मॉब लिचिंग के लिए कानून में कोई प्रावधान नहीं था, नए कानून में मॉब लिचिंग को समझाया गया। राजद्रोह ऐसा कानून था, जो अंग्रेजों ने अपनी सुरक्षा के लिए बनाया था। इसे हमने खत्म कर दिया।

# वन विभाग के हल्का इंचार्ज की मिलीभगत से लकड़ी माफिया ने काट डालें प्रतिबंधित हरे पेड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)**। उमरारी में लकड़ी माफिया ने हरे पेड़ों पर बिना परमीशन के काट दिया। सूत्रों के अनुसार वन विभाग के दरोगा के इशारे पर प्रतिबंध पेड़ ( आम, बेल और नीम) के 8 वृक्षो को काट दिया गया। लकड़ी माफिया ने फोन के माध्यम से बातचीत में खुलासा करतें हुए कहा कि हल्का इंचार्ज विनोद कुमार की सहमति से हरे पेड़ों को काटा गया है साथ ही वन विभाग के आशू चौधरी वन दरोगा को भी नाम सामने आया है जो की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच गए थे। दोनों ने कार्यवाही करने के वजाय लकड़ी माफिया से सुविधा शुल्क लेकर मामला रफा दफा कर दिया। जबकि मौके पर एक कैंटर में लोडिंग होकर लकड़ी धरमपुर रोड़ से गोबिन्दपुर के काटे पर तोली गयीं जिसे पकड़ लिया गया था परंतु इनके द्वारा 15000 सुविधा शुल्क लेकर बिना कार्यवाई करे छोड़ दिया गया यदि इसी प्रकार वन विभाग के हल्का इंचार्ज लकड़ी माफियाओं से साठगांठ कर लकड़ी कटवाते रहें तो वह दिन दूर नहीं जब जंगल में पेड़ों की प्रजातियां खत्म होने की कगार पर पहुंच जायेगी ऐसे वन विभाग में अधिकारियों के खिलाफ विभागीय अधिकारियों से जांच करके कठोर कार्यवाही होनी चाहिए परंतु ऐसा लगता है उच्चाधिकारी द्वारा यह है मामला भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।



# चैयरमेन के जन्मदिन पर लगाया फ्री मेडिकल कैंप, वृक्षारोपण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)**। सरस्वती ग्रुप ऑफ इस्टीटयूशन में चेयरमैन डॉक्टर जे० रामाचन्द्रन व वाइस चेयरपर्सन राम्या रामाचन्द्रन का जन्मदिन एवं राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
चेयरमैन डॉक्टर जे0 रामाचन्द्रन व वाइस चेयरपर्सन राम्या रामाचन्द्रन के जन्मदिन के अवसर पर केक काटा गया व वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा सुविधाओं से वंचित गरीब व असहाय व्यक्तियों के लिए अस्पताल में फ्री मेडिकल कैम्प भी लगाया गया जिसमें लगभग 1500 मरीजों का मुफ्त उपचार किया गया एवं इसमें विशेष चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई गयी। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर आरके सहगल, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जेके गोयल, डायरेक्टर आर दत्त एवं सचिव एम नटराजन, समस्त चिकित्सकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



**प्रयास**

**2500 सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से लैस होंगे प्रदेश के कई जिले**

# उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में सीएम योगी की मंशा अनुरूप तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना को किया गया क्रियानवित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा व स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रसार को बढ़ाने व आम लोगों में इसके प्रति जागरूकता लाने के भी विभिन्न प्रयास कर रही है। ऐसे में, प्रदेश के विभिन्न जिलों को सौर ऊर्जा चालित सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा अनुसार उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। इस कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने प्रदेश के विभिन्न जिलों को 2500 सोलर मास्ट लाइटिंग से लैस करने के लिए ई-निविदा माध्यम के जरिए एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के पूरा होने पर कार्य प्राप्त करने वाली एजेंसी को 4 माह के भीतर 29.78 करोड़ रुपए की लागत से इन लाइट्स की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग, व कमीशनिंग प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। इन कार्यों को अतिरिक्त, लैंड बैंक मैनेजमेंट पोर्टल व विभिन्न स्कीमों को बढ़ावा देने के लिए आईवीआर तथा डैशबोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम के भी विकास कार्य पर यूपीनेडा फोकस कर रही है।

**5 वर्ष की वारंटी युक्त होगा सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम**

योजना के अनुसार, प्रदेश के विभिन्न जिलों की चयनित साइट्स पर सोलर पीवी ह्वाइट एलइडी लाइट हाई मास्ट लाइट सिस्टम को लगाया जाएगा। ये सौर ऊर्जा चालित मास्ट लाइट्स कई मायनों में विशिष्ट हैं। यह लिथियम फेरो फॉस्फेड बैटरी बेस्ड सिस्टम होगा जो 12.8 वोल्ट कैपेसिटी पर कार्य करेगा और ह्वाइट लाइट होने के बावजूद यह अल्ट्रा वॉयलेट रेज का एमीशन नहीं करेगा। यह 135 ल्यूमेंट प्रतिवाट के हिसाब से प्रकाश उत्पन्न करेगा। यानी, आउटडोर्स में ये लाइटें प्रकाश तो अच्छा उत्पन्न करेंगी ही साथ ही जीरो से लेकर 60 डिग्री तक के तापमान में भी यह आसानी से संचालित हो सकेंगीं। इन लाइटों को लगाने वाली

- **उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने शुरू की प्रक्रिया, 29.78 करोड़ रुपए से कार्यों को किया जाएगा पूरा**
- **यूपीनेडा ने एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया के लिए मांगे आवेदन, कायार्वंटन के बाद 4 महीने में कार्यों को पूरा करने की डेडलाइन निर्धारित**

एजेंसी द्वारा न केवल इनकी गुणवत्ता को सुनिश्चित करेगी बल्कि 5 वर्ष के वारंटी पीरियड के अंतर्गत संचालन व रखरखाव की प्रक्रिया को भी सुनिश्चत करेगी।

**लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास पर हो रहा काम**

यूपीनेडा द्वारा लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास के लिए भी कार्य शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में, यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को जिम्मा सौंपा गया है जो अपने यहां इंपैनल्ड सॉफ्टवेयर डेवलमेंट एजेंसी के जरिए इस कार्य को पूर्ण कराएगी। कार्य के पूरा होने के उपरांत यूपीनेडा की वेबसाइट पर लैंड बैंक पोर्टल के जरिए आउटलाइन एप्लिकेशन मैनेजमेंट, रेगुलर कॉम्पलायंस, डॉक्यूमेंट्स व कॉन्ट्रैक्ट्स एसेसमेंट, टेनेंट व फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे तमाम कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगा। साथ ही, हितधारकों के साथ संवाद कायम करने में भी यह एक अच्छा माध्यम साबित होगा। यह एप्लिकेशन 3 टीयर बेस्ड सिस्टम पर आधारित होगी।

**जेनरेटिव एआई बेस्ड आईवीआर व डैशबोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस होगा यूपीनेडा**

एक ओर, यूपीनेडा द्वारा लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास की प्रक्रिया शुरू की गई है, वहीं दूसरी ओर वह पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत होने वाले कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए जेनरेटिव एआई बेस्ड आईवीआर व डैशबोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम का विकास भी करवा रही है। यूपीनेडा द्वारा इस कार्य का जिम्मा भी यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को ही सौंपा गया है। गौरतलब है कि यूपीनेडा द्वारा पराली को बायो फ्यूल में कन्वर्ट करने के लिए एक ऐसे पोर्टल का विकास किया जा रहा है जहां किसान पराली बेच सकेंगे और यूपीनेडा इस पराली को बायो फ्यूल में कन्वर्ट कर सकेगा। इस पोर्टल के विकास के साथ ही अब जेनरेटिव एआई की मदद से आईवीआर व डैशबोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम का भी विकास किया जा रहा है। यह पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत लाभान्वितों को ट्रैक व मॉनिटर करने में सक्षम होगा।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267